

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी मशाल लेकर चलते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्ष: 09 अंक: 17 पृष्ठ: 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड




# 'प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम मोदी-संघ का फंक्शन'

= इसे चुनावी कलेवर दिया गया: राहुल, बीजेपी बोली- वे ख्याली दुनिया में जी रहे

**दो टूक**

8 हिंदू धर्म के जो लीडर/अथॉरिटी हैं, उन्होंने कहा है कि वो इस राजनीतिक कार्यक्रम में नहीं जा पाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया/कोहिमा**

**भारत** जोड़ो न्याय यात्रा के तीसरे दिन राहुल गांधी नगालैंड की राजधानी कोहिमा पहुंचे। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाला रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का फंक्शन है। इसे पूरी तरह से चुनावी कलेवर दिया गया है। हिंदू धर्म के जो लीडर/अथॉरिटी हैं, उन्होंने कहा है कि वो इस राजनीतिक कार्यक्रम में नहीं जा पाएंगे। इसलिए कांग्रेस अध्यक्ष ने वहां जाने से इनकार किया था। इस पर भाजपा ने कहा कि वे खयाली दुनिया में जी रहे हैं।



## पिछली यात्रा ऐतिहासिक रही: राहुल गांधी

**राहुल** गांधी ने कहा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक चली पिछली यात्रा ऐतिहासिक रही थी। लोगों ने हमसे कहा कि ईस्ट से वेस्ट या वेस्ट से ईस्ट की भी यात्रा होनी चाहिए। इसके बाद ईस्ट से वेस्ट करना तय हुआ। शुरूआत मणिपुर से की है। राहुल बोले- मणिपुर के साथ बहुत अन्याय हुआ। पहली बार हिंदुस्तान के किसी राज्य में महीनों से हिंसा चल रही है। पीएम मोदी और बीजेपी के लोग यहां आए तक नहीं। पीएम ने नगालैंड से किया अपना वादा पूरा नहीं किया है।

## 15 राज्यों की 100 लोकसभा सीटों को कवर करेगी भारत न्याय यात्रा

**भारत** जोड़ो न्याय यात्रा एक दिन के लिए मणिपुर में रहेगी। इसके बाद यह नगालैंड में प्रवेश करेगी और दो दिनों में 257 किमी और 5 जिलों को कवर करेगी और आठ दिनों में असम में 833 किमी और 17 जिलों को कवर करेगी। इसके बाद यात्रा एक-एक दिन के लिए अरुणाचल प्रदेश और मेघालय जाएगी।

रूट मैप के मुताबिक, यात्रा पश्चिम बंगाल में पांच दिनों तक चलेगी, जिसमें 523 किमी और सात जिले शामिल होंगे। बिहार में चार दिन तक 425 किमी और 7 जिलों को कवर किया जाएगा।

## इलेक्शन में एआई का इस्तेमाल नहीं करने देगी कंपनी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**एआई** बेस्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन ओपेनएआई ने कहा है कि एआई का इस्तेमाल भारत में लोकसभा चुनाव कैंपेन के लिए नहीं किया जा सकेगा।

चुनाव निष्पक्ष आधार पर होना जरूरी है। ओपेनएआई ने सोमवार को कहा कि वह कुछ ऐसे टूल लाएगी, जिससे डीपफेक वीडियोज, फोटोज और फेक न्यूज को रोका जा सके। चैटबॉट ने सूचना कहां से ली है, इसके लिए वो लिंक्स भी अटैच करेगी। कंटेट को इस्तेमाल करने के लिए कंपनी, फॉक्स न्यूज, टाइम और ब्लूमबर्ग समेत कई मीडिया संस्थानों के साथ बातचीत कर रही है।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि: सर्वे पर लगी रोक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट ने** मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद के संबंध में एक बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मस्जिद का सर्वेक्षण करने के लिए आयुक्त ( कोर्ट कमिश्नर ) नियुक्त करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। हालांकि, कोर्ट ने कहा है कि अदालत मामले की सुनवाई जारी रखे। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी की तरफ से दायर की गई एक विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट के 14 दिसंबर के आदेश पर रोक लगा दी।

**मस्जिद कमेटी के वकील के इस तर्क पर सुप्रीम कोर्ट ने दिया**



**अंतरिम आदेश:** गौरतलब है कि अपने आदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक एडवोकेट कमिश्नर (कोर्ट कमिश्नर) नियुक्त करने का आदेश दिया था। इस एडवोकेट कमिश्नर को मस्जिद परिसर का सर्वे करना था।

मस्जिद कमेटी की तरफ से वकील तसनीम अहमदी सुप्रीम कोर्ट में पेश हुईं। वकील ने तर्क दिया कि जब पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के तहत मथुरा मामले को खारिज करने की याचिका अभी तक लंबित है, ऐसे में हाईकोर्ट सर्वे का आदेश नहीं दे सकता। इस पर सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने तर्क को सही माना और हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने का अंतरिम आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू पक्ष को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है।

**सुप्रीम आदेश**

8 कोर्ट ने मस्जिद का सर्वेक्षण करने के लिए आयुक्त नियुक्त करने के हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी

## माल्या-नीरव मोदी-संजय भंडारी को लंदन से लाने की तैयारी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

भारत सरकार के भगोड़े अपराधियों को लंदन से लाने की तैयारी कर रही है। इसमें बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस के मालिक विजय माल्या, हीरा व्यवसायी नीरव मोदी और आर्म्स डीलर संजय भंडारी शामिल हैं।

इन्हें लाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम लंदन जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, विदेश मंत्रालय के सीनियर अफसरों की टीम और ब्रिटेन स्थित भारतीय हाईकमीशन के बीच लंदन में मीटिंग शेड्यूल्ड है। इस मीटिंग में ब्रिटेन के अफसर भी शामिल होंगे। इसमें भारत के अधिकारी ये जानकारी जुटाएंगे कि इन भगोड़े अपराधियों ने लंदन और अन्य देशों में कौन सी प्रॉपर्टीज में पैसा लगाया और कहां-कहां ट्रांजैक्शन किया।



# कृषि विपणन बोर्ड पुरानी या अनुपयोगी संपत्तियों का करेगा मुद्रीकरण

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ली बोर्ड की बैठक, मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, बोर्ड द्वारा ऐसी संपत्तियों की सूची पोर्टल पर की जाए अपलोड

**निर्देश**

**8 बोर्ड के पास 35 स्थानों पर अनुपयोगी प्लॉट या संपत्तियां जैसे पुराने कार्यालय भवन व स्टाफ क्वार्टर हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की पुरानी या ऐसी संपत्तियां, जो वर्तमान में उपयोग में नहीं लाई जा रही हैं, उनके मुद्रीकरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस कदम से एक ओर बोर्ड की आय में वृद्धि होगी तो वहीं प्राप्त राजस्व से मंडियों के आधारभूत ढांचा को और मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज यहां वर्तमान में अनुपयोगी तथा खाली पड़े प्लॉट की निलामी के संबंध में बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में जानकारी दी गई कि बोर्ड के पास 35 स्थानों पर अनुपयोगी प्लॉट या संपत्तियां जैसे पुराने कार्यालय भवन व स्टाफ क्वार्टर हैं, जिन्हें जिन्हें निलाम किया जाना है। मनोहर लाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कई शहरों में अब मंडियां शहरों से बाहर शिफ्ट हो चुकी हैं, इस कारण बोर्ड की पुरानी व ऐसी अन्य संपत्तियों का एक पोर्टल बना कर उनकी जानकारी अपलोड की जाए। इसके बाद उनकी नीलामी की जाएगी। इससे इन संपत्तियों का उचित उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा और बोर्ड को भी अतिरिक्त आय प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि इन संपत्तियों की नीलामी हेतु आरक्षित मूल्य वाजिब रखा जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग नीलामी में भाग ले सकें।



### मुख्य सचिव संकल्पों को सभी विभाग तत्परता से करें क्रियान्वित: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी विभागों से कल्याणकारी योजनाओं तक निर्बाध पहुंच और सेवा वितरण में उत्कृष्टता के लिए मुख्य सचिवों के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान स्थापित किये गए सभी प्रस्तावों को अक्षरशः लागू करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज तीसरे मुख्य सचिवों सम्मेलन के दौरान विभिन्न विषयों, विचार-विमर्श और लिए गए निर्णयों पर प्रस्तुतिकरण के संबंध में आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार के सभी विभाग जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को एकीकृत करने और अपने डोमेन के भीतर विकासात्मक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए नए विचार लाएं ताकि हरियाणा भी केंद्र सरकार के साथ अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा कर सके। हालांकि कई क्षेत्रों में हरियाणा की बेस्ट प्रैक्टिसेज का अनुसरण किया जा रहा है, लेकिन फिर भी सुधार की गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि हम निरंतर वृद्धि के लिए प्रयास करें और निर्धारित समय से पहले ही दिए गए लक्ष्यों को पार कर लें। बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की नीतियों से संबंधित सभी पहलुओं पर एक अधिक व्यापक प्रणाली का प्रस्ताव करते हुए मौजूदा व्यवस्था का विकल्प तलाशने का भी सुझाव दिया। बैठक के दौरान मुख्य सचिव संजीव कौशल ने मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप दिसंबर 2023 में दिल्ली में आयोजित मुख्य सचिवों के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में कल्याणकारी योजनाओं तक आसान पहुंच को प्राथमिकता देते हुए सेवा वितरण गुणवत्ता पर भी फोकस किया गया। सम्मेलन में भूमि एवं संपत्ति, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य और स्कूली शिक्षा सहित पांच मुख्य विषयों पर चर्चा की गई।

### आगामी 6 माह में लगभग साढ़े 500 करोड़ रुपये राजस्व जुटाने का लक्ष्य

**बैठक** में बताया गया कि बोर्ड के पास कुल 37,364 प्लॉट हैं, जिनमें से 23,206 प्लॉट निलामी या आवंटित किए जा चुके हैं। अभी 14,158 प्लॉट खाली पड़े हैं, जिनकी बोर्ड ने आगामी 6 माह के लिए निलामी की रूपरेखा तैयार की है। इसके अनुसार सोनीपत, कनीना अंबाला कैंट, रेवाड़ी (बिथवाना व बावल), असंध, होडल, टोहाना, राजौंद, उचाना, बेरी, सेब मंडी पिंजौर, खेड़ी चोपटा, खाण्डा खेड़ी, छात्तर, अरनौली, भागल, बाबा लाडला, मुरथल, झांसा, ढोल, छिछराना, निजामपुर इत्यादि की नई सब्जी मंडी व अनाज मंडियों में प्लॉट की निलामी की जाएगी, जिससे लगभग 150 करोड़ रुपये का राजस्व आने की संभावना है। इसके अलावा, मार्केट कमेटियों की अनुपयोगी संपत्तियों की बिक्री से 50 करोड़ रुपये, विभिन्न स्थानों पर पेट्रोल पंप स्थल की बिक्री से लगभग 30 करोड़, वर्तमान मंडियों में शेष प्लॉटों की बिक्री से लगभग 300 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने की योजना है।

बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, मुख्यमंत्री की अतिरिक्त प्रधान सचिव श्रीमती आशिमा बराड़, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक मुकेश कुमार आहुजा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# योजनाओं को गरीबों के घरों तक पहुंचा रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

केन्द्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद एवं गरीब पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा अहम साबित हो रही है। इसी कड़ी में मोदी की गांरटी वाली गाड़ी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक लेकर पहुंच रही है। इसलिए विकसित भारत संकल्प यात्रा गरीब लोगों के लिए संजीवनी का काम कर रही है। सरकार का लक्ष्य योजनाओं का लाभ हकदार व्यक्ति को सबसे पहले मिले। इस यात्रा हर रोज लोगों की भागीदारी बढ़ती जा रही है। हरियाणा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में 47 लाख 24 हजार से अधिक लोग भागीदारी कर चुके है। इस दौरान 8 लाख 33 हजार से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच, 8 लाख 95 हजार से अधिक लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड प्रदान किए गए है। ग्रामीणों को इस बात की खुशी है कि उनके प्रतिभावान युवाओं को उन्हीं के बीच में सम्मान दिया जा रहा है। यात्रा के दौरान 36966 महिलाओं, 48012 विद्यार्थियों, 7101 खिलाड़ियों और 6731 कलाकारो को सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना का लाभ के लिए 28 हजार से अधिक लोगों व मेरा भारत वालंटियर के तहत 1 लाख 38 हजार से अधिक लोगों ने पंजीकरण करवाया है।

**पंजीकरण**

**8 मेरा भारत वालंटियर के तहत 1 लाख 38 हजार से अधिक लोगों ने पंजीकरण करवाया है**

## तत्परता से मालिकाना हक दिया जाए: मुख्य सचिव

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि 20 साल से सरकारी विभागों, बोर्डों, नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिका की भूमि पर बनी दुकानों व मकानों पर काबिज लोगों को मुख्यमंत्री शहरी निकाय स्वामित्व योजना के तहत मालिकाना हक प्रदान करने के आवेदनों पर तत्परता से कार्य करें। बैठक में मुख्य सचिव को अवगत कराया गया कि योजना के तहत हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्टेट नोडल अधिकारी पद नामित किए जा चुके हैं।

# 'नागपुर की तर्ज पर बनेगा इंटर स्टेट फायर ट्रेनिंग सेंटर'



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए नागपुर की तर्ज पर प्रदेश में इंटर स्टेट फायर ट्रेनिंग सेंटर बनाया जाएगा। जींद जिले में बनने वाले इस ट्रेनिंग सेंटर के लिए 25 एकड़ भूमि का चयन किया जा चुका है। अगले माह तक इसकी नींव रख दी जाएगी। इसी के साथ प्रत्येक शहर में फायर ट्रेनिंग सेंटर बनाने की योजना पर भी विचार किया जा रहा है। ये विचार प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री ने मंगलवार को गुरुग्राम जिला के मानेसर स्थित अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं प्रशिक्षण केंद्र का दौरा करने के बाद व्यक्त किये। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकालीन सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है। देश के महानगरों की तर्ज पर प्रदेश में भी आपातकालीन सेवाओं को बेहतर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जींद में बनने वाले इंटर स्टेट फायर ट्रेनिंग सेंटर का लाभ हरियाणा प्रदेश के साथ लगते अन्य प्रदेशों के युवाओं को भी होगा। उन्होंने कहा कि अग्निशमन विभाग के पास अधिकतम 40 मीटर ऊंचाई के दो हाइड्रोलिक प्लेटफार्म गुरुग्राम और पंचकुला अग्निशमन विभाग के पास है। प्रदेश के बड़े जिलों में बहुत सी इमारतों की ऊंचाई ज्यादा है। ऐसे में सरकार ने 90 मीटर हाइड्रोलिक प्लेटफार्म की खरीद की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जल्द ही इसकी खरीद भी कर ली जाएगी।

**रखी जाएगी नींव**

**8 जल्द ही अग्निशमन विभाग के पास होगा अपना 90 मीटर हाइड्रोलिक प्लेटफार्म**

अग्निशमन विभाग को सीएसआर के तहत मोटर साइकिल दिलाई जाएंगी। इन मोटर साइकिलों की मदद से छोटी और तंग गलियों में आगजनी पर समय रहते काबू पाया जा सकेगा। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद कर्मचारियों के साथ संवाद भी किया। कर्मचारियों ने सेक्टर-8 स्थित प्रशिक्षण केंद्र में व्यायामशाला खुलवाने की मांग रखी। उपमुख्यमंत्री ने सहर्ष मांग को स्वीकारते हुए कर्मचारियों के लिए जिम खुलवाने की घोषणा की।

## 15 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि निवारण कार्यक्रम लागू किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/अंकुश जैन**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), हरियाणा के निदेशक डॉ. आदित्य दहिया की अध्यक्षता में आज पंचकूला में राज्य अभिसरण समिति की बैठक आयोजित की गई। भारत सरकार (जीओआई) और एनएचएम, हरियाणा आगामी 15वें डीवॉर्मिंग राउंड को संस्थान आधारित निश्चित दिन के दृष्टिकोण से लागू करने के लिए तैयार है, जहां एनडीडी को 15 फरवरी, 2024 को लागू किया जाएगा और उसके बाद 20 फरवरी, 2024 को मोप-अप दिवस मनाया जाएगा। मिशन के प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 1-2 वर्ष के बच्चों के लिए एल्बेडाजोल टैबलेट की खुराक आधा टैबलेट, 3-19 वर्ष के बच्चों के लिए एक टैबलेट, प्रजनन आयु वर्ग (20-24 वर्ष) वाली महिलाओं (गैर-गर्भवती और गैर-स्तनपान कराने वाली महिलाओं ) के लिए एक टैबलेट है।

डॉ. आदित्य ने पर कहा कि सुरक्षित और लाभकारी एल्बेंडाजोल टैबलेट से कृमि मुक्ति, आंतों के कृमि संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए एक साक्ष्य-आधारित, विश्व स्तर पर स्वीकृत और प्रभावी समाधान है।

# 'सभी मिलकर 2047 तक भारत को बनाएंगे विकसित'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**महिला** एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने के लिए हम सभी मिलकर 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाएंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार व राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों के बारे में जागरूकता पैदा करना और उनकी शत-प्रतिशत परिपूर्णता सुनिश्चित करना है। हरियाणा की महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा मंगलवार को जिला कैथल के राजौंद एवं हरसौला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शिरकत करने उपरांत आम जन को संबोधित कर रही थी।



उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रत्येक व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए लगातार मुहिम चलाए हुए है। सरकार का एक ही उद्देश्य है लाइन में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का निरीक्षण किया और नागरिकों को 2047 तक विकसित भारत बनाने में अपना योगदान देने की शपथ भी दिलाई। राज्य मंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में देश व प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा के दौरान सरकारी योजनाओं से वंचित नागरिकों को लाभ दिया जा रहा है। विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा प्रदेश भर में लोगों को एक ही छत के नीचे उनकी समस्याओं का समाधान कर रही है।

**लाभार्थी**

**8 सरकार का एक ही उद्देश्य लाइन में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है सरकारी योजनाओं का लाभ**

# साढ़े छह हजार जवानों की कार्रवाई में पौने सात सौ आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा के** गृहमंत्री अनिल विज के दिशा-निर्देश पर पुलिस ने पूरे प्रदेश में बदमाशों, आपराधिक तत्वों व नशा तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए ऑपरेशन आक्रमण-7 चलाया। इसके तहत प्रदेश भर में 6582 पुलिसकर्मियों की 1355 टीमों द्वारा एक साथ मेगा छापेमारी की गई, जिसमें विभिन्न धाराओं के तहत 490 मुकदमे दर्ज कर 683 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी-डीसीपी के नेतृत्व में 6582 पुलिस जवानों की 1355 टीमों ने रविवार को छापेमारी की।

पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के अनुसार पुलिस द्वारा अवैध हथियारों, नशीले पदार्थों और अवैध शराब की तस्करी सहित राज्य में आपराधिक गतिविधियों पर सटीक जानकारी एकत्र की जा रही है। एसपी व डीसीपी के नेतृत्व में 6582 पुलिस जवानों की 1355 टीमों ने अपराध और अपराधियों पर रविवार सुबह रेड शुरू कर दी थी, जो कि देर रात तक चली। अलग-अलग स्थानों पर एक साथ छापेमारी करते हुए अपराधियों को निशाना बनाने के बेहतर परिणाम सामने आए। इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत 22 एफआईआर दर्ज की गई। प्रदेश में नौ पिस्टल, दो रिवाल्वर, नौ देसी कट्टे, पांच कंट्री मेड पिस्टल और 31 कारतूस बरामद किए गए। इन आपराधिक मामलों में सात लोगों की गिरफ्तारी की गई। पुलिस ने तीन किलो 504 ग्राम गांजा, 18.75 ग्राम हेरोइन, 20 ग्राम स्मैक, 705 ग्राम चरस बरामद किए। इसके साथ ही 600 प्रतिबंधित नशीली गोलियां,कैप्सूल,इंजेक्शन भी बरामद किए। इन अपराधों में पुलिस ने प्रदेश भर में नौ आरोपितों की गिरफ्तारी की है। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि अभियान के दौरान टीमों ने कुख्यात अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए 10 ईनामी बदमाश, एक अति वांछित बदमाश को काबू किया। साथ ही, पुलिस द्वारा एक साइबर अपराधी, 53 उद्घोषित अपराधियों और 66 बेल जंपर्स को पकड़ने में कामयाबी हासिल की। पकडे. गए यह बदमाश कई मामलों में वांछित थे और गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहे थे। विशेष अभियान के दौरान विभिन्न मामलों में शामिल 118 अन्य आरोपितों को भी काबू कर उनके कब्जे से एक मोबाइल फोन, 18 वाहन बरामद किए गए। विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने 155 बोतल अंग्रेजी शराब, 3780 बोतल देसी शराब, 126 बोतल बीयर, 298 लीटर अवैध शराब, 970 वैध शराब और 1282 लीटर लाहन जब्त कर शराब तस्करों पर नकेल कसने में कामयाबी हासिल की।जुआ अधिनियम के तहत गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने 2 लाख 80 हजार 254 रुपये की नकदी बरामद की।

**कार्रवाई**

**8 बदमाशों, आपराधिक तत्वों व नशा तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए ऑपरेशन आक्रमण-7 चलाया**

## डीएलएड प्रवेश वर्ष 2019 व 2020 के छात्र-अध्यापकों को दिया मर्सी चांस: बोर्ड अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा डीएलएड प्रवेश वर्ष 2019 व 2020 के छात्र-अध्यापकों को फरवरी-2024 में संचालित होने वाली परीक्षा हेतु मर्सी चांस दिया गया है। ऐसे छात्र-अध्यापक 10 फरवरी, 2024 तक ऑफलाईन आवेदन कर सकते हैं। इस जानकारी देते हुए बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि डीएलएड प्रवेश वर्ष 2019 व 2020 के छात्र-अध्यापक, जिन्होंने डीएलएड दो वर्षीय कोर्स में दाखिला लिया था और उनका परीक्षा परिणाम प्रथम/द्वितीय वर्ष की परीक्षा में एक या एक से अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण होने के कारण नॉट-फिट-फॉर डिप्लोमा रहा अर्थात डिप्लोमा पूर्ण नहीं हुआ है।

# 'भव्य होगा इस बार का सूरजकुंड क्राफ्ट मेला'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव एमडी सिन्हा ने बताया कि इस बार का 37वां अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला पिछले वर्षों के मुकाबले और भी ज्यादा भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। ऐसे में मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन व सरकार द्वारा सभी तैयारियां और अधिक बेहतरीन ढंग से की जा रही हैं। सिन्हा आज मंगलवार को फरीदाबाद के सूरजकुंड परिसर स्थित होटल राजहंस में 2 फरवरी से शुरू होने वाले 37वें अंतरराष्ट्रीय क्राप्ट मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की मीटिंग को संबोधित कर रहे थे।

सिन्हा ने कहा कि 2 फरवरी को मेले का आधिकारिक उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया जाएगा वहीं 3 तारीख को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड मेले में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार मेले में 40 देश शामिल होंगे तथा कई देशों के राजदूत भी विभिन्न अवसरों पर मेले में शिरकत करेंगे। सिन्हा ने बताया कि इस बार के मेले में अधिक विदेशी कलाकार एवं मेहमान आएंगे। उन्होंने बताया कि मेले में एक हजार से ज्यादा स्टाल तैयार किए गए हैं ऐसे में इतने ही क्राफ्ट्समैन इस मेले में शिरकत करेंगे। पुलिस विभाग मेले की सुरक्षा को लेकर अलग से सुरक्षा प्लान तैयार करेगा। इस दौरान मेले में सुरक्षा के लिए 100 अतिरिक्त कैमरे लगाए जाएंगे जिससे इनकी संख्या बढ़कर 350 हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मेले में आम जनता के लिए तीन गेट रहेंगे। वहीं एक गेट वीवीआईपी, वीआईपी व एक गेट मीडिया इंट्री के लिए रहेगा। प्रत्येक गेट पर पूरी तरह से सुरक्षा जांच की व्यवस्था की जाएगी। वहीं प्रत्येक टिकट पर बार कोडिंग की व्यवस्था होगी।

**उद्घाटन**

**8 राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी मेले का उद्घाटन, 3 फरवरी को उपराष्ट्रपति करेंगे मेले में शिरकत, 40 देशों**

# पुलिस महानिदेशक ने पुस्तक मेले में की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में 'आसमान छूती बेटियां -म्हारी लाडो' विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में उन्होंने महिला सशक्तिकरण को लेकर हरियाणा पुलिस द्वारा किए जा रहे तीन मुख्य कार्यों के बारे में विस्तार से बताया और सशक्त समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए पुलिस महानिदेशक ने कहा कि महिलाओं को प्रदेश में सुरक्षित वातावरण देने के लिए हरियाणा पुलिस तीन मुख्य बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए कार्य कर रही है । पहला छेड़छाड़ वाले हॉटस्पॉट क्षेत्रो को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाना, दूसरा पब्लिक ट्रांसपोर्ट जैसे ऑटो, कैब तथा टैक्सी आदि का डेटाबेस तैयार करते हुए उनमें यूनिक स्टीकर चस्पा करना तथा तीसरा ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से महिलाओं की यात्रा को सुरक्षित बनाना। उन्होंने बताया कि हरियाणा पुलिस में वर्तमान में 5750 महिला पुलिसकर्मी तैनात है और इनके माध्यम से यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि महिलाओं को किन-किन स्थानों पर असुरक्षित महसूस होता है । ऐसे स्थानों की पहचान करते हुए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाती है और महिला पुलिसकर्मियों को साधारण वेशभूषा में तैनात किया जाता है ताकि मनचले युवकों को सबक सिखाया जा सके। इसके अलावा, हरियाणा पुलिस द्वारा हर जिले में चार-पांच महिला पुलिसकर्मियों को गुरुग्राम में विशेष प्रशिक्षण दिलवाया गया है ताकि महिलाओं में बेहतर कम्युनिकेशन स्किल्स विकसित किए जा सके और शिक्षण संस्थानों तथा वर्क प्लेस पर काम करने वाली महिलाओ से संपर्क करते हुए प्रॉब्लम एरियाज के बारे में जानकारी प्राप्त कर सके।

**सशक्त समाज**

**8 महिला सुरक्षा को लेकर हरियाणा पुलिस द्वारा तीन मुख्य बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए किया जा रहा है**

# देश में स्टार्टअप के लिए हरियाणा सबसे पसंदीदा राज्य: राज्यपाल

### राज्यपाल ने राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर गुरुग्राम में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा के** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को आत्मनिर्भर व श्रेष्ट बनाने का जो संकल्प लिया है, उसमें स्टार्टअप इंडिया जैसी योजना मुख्य आधार है। आज देश में स्टार्टअप के लिए हरियाणा सबसे पसंदीदा राज्य है। उन्होंने कहा कि यह हरियाणा सरकार की नीतियों का ही प्रभाव है कि आज प्रदेश में आईटी, कृषि, वित्त, हार्डवेयर, ऑटोमोटिव, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में 6 हजार से अधिक स्टार्टअप हुए है, जिनमें 45 प्रतिशत से अधिक महिला नेतृत्व वाले स्टार्टअप्स हैं। राज्यपाल मंगलवार को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के



अवसर पर हरियाणा के उद्योग और वाणिज्य विभाग द्वारा गुरुग्राम में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि भारत वैश्विक स्टार्टअप इकोसिस्टम और यूनिकार्न की संख्या के मामले में दुनियाभर में तीसरे स्थान पर है। ऐसे में नवाचार के क्षेत्र में हमारे देश की युवा शक्ति की प्रगति को देखते हुए वह दिन दूर नही जब हमारा भारत वैश्विक स्तर पर इस क्षेत्र का सिरमौर बनेगा, जिसमें हरियाणा राज्य का भी विशेष योगदान रहेगा।

राज्यपाल ने हरियाण सरकार द्वारा स्टार्टअप को प्रमोट करने के लिए दी जा रही सेवाओं व सुविधाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क में सौ प्रतिशत रीइंबर्समेंट, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में सौ प्रतिशत रियायत सहित एमसीडी टैक्स व इलेक्ट्रिसिटी चार्ज में भी आवश्यक छूट दी गयी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में स्टार्टअप को एक बेहतर माहौल उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2022 में बनी स्टार्टअप पालिसी से निश्चित रूप से प्रोत्साहन मिलने वाला है। उन्होंने बताया कि पॉलिसी में लीज सब्सिडी का भी प्रावधान किया गया है जिसमें लीज रेंटल का 30 प्रतिशत सब्सिडी (महिलाओं के लिए यह 45 प्रतिशत) रखी गई है। पेटेंट रीइंबर्समेंट में 25 लाख रुपए तक 100 प्रतिशत, स्टेट जीएसटी रीइंबर्समेंट में 7 साल के लिए 50 प्रतिशत, एक्सीलेटर प्रोग्राम में भागीदारी के लिए ढाई लाख राष्ट्रीय स्तर पर व पांच लाख अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिया जाता है।

**आधार**

**8 प्रधानमंत्री ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने का जो संकल्प लिया है, उसमें स्टार्टअप इंडिया जैसी योजना मुख्य आधार है**

# जरुरतमंदों को अन्न, आवास देने में अग्रणी होकर कार्य किया है चिंरजीपुरी महाराज ने: गुप्ता

## विस अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने त्यागमूर्ति स्वामी चिंरजीपुरी महाराज के 93वें जन्मदिवस पर गरीबों को वितरित किए कंबल

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि त्यागमूर्ति स्वामी चिरंजीपुरी महाराज ने हमेशा जरुरतमंदों को अन्न, आवास और चिकित्सा जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाने में हमेशा अग्रणी होकर कार्य किया है। यह महान व्यक्ति भविष्य में भी समाज की सेवा में अग्रणी पंक्ति में रहकर कार्य करते रहेंगे। इस प्रकार के त्यागी महापुरुषों से समाज के लोगों को प्रेरणा मिलती है। इस प्रकार के समाज सेवा कार्यों में वे हमेशा हर संभव सहयोग करने के लिए तत्पर रहेंगे।विस अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता मंगलवार को श्री ब्रह्मपुरी अन्नक्षेत्र आश्रम ट्रस्ट में त्यागमूर्ति स्वामी चिरंजीपुरी महाराज के 93वें जन्मदिवस कार्यक्रम में पहुंचे।



इससे पहले विस अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने त्यागमूर्ति स्वामी चिरंजीपुरी महाराज को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान जरुरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए और स्वामी चिंरजीपुरी महाराज के जीवन पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म का विमोचन भी किया। इस डाक्यूमेंट्री फिल्म का निर्माण करने में ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश गोयल, प्रेरणा वृद्धाश्रम के अध्यक्ष जय भगवान सिंगला, प्रोड्यूसर केशव ने अहम भूमिका अदा की है। इस डाक्यूमेंट्री फिल्म को देखने के बाद सभी दर्शकों ने खूब सराहना की है। इस कार्यक्रम में विस अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने ट्रस्ट की तरफ से खरीदी गई ढाई एकड़ भूमि पर जरूरतमंद लोगों के बेहतर इलाज के लिए बनाए जाने वाले अस्पताल के लिए 31 लाख रुपए देने की घोषणा की है।विस अध्यक्ष ने परमात्मा से

**समाजसेवा**

> 8 यह महान व्यक्ति भविष्य में भी समाज की सेवा में अग्रणी पंक्ति में रहकर कार्य करते रहेंगे

स्वामी चिंरजीपुरी महाराज की लंबी आयु की कामना करते हुए कहा कि स्वामी चिंरजीपुरी महाराज ने अपना पूरा जीवन जरूरतमंद गरीबों और पीड़ितों की अन्न, चिकित्सा और आवास जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर लगा दिया। इस दौरान स्वामी जी ने ट्रस्ट का निर्माण करने का बड़ा यज्ञ शुरू किया। इस यज्ञ में सभी नागरिकों को पूरे मन के साथ आहुति डालनी चाहिए।

# बसंत पंचमी पर होगी विशाल मां सरस्वती पूजा एवं भंडारा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
श्री सनातन पूजा समिति अंबाला शहर के तत्वाधान में शिव मंदिर मानव धर्मशाला बादशाही बाग मानव चौक स्थित 14 फरवरी बसंत पंचमी के दिन विशाल मां सरस्वती पूजा एवं 15 फरवरी को अटूट भंडारा एवं मां सरस्वती प्रतिमा विसर्जन उपरांत कार्यक्रम संपन्न किया जाएगा जिसको लेकर निमंत्रण पत्र वितरण हेतु शुभारंभ शिव मंदिर मानव धर्मशाला में वार्ड नंबर-14 पार्षद गुरप्रीत सिंह शाना के कर कमलों द्वारा भगवान भोलेनाथ के श्री चरणों में पंडित रविंद्र नाथ तिवारी के द्वारा मंत्रो उच्चारण पूजा आराधना करने के उपरांत प्रथम निमंत्रण पत्र शोप गया । आज इस शुभ अवसर पर कार्यकारिणी के नए सदस्य मनीष सिंह जी बने संगठन आपको हृदय से आभार प्रकट करता है एवं आपके उज्जवल भविष्य का कामना करता है । आज के



कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य गण और स्थाई लोग उपस्थित थे। प्रधान रामप्रसाद तिवारी जी द्वारा लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह धार्मिक संगठन है निरंतर धार्मिक कार्यक्रम इस संगठन के माध्यम से किया जाता है जिसमें सभी क्षेत्रवासी एवं दूरदराज से जुड़े हुए लोगो का भरपूर योगदान इस संगठन को प्राप्त होता है अग्रिम मां सरस्वती पूजा भी आप सबके सहयोग से भव्य रूप से संपन्न हो। मां सरस्वती की असीम कृपा सभी पर बनी रहे संगठन द्वारा निरंतर इसी तरह धार्मिक कार्यक्रम होता रहे । इस शुभ अवसर पर उपस्थित राम प्रसाद तिवारी प्रधान, रविंद्र नाथ मौर्या उप प्रधान, तीर्थराज शुक्ला कोषाध्यक्ष, सुनील झा सचिव, कुलदीप जांगिर उपसचिव, अंकित सविता सह सचिव, गुलजारी प्रसाद , दिवाकर पांडे , पंडित रविंद्र नाथ तिवारी जी, राकेश मिश्रा जी, मनीष सिंह जी ,मनोज शर्मा जी, नरेंद्र शर्मा जी, पाल आंटी , रमा बंसल, रंजना चौधरी और मंदिर के पुजारी पंडित जी आदि लोग उपस्थित थे । श्री सनातन पूजा समिति के तरफ से सभी देशवासियों को आगामी बसंत पंचमी एवं सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं।

# गांव ढींढार व नामुंडा में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिंह )** भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के सह संयोजक सुभाष कुहाड़ बुधवार को गांव ढिंढार और गांव नामुंडा में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे तथा उन्होंने आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलवाई। सुभाष कुहाड़ ने गांव नामुंडा में कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है तथा हरियाणा में विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे प्रदेश के लगभग 6200 गांवों के साथ-साथ शहरों के वार्डों को भी कवर करेगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ जनसंवाद कार्यक्रम को भी जोड़ा गया है। जिससे कि लोगों के साथ सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को जानकर उनका निवारण करवाया जा रहा है

इस मौके पर उन्होंने स्टॉलों का

**शपथ**

> 8 आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलवाई

अवलोकन भी किया और स्टालों के माध्यम से सरकार की योजनाओं बारे आमजन को जानकारी दी जा रही थी उस बारे उपस्थित कर्मचारियों को कहा कि जो भी पात्र व्यक्ति यहां पर आ रहा है

उसे योजनाओं बारे सम्पूर्ण जानकारी देकर उसका मार्गदर्शन करते हुए उसे योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए सहायता करें। इसके साथ-साथ यदि किसी की परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान कार्ड, वृद्ध सम्मान भत्ता या अन्य जो भी उसकी कोई समस्या है उसका निवारण करने का काम भी करें।

# नगर कीर्तन का शहर में हुआ भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव पर गुरुद्वारा बादशाही बाग से नगर कीर्तन निकाला गया। सुबह समस्त गुरुद्वारा साहिब से निकाली जाने वाली प्रभात फेरियां गुरुद्वारा बादशाही बाग साहिब पहुंची। जिसके बाद नगर कीर्तन की तैयारी आरंभ हुई। शहर के सभी गुरुद्वारा साहिब से स्त्री सत्संग सेवा सोसायटी और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य गुरुद्वारा साहिब में एकत्रित हुए।

जिसके बाद अरदास हुई और उसके बाद पंज प्यारों की अगुवाई में हर साल की तरह नगर कीर्तन आरंभ हुआ। गुरुद्वारा बादशाही



बाग से आरंभ हुए नगर कीर्तन का शहर में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विशेष तौर पर पालकी साहिब को फूलों से सजाया गया। नगर कीर्तन में गतका पार्टियों ने जौहर दिखाए। नगर कीर्तन गुरुद्वारा बादशाही बाग से होता हुआ मानव चौक, अनाज मंडी चौक, अग्रसेन चौक, बस स्टैंड रोड से होता हुआ अंबाला शहर के विभिन्न बाजारों से गुजरा। नगर कीर्तन में संगत गाड़ियों, ट्रैक्टर ट्रालियों पर केसरी दुपट्टे और केसरी पगड़िया पहन कर

**गायन**

> 8 स्कूली बच्चों ने भी नगर कीर्तन में भाग लिया और गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन संबंधी शब्दों का गायन किया

पहुंची। वहीं स्कूली बच्चों ने भी नगर कीर्तन में भाग लिया और गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन संबंधी शब्दों का गायन किया। नगर कीर्तन के स्वागत के लिए जगह-जगह लंगर लगाए गए। नगर कीर्तन शहर के मुख्य बाजारों से होकर देर शाम गुरुद्वारा मंजी साहिब पहुंचेगा।

# डिपो संचालकों की हड़ताल से जनता में भारी रोष

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पिछले कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर डिपो संचालक हड़ताल पर चल रहे हैं। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी राशन न मिलने के कारण जनता में भारी रोष है। वहीं लोगों का कहना है कि सरकार को चाहिए कि डिपो संचालकों की हड़ताल का समाधान जल्द से जल्द करे। क्योंकि इसका सीधा असर उन पर पड़ रहा है। विभिन्न मांगो को लेकर आज भी सरकारी अनाज की दुकानें बंद रही। डिपों संचालकों ने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगो की ओर कोई कार्रवाई नहीं करती तब तक वे अपनी हड़ताल जारी रखेंगे। आज भी सरकारी राशन के डिपों पर राशन लेने के लिए सैंकड़ों लोग पहुंच रहे थे। लेकिन जब उन्हे यह पता चला कि डिपो संचालक हड़ताल पर है तो लोगों को मायूस होकर वापिस लौटना पड़ा। स्थानीय लोगो ने बताया कि प्रत्येक माह वह डिपो पर आकर गेहूं, चीनी, तेल, बाजरा व अन्य सामान ले जाते है। लेकिन इस बार हड़ताल के कारण उन्हे राशन अभी तक नहीं मिला जिसके कारण उन्हे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रधान गुरदेव सिंह ने बताया कि उन्होंने इससे पहले भी कई बार सरकार से अपनी मांगो को लेकर गुहार लगाई थी।

# गुरप्रीत युवाओं के लिए बना प्रेरणास्रोत

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला के नग्गल के बटरोहन के रहने वाले गुरप्रीत अंबाला के युवाओं के लिए मिसाल बने हैं। नन्यौला सरकारी स्कूल से शिक्षा ग्रहण करने के बाद वह स्किल कोर्स करते हुए वह ऑस्ट्रिया गए और अब वह वहां अच्छा रोजगार कर अच्छी कमाई कर रहे हैं। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने सरकारी स्कूल में पढ़े इस छात्र से आज वीडियो कॉल के जरिए बात की। जिसमें यह युवा भी काफी खुश नजर आया और युवक



नेकहा कि अंबाला से शिक्षा ग्रहण करने के बाद वह आत्मनिर्भर बना है और आज ऑस्ट्रिया में अच्छा नाम और पैसे कमा रहा है। उसने बताया कि यदि उसने अंबाला में स्किल कोर्स न किया होता तो वह कभी भी जीवन में इतना आत्मनिर्भर नहीं हो सकता था। युवक ने कहा कि यह कोर्स उसके लिए काफी सहायक बना।

# 'चुनाव आते ही भर्तियां निकालने का ढकोसला करती है भाजपा सरकार'

**साधा निशाना**

> 8 पार्टी के राष्ट्रव्यापी अभियान घर घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान की शुरूआत की



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला-नारायणगढ़ (मनीष कुमार) प्रदेश** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के पूर्व सूचना आयुक्त अशोक मेहता ने पार्टी के राष्ट्रव्यापी अभियान घर घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान की शुरूआत की और पार्टी की भविष्य की योजनाओं और मौजूदा भाजपा सरकार की गलत नीतियों बारे कार्यकर्ताओ एवम आम जन को अवगत कराया। अशोक मेहता ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ,प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया,प्रदेश के सीएलपी लीडर एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा, प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हूडा के निर्देश पर आज से नारायणगढ विधानसभा क्षेत्र में घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान शुरू किया गया है जिसके लिए पार्टी उच्च कमान ने नारायणगढ में हमारी ड्यूटी लगाई है इस अभियान के तहत लोगों को पार्टी की नीतियों, पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा किये गए कार्यो, पार्टी की भविष्य की नीतियों तथा मौजूदा भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से अवगत करवाया जाएगा। मेहता ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार के शासनकाल में हर वर्ग दुखी है, बेरोजगारी में आज प्रदेश नम्बर वन पर है यह सरकार चुनाव आते ही भर्तियां निकालती है 2019 में भी डी ग्रुप की वेकेंसी निकाली गई थी अब फिर से चुनावी आहट में डी ग्रुप की 13 हजार पदों की भर्ती निकली है उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 13 हजार पदों के लिएव 14 लाख लोगों ने अप्लाई किया है। उन्होंने प्रदेश की भर्तियों में पर्ची खर्ची का भी आरोप लगाते हुए कहा कि हाल ही में लगाये गए 7 बीडीपीओ में हरियाणा के 2 ही युवा लगे हैं जबकि 5 गैर हरियाणवी युवाओं को लगाया गया है। उन्होंने कहा कि कौशल रोजगार निगम में एससी, बीसी, ओबीसी के आरक्षण की अनदेखी की जा रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आज किसान को अपनी फसल बेचने से लेकर उसके दाम तक लेने के लिए धरने देने व आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है भाजपा सरकार ने 750 किसानों के बलिदान व लंबे आंदोलन के बाद काले कृषि कानून वापिस लिए जबकि प्रदेश में भूपिंदर सिंह हुड्डा की सरकार में प्रदेश में किसान को कभी भी आंदोलन नही करना पड़ा।

उन्होंने पार्टी की भविष्य की नीतियों व कार्यक्रमो बारे विस्तार से बताते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनते ही कर्मचारी हित मे ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की जाएगी, बुढापा पेंशन 6हजार रुपये प्रति माह की जाएगी,लोगो की परेशानी का सबब बने परिवार पहचान पत्र, प्रोपर्टी आईडी समाप्त करेंगे उन्होंने कहा कि नारायणगढ़ को जिला बनाने की मांग का हम पुरजोर समर्थन करते है यदि मौजूदा सरकार जिला नही बनाती तो भूपिंदर सिंह हूडा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनने पर नारायणगढ को जिला बनाने हेतु पूरा दम लगा देंगे।

# अंबाला में जिला स्तरीय रोजगार मेला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में समग्र शिक्षा अंबाला की अध्यक्षा एवं अतिरिक्त उपायुक्त, अपराजिता के नेतृत्व तथा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी व जिला परियोजना समन्वयक सुधीर कालड़ा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। यह रोजगार मेला राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन, अंबाला शहर में लगाया गया। जिसमें जिले के राजकीय विद्यालयों से एनएसक्यूएफ घटक के अंतर्गत 2022-23 सत्र के 12वीं पास विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिला



मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक सुधीर कालड़ा ने बताया कि रोजगार मेले में नौकरियों की पेशकश करने वाली कंपनियों एवं अन्य नियोक्ताओं को पत्र के माध्यम से सूचित किया जा गया और उन कंपनियों में एचडीएफसी, लाइफ इंश्योरेंस कारपोरेशन ऑफ इंडिया, ओएसिस ओवरसीज एक्सपोर्ट लिमिटेड, विशाल मेगा मार्ट, एचसीएल टेक बी एवं ज़िका जी इंस्टिट्यूट ऑफ एनीमेशन इत्यादि विभिन्न नामी कंपनियों के साथ साथ लगभग 20 कामनियों ने इस रोजगार मेले में भाग लिया। इस रोजगार मेले में लगभग 75 की संख्या के लगभग उन विद्यार्थियों ने भाग लिया जो राजकीय विद्यालयों में एनएसक्यूएफ घटक के अंतर्गत दी जा रही कौशल शिक्षा के किसी भी कौशल विषय के साथ सत्र 2022-23 में 12वीं कक्षा पास कर चुके हैं एवं इसके साथ-साथ 18 वर्ष की आयु भी पूर्ण कर चुके हैं।

उन्होंने कहा कि रोजगार मेले में उन उम्मीदवारों को भाग लेने का मौका मिला जिन उम्मीदवारों का पंजीकरण एनएसक्यूएफ पोर्टल पर हो चुका है। वहीं बच्चों में भी रोजगार मेले को लेकर भारी उत्साह दिखा। बच्चों ने बताया कि सरकार की यह बेहतरीन योजना है।

# बुजुर्ग महिला व उसके बेटो को पीट-पीटकर घायल करने का आरोप

सोनीपतः कुंडली थाना क्षेत्र के गांव दहिसरा में बुजुर्ग महिला व उसके बेटों को पीट-पीटकर घायल करने व धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितों की तलाश के प्रयास कर रही है। बसंत कॉलोनी दहिसरा निवासी प्रवीन कुमार ने बताया कि गत 14 जनवरी को देर शाम अपने भाई राजकुमार, तरूण कुमार घर पर अपने काम से लौटकर वापिस घर आए।

# जयंत तिवारी ने गांव सिवाह में बुजुर्गो के साथ राजनीतिक चर्चा की

**संवाद**

> 8 ग्रामीणों की समस्या सुनीं जिसे सुनकर उन्होंने कहा की पार्टी सर्वे के आधार पर टिकट देगी

**पानीपत/कमाल हुसैन ऑल इंडिया** कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला पानीपत के प्रभारी जयंत तिवारी ने महेन्द्र कादियान के गांव सिवाह में पहुचे और महेन्द्र कादियान व गाँव के मौजूद बुजुर्गों के साथ राजनीतिक चर्चा की और उन्होंने ग्रामीणों की समस्या सुनी जिसे सुनकर उन्होंने कहा की हमारी पार्टी सर्वे के आधार पर टिकट दि जाएगी , जो



प्रत्याशी हल्के का होगा और पार्टी के लिए समर्पित और पुराना वफादार होगा । उसी प्रत्याशी के तौर ऊपर पहुचाने का काम करेगी , हमारी पार्टी सत्ता मे आएगी और हर वर्ग को साथ लेकर जनकल्याण योजनए चलाएगी जिससे सभी ग्रामीणवासी अति उत्साहित हुए और कॉग्रेस पार्टी का साथ देने का वायदा किया इस मौके पर पवन गॉगलिया, पलेराम, पूर्व सरपंच निम्बरी, जसवीर नंबरदार, सतू नंबरदार , कप्तान सिंह , राजवीर सिंह, मुकेश शर्मा, पलेराम राणा, सर्वण कादियान, ईश्वर भारद्वाज, सुरेन्द्र गोस्वामी , परवीन सैन , सोनू शेरवाल , रवि गिरी , रवि कादियान सहित अन्य मौजूद रहे।

# डॉ. नीलम सांगवान का शिरोपा पहनाकर किया स्वागत

## गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य पर सामाजिक एकता व समानता का संदेश दिया

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** विकास नगर में स्थित हरियाणा वैदिक स्कूल के विद्यार्थियों व प्राचार्या डा० नीलम सांगवान ने गुरुद्वारा नानकियाना साहिब में गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य पर सामाजिक एकता व समानता का दिंश दिया। यहाँ बच्चों ने हजूरी रागी भाई जितेंद्र सिंह की मंडली द्वारा गुरबाणी कीर्तन सुना। बच्चों ने वहां बड़ी श्रद्धा से सेवा की। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सदस्य जत्थेदार रामपाल सिंह बेहनीवाल और और जय सिंह, गुरलाल सिंह धर्म प्रचार समिति के सदस्य में अमरीक सिंह ,प्रबंधक अमरजीत सिंह, ग्रंथ साहिब महेंद्र सिंह ,भाई हरप्रीत सिंह



ने गुरुद्वारा साहिब पहुंचने पर बच्चों और प्राचार्या का शिरोपा पहनाकर स्वागत करते हुए कहा कि सिख धर्म का इतिहास बलिदानों से भरा हुआ हैगुरुओं ने कर्म और वितरण का संदेश दियो गुरु नानक का दर्शन हमें सभी धर्म का सम्मान करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर गुरु का लंगर खूब बरता गया। बच्चों

**सेवा**

> 8 रागी भाई जितेंद्र सिंह की मंडली द्वारा गुरबाणी कीर्तन सुना। बच्चों ने वहां बड़ी श्रद्धा से सेवा की

को पंजाब की संस्कृति के बारे में पता चला, ताकि एक -दूसरे की भाषा जीवन शैली, भोजन और संस्कृति के अन्य पहलुओ को साझा कर सके। इस मौके पर रेहान सिंह ,गीतांजलि ,निधि, मन्नू, अवि ,रुकसाना आदि उपस्थित रहे

# चौथे चरण की जिला स्टियरिंग कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। निपुण** हरियाणा मिशन के तहत चौथे चरण की जिला स्टियरिंग कमेटी की बैठक जिला स्तर पर एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में निपुण हरियाणा मिशन के तहत चल रहे एफ एल एन कार्यक्रमों की त्रैमासिक समीक्षा की गई।

बैठक में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल, डिप्टी डीईओ ज्योत्सना, सभी खंड शिक्षा अधिकारी और खंड संसाधन अधिकारी, डाईट लेक्चर नरेन्दर कुमार, जिला एफएलएन समन्वयक विपिन कुमार, स्वास्थ विभाग के अधिकारी, सीएमजीजी, लैंग्वेज एण्ड लर्निंग फाउंडेशन और संपर्क फाउंडेशन की ओर से जिला अकादमिक समन्वयक ने भाग किया।

बैठक में निपुण हरियाणा कार्यक्रम के तहत एफएलएन के अंतर्गत पिछले तीन माह में किए गए मुख्य कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक का संचालन एफएलएन जिला समन्वयक विपिन कुमार द्वारा किया। समीक्षा बैठक में पिछले बैठक के चर्चा बिंदुओं को साझा करते हुए आगे की बैठक बिंदुओं पर सभी अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा हुई, जिसमे तीन माह (अक्टूबर से दिसंबर तक) में एफएलएन के अंतर्गत किये गए कार्यों की समीक्षा स्त्रद्मह्य साझा किया गया। बैठक में उपयुक्त तीन माह के स्कोरकार्ड की समीक्षा और चुनौतियों पर चर्चा हुई। एबीआरसी और बीआरपी द्वारा किये गए स्कूल विजिट और कक्षा अवलोकन की समीक्षा की गई। हाल ही में हुआ कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों के सावधिक आकलन के आंकड़ों को साझा किया गया। जिला स्तर पर एफएलएन के अंतर्गत बेहतर कार्य करने वाले स्कूलों का विवरण और एफएलएन के कार्यों में असंतोषजनक वाले स्कूलों की सूची को साझा किया गया। साथ ही 1 कॉल-1 शिक्षक का सम्प्रत्यय साझा किया गया, जिसमें जिला स्तर पर एफएलएन के कार्यों को सुचारु रूप से चलाने और उसकी गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए लगातार मॉनिटरिंग और अवलोकन द्वारा जो शिक्षक और शिक्षिका बेहतर कार्य कर रहे है, उनको जिला के ओर से कॉल के मध्याम से अभिप्रेरित करने और उनके मनोबल को बनाए रखने के लिए एक प्रयास-पहल के रूप में शुरू किया गया है, जिसके अंतर्गत 10 उत्कृष्ट शिक्षकों को कॉल करके अभिप्रेरित भी किया गया।

तीन माह के लिए तीन चरणों में आओ अपने क्लस्टर को मॉडल बनाए पहचान पायलट प्रोजेक्ट के नाम से चलाया गया था।

# शिवसेना के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी दिनेश शर्मा साथियों सहित भाजपा में हुए शामिल



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। भाजपा** जिला कार्यालय कर्ण कमल में शिव सेना के करनाल से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं उत्तरी हरियाणा युवा प्रदेश अध्यक्ष व वर्तमान में युवा जिला अध्यक्ष शहरी ब्राह्मण सभा दिनेश शर्मा 300 से अधिक युवा साथियों सहित जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।

भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने दिनेश शर्मा के भाजपा में शामिल होने पर उन्हें भाजपा का पटका पहनाया व फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। ज्ञातव्य है कि इससे पहले दिनेश शर्मा शिव सेना के प्रदेश अध्यक्ष उत्तरी हरियाणा रहे। उन्होंने 2019 में शिवसेना की टिकट से करनाल लोकसभा का चुनाव लड़ा और 10 साल युवा समाज सेवा संगठन के नाम से समाज सेवा का संगठन चलाया और अब मौजूदा समय में वे जिला करनाल ब्राह्मण सभा के युवा जिला अध्यक्ष हैं ।

## न्यूज फ्लैश

### अवैध असला उपलब्ध कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**
**स्पेशल स्टाफ** असंध की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर चौगामा से 14 जनवरी को आरोपी अभिषेक पुत्र साहब सिंह वासी असंध को गिरफ्तार किया था। आरोपी के कब्जे से एक नजायज देशी पिस्तौल 315 बोर, चार जिंदा कारतूस 32 बोर व चार जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किए गए थे। इस संबंध में आरोपी अभिषेक के खिलाफ थाना असंध में सशस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस पूछताछ में म पाया गया था कि आरोपी अभिषेक यह असला शौकिया तौर पर अपने मामा के लडके सोनू वासी असंध से लेकर आया था। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। पुलिस टीम ने मामले में आगामी कार्यवाही करते हुए आरोपी अभिषेक को असला उपलब्ध कराने वाले आरोपी सोनू मसी पुत्र जोंस मसी वासी असंध को कस्बा असंध से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### अफीम उपलब्ध कराने वाला आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। सीआईए** वन की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर 12 जनवरी को आरोपी गुरुमुख सिंह पुत्र गुरनाम सिंह वासी डाचर निसिंग को पक्का खेड़ा मोड से गुल्लरपुर रोड निसिंग पर मोटरसाइकिल पर जाते हुए गिरफ्तार किया था। आरोपी के कब्जे से एक किलो 404 ग्राम अफीम बरामद की गई थी, जिसकी बाजार में कीमत करीब ढाई लाख रुपए है। इस संबंध में आरोपी गुरुमुख के खिलाफ नशीले पदार्थ की अवैध तस्करी करने के जुर्म में थाना निसिंग में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस पूछताछ में पाया गया था कि आरोपी गुरुमुख अफीम पिछले कुछ समय से बसंत नाम के व्यक्ति जो कि झारखंड से संबंध रखता है, से लेकर आता है। जिसको आरोपी गुरुमुख यहां लाकर चलते फिरते नशा करने वालो को ऊंची कीमत में बेचकर पैसे कमाता है। आरोपी गुरुमुख जल्दी अमीर बनने के लालच में अफीम तस्करी का काम करता है। पुलिस टीम ने आरोपी गुरुमुख को 13 जनवरी को न्यायालय में पेश करके दो दिन का पुलिस रिमांड लिया था। रिमांड के दौरान आरोपी गुरुमुख की निशानदेही पर अफीम मुहैया कराने वाले आरोपी बसंत पुत्र राजकुमार यादव वासी केर थाना छिपादोहर जिला लातेहार झारखंड को दिल्ली से एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

आरोपी से पूछताछ में पाया गया कि वह पिछले कई सालों से पैसे कमाने के लालच में आरोपी गुरुमुख को अफीम उपलब्ध करवाता है। आरोपी को न्यायालय में पेश करके सात दिन का रिमांड हासिल किया गया है, जिसमें आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी और उसके अफीम के स्त्रोत का पता लगाया जाएगा।

### ओल्ड एज होम में स्वास्थ्य चेकअप कैंप आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता के निदेर्शानुसार आज नांगल चौधरी के ओल्ड एज होम में स्वास्थ्य चेकअप कैंप का आयोजन किया। इस मौके पर नांगल चौधरी सरकारी अस्पताल से संदीप कुमार व ललित कुमार कम्युनिटी हेल्थ आफिसर ने लगभग 40 बुजुर्ग आदमी व महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर दवाइयां वितरित की। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता धर्मेश जोशी ने उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 01282-250322 पर फोन कर निशुल्क कानूनी जानकारी ले सकते हैं। इस मौके पर कैंप में वरिष्ठ नागरिकों की सहायतार्थ के लिए जिला रेडक्रास सोसाइटी के वालंटियर नवीन फौगाट, कर्मवीर, लोकेश, हिमांशु, अंकित, अजीत, मंजीत, रोहित तथा ओल्ड एज होम से गगन व सुमन ने बुजुर्गों की सहायता की।

# एनडीपीएस एक्ट के मामलों में जब्त नशीले पदार्थों को किया गया नष्ट



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। करनाल रेंज** के महानिरीक्षक सतेन्द्र कुमार गुप्ता के नेतृत्व में जिला की अदालत से फैसलाशुदा एनडीपीएस एक्ट के मामलों में जब्त नशीले पदार्थों को नष्ट किया गया।

इस अवसर पर आईजी करनाल रेंज सतेन्द्र कुमार गुप्ता, पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, पुलिस उप अधीक्षक महिला सुरक्षा नायाब सिंह और पुलिस उप अधीक्षक यातायात सोनू नरवाल मौजूद रहे। इन सभी अधिकारियों की देखरेख में अदालत से फैसला शुदा एनडीपीएस एक्ट के मुकदमों के नशीले पदार्थ को रू/स ॥ड्डह्ल स्ह्वश्चह्ल्द्गद्वद्ग ड्ड्डह्यह्ल्द्गष्ठ क्क1ह्ल. रुह्लस्त्र. क्कड्ड5द्बस्त्रड्ड ्यड्डह्यड्डठ्ठ, ्यड्डह्लठ्ठड्डह्य में नष्ट करवाया गया। इसमें जिला करनाल के 30 मुकदमों में करीब 75 किलो नशीले पदार्थों को नष्ट किया गया। इसमें स्मैक के एक मामले में 92 ग्राम स्मैक, गांजा पत्ती के 12 मामलों में 19 किलो 254 ग्राम गांजा पत्ती, चरस के 4 मामलों में 2 किलो 816 ग्राम चरस, पॉपी हस्क के 10 मामलों में 52 किलो 499 ग्राम पॉपी हस्क, नशीली दवाईयों के 3 मामलों में 6640 नशीली गोलियां और 880 नशीले

# महेंद्रगढ़ शहरी क्षेत्र में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा महेंद्रगढ़ शहरी क्षेत्र के बीडीपीओ कार्यालय में पहुंची। इस मौके पर विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर नागरिकों को विभागीय स्कीमों का लाभ व जानकारी दी। इस मौके पर एसडीएम हर्षित कुमार आईएएस ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का जायजा लिया व योजनाओं के बारे में जानकारी ली। कार्यकारिणी सदस्य सुधीर दीवान बतोर मुख्य अतिथि मौजूद रहे व विकसित भारत की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों ने नागरिकों का प्रोपर्टी आईडी में त्रुटि,परिवार पहचान पत्र में त्रुटि, आधार कार्ड अपडेट, आयुष विभाग ने योग व ओपीडी, स्वास्थ्य विभाग ने हेल्थ चेकअप किया।

# संजीव सीकरी एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अंतर्राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। एंटी** करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नेशनल सुप्रीमो एंव फाउंडर नरेंद्र अरोड़ा ने टीम का विस्तार करते हुए विख्यात समाजसेवी एंव उधमी संजीव सीकरी को अंतर्राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त किया। नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा, राष्ट्रीय महासचिव पवन शर्मा एवं नेशनल वाईस चेयरमैन विजय जैन ने संजीव सीकरी को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। संजीव सीकरी ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगे और ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन के उद्देश्यों



के साथ जोड़ेंगे। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ ग्रहण अभियान चलाना, एंटी करप्शन से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, अवाम में कानून का पालन करने का प्रचार-प्रसार करना, पुलिस व प्रशासन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर सच्चाई व ईमानदारी का प्रचार-प्रसार करना आदि शामिल हैं।

# 'केन्द्र व प्रदेश सरकार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उठाए ठोस कदम'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। विकसित** भारत यात्रा मंगलवार को करनाल शहर के वार्ड नम्बर 9 व वार्ड नम्बर 11 में पहुंची। यात्रा का शहरवासियों द्वारा भव्य रूप से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में महापौर रेनू बाला गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की सरकारों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना विशेष योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से हजारों की संख्या में महिलाएं आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार का गुजारा कर रही हैं।



उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र से जोडकर पात्र लाभार्थियों को घर बैठे ही उनकी पैंशन लगाई जा रही है। इसी प्रकार कौशल रोजगार निगम के माध्यम से जिन बीपीएल परिवारों की वार्षिक आमदनी एक लाख 80 हजार रुपए से कम है, उन परिवारों के उम्मीदवारों को नौकरियों में प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अच्छी एवं नेक सोच के चलते महिलाओं को पंचायती राज चुनावों में 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी प्रदान की है। इस कार्यक्रम के माध्यम से योजनाओं के लाभार्थियों का फीड बैक भी लिया जा रहा है। उसके आधार पर यदि किसी योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की कोई कमी रह गई है तो उसे दूर किया जाएगा। मेयर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से व्यवस्था परिवर्तन का दौर देश व प्रदेश में चला है, उसी का परिणाम है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार की योजनाओं से वंचित लोगों को लाभ देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प जनसंवाद यात्रा, मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल केंद्र सरसों में बनी भाजपा सरकार ने प्रदेश से शासन व प्रशासन में पहले भ्रष्टाचार को समाप्त करने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी विधानसभा क्षेत्र में बिना भेदभाव विकास कार्य करवाए, नौकरियों में पूरी पारदर्शिका से कार्य किया जा रहा है, जिसकी वजह से गरीब परिवारों के बच्चों को प्रदेश में बिना पर्ची बिना खर्ची नौकरियां दी जा रही है। वार्ड नम्बर 9 में पार्षद मुकेश अरोड़ा तथा वार्ड नम्बर 11 में जिला कोर्डिनेटर सुनील गोयल ने नागरिकों को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्प शपथ दिलाई। वार्ड नम्बर 9 में 3 उज्वला कनैक्शन, 5 व्यक्तियों की पेंशन तथा एक बीपीएल राशन कार्ड भी बनाया गया। जिला महामंत्री सुनील गोयल, सतीश मिड्ढा, सुरेंद्र गाबा, मुकेश मौजूद रहे।

# वार्षिक रैंकिंग में एचएसआइआइडीसी बड़ी थाना प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ थाना घोषित

**गन्नौरः केंद्रीय** गृह मंत्रालय की वार्षिक रैंकिंग आफ पुलिस स्टेशन 2023 की सूची में एचएसआइआइडीसी बड़ी थाना को प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ थाना घोषित किया गया है। पिछले वर्ष केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से थाने का सर्वे करवाया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा अपराध दर, मामलों की जांच और निपटान, महिला के खिलाफ अपराध, कमजोर वर्ग, संपत्ति अपराध, बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक सेवा जैसे कई मानकों पर थानों का सर्वे कराया गया था। इसके अलावा सर्वे में थाना परिसर, बैरक, हवालात की साफ-सफाई की व्यवस्था, शौचालय, बिजली व्यवस्था, पेयजल, पाइप लाइन, पानी निकासी, एनडीपीएस व एक्साइज की कार्रवाई आदि बिंदुओं को भी शामिल किया गया। वहीं थाना प्रभारी सहित थाने में तैनात पुलिसकर्मियों का व्यवहार, परिवादियों की सुनवाई, जिसमें खासकर महिला, बच्चे व बुजुर्गों की शिकायत सुनने का तरीका। स्कूल व कॉलेज में कितने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराए गए। वहीं आम लोगों से भी थानों के संबंध में उनका पक्ष जाना गया। जिसमें बड़ी थाना को यह सफलता हाथ लगी है। **हरियाणा के दो थाने हुए थे शार्टलिस्ट** केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा हर वर्ष देश के 10 सर्वश्रेष्ठ पुलिस थानों व राज्यावर सर्वेश्रेष्ठ थानों का चयन करने के लिए सर्वे करवाता है। इस वार्षिक रैंकिंग 2023 के लिए हरियाणा के दो थाने शार्टलिस्ट किए गए थे। जिसमें सोनीपत जिले का एचएसआइआइडीसी बड़ी थाना तथा गुड़गांव जिले का मानेसर थाना शामिल थे। जिसमें से एचएसआइआइडीसी बड़ी थाना में बेहतर व्यवस्था मिली। वहीं पुराने केस निपटान के मामले में भी एचएसआइआइडीसी बड़ी थाना देश में दूसरे स्थान प्राप्त करने में सफल रहा है।

# मिर्जापुर-बाछौद प्राथमिक कृषि सहकारी समिति पैक्स के चेयरमैन बने दिनेश जेलदार

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल।** मिजार्पुर-बाछौद प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (पैक्स) का चेयरमैन श्यामपुरा निवासी दिनेश जेलदार का निर्विरोध चुना गया। निर्विरोध मिजार्पुर-बाछौद पैक्स के अंतर्गत 15 गांव लगते तथा 3503 मतदाता है। पैक्स प्रबंधक कृष्ण कुमार ने बताया कि समिति के इंस्पेक्टर अशोक कुमार को पीठासीन अधिकार नियुक्त किया। पैक्स के 9 निदेशकों ने श्यामपुरा निवासी दिनेश जेलदार का नाम प्रस्ताव रखा जिसे सभी सदस्यों ने स्वीकर करने पर निर्विरोध चुन लिया गया। इसके अलावा गांव ताजपुर निवासी रामकुमार को उपप्रधान चुना गया। हैफेड के प्रशासक छोटेलाल चेयरमैन ने नवनिर्वाचित चेयरमैन का फूलमालाओं से स्वागत अभिनंदन किया। छोटेलाल चेयरमैन ने कहा कि पैक्स किसानों के हितों के लिए कार्य करेगी तथा उनको समय खाद बीज दूसरी प्रकार के ऋण मुहैया करवाये जाएंगे। नवनिर्वाचित चेयरमैन दिनेश जेलदार केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि बाछौद पैक्स में किसानों के हितों के लिए कार्य करेंगे तथा किसान को समय पर ऋण तथा खाद-बीज में किसी प्रकार की दिक्क्त नहीं आने दी जाएगी। जल्द ही केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से मिल कर किसानों व पैक्स का उत्थान व मजबूत किया जाएगा। इस मौके पर ब्रांच मैनेजर बंसत लाल, श्याम लाल, राजपाल, डायरेक्टर रतीराम, योगेश छापड़ा, राजकुमार,मुन्नी देवी, रमेश कुमार, सुरेंद्र प्रधान नंबरदार सुमित सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस कोई साधारण दिवस नहीं: अभिमन्यु सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। राष्ट्रीय** पर्व 26 जनवरी पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य रुप प्रदान करने एवं इसकी तैयारियों को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय कर्ण कमल में सभी जिला पदाधिकारी, जिला मोर्चा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, नगर निगम पार्षद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।



बैठक में जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मुख्यमंत्री के निजी सचिव अभिमन्यु सिंह, मेयर रेणु बाला गुप्ता, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला, जिला महामंत्री राजबीर शर्मा, सुनील गोयल, लोकसभा विस्तारक शशि दुरेजा, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर, संजय राणा, सुमेर काम्बोज, अमृत जोशी, रजनी प्रोचा, मीडिया प्रमुख डा. अशोक कुमार, मीडिया कॉरडीनेटर हरपाल कलामपुरा, कोषाध्यक्ष बृज गुप्ता, गुरबक्शीश लाडी, मंजू खैंची, मेघा भंडारी व पांचों विधानसभा के विधानसभा विस्तारक मौजूद रहे।

बैठक में मुख्यमंत्री के निजी सचिव अभिमन्यु सिंह ने गणतंत्र दिवस के महत्व को समझाते हुए सभी कार्यकताओं को आह्वान किया कि गणतंत्र दिवस के इस पावन राष्ट्रीय पर्व पर अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को लाएं। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस कोई साधारण दिन नहीं है। यह वह दिन है, जब हमारे देश भारत को पूर्ण स्वतंत्रता मिली थी। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को मनाया जाता है और यह उस दिन को चिन्हित करता है जब 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ था।

# भगवान राम लल्ला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में हुआ सुंदर काड पाठ

**श्री राम, मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और हमारी आस्था के केंद्र में हैं, हमारे चेतन-अवचेतन मन में हैं और चिरकाल से इस देश के मानस में बसे हुए हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस। मंदिर पवनसुत** धाम के 17वें स्थापना दिवस पर एवं भगवान राम लल्ला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य के साथ-साथ आज पवनसुत नगर वासियों ने सुन्दर काण्ड का पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन गौशाला रोड पर किया।

आज के इस सुन्दर काण्ड पाठ में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर रेणु बाला गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला उपस्थित रहे। सभी ने राम दरबार में माथा टेका और भगवन श्री राम का आशीर्वाद प्राप्त किया।

मेयर रेणु बाला गुप्ता ने बताया अयोध्या में श्री राम मंदिर का पुनर्निर्माण और प्रभु श्री



रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा मात्र एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारत के भाग्य का नया सूर्योदय है। यह भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण और अभ्युदय का अमृत काल भी है।

भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने बताया कि राम भारतीय संस्कृति के प्रेरणा पुरुष हैं। एक आदर्श राजा, आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति और आदर्श मित्र हैं। हम भारतीय जिन सात्विक मानवीय गुणों को सदियों से पूजते आए हैं, वे सभी राम के व्यक्तित्व में निहित हैं। इसीलिए श्री राम, मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और हमारी आस्था के केंद्र में हैं, हमारे चेतन-अवचेतन मन में हैं और चिरकाल से इस देश के मानस में बसे हुए हैं।

मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला ने बताया कि यहाँ राम सब के हैं और सब राम के हैं। चाहे पूरब हो या पश्चिम, उत्तर हो या दक्षिण, राम हमारे मानस में समाये हुए हैं। देश के किसी भी हिस्से में जाएँ, आपको लोगों के नाम में राम मिलेगा, दक्षिण में रामय्या, रामचन्द्रन या रामनाथन हो या उत्तर में रामशरण, राम सिंह या रामदास, राम सभी में हैं। सुबह की राम-राम से लेकर जय सिया राम और जय श्री राम हमारे लिए अभिवादन और अभिनन्दन हमारे व्यवहार में समाहित-सन्निहित हैं। सुन्दर काण्ड के पाठ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारो की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मुख्य रूप से राम अवतार गुप्ता, अनुज जैन, संजय गुप्ता, विनय जैन, अंकुर गुप्ता, विशाल जिंदल, सतीश गुप्ता, रमेश जिंदल, डॉ. जेपी अरोड़ा, विकास जिंदल, राकेश गुप्ता, राजन जैन, संजय गोयल, दिनेश जैन, सुमित गुप्ता, गोबिंद गुप्ता, अमित गुप्ता, रवि गुप्ता, विराज गुप्ता, अमित मित्तल, नितेश गुप्ता, कार्तिक गुप्ता, अंकुश गुप्ता, मोहित गुप्ता, उमेश चावला आदि आदि मौजूद रहे ।

# धमार्नुयायियों ने धर्मस्थलों पर की सफाई

**अभियान**

**8 ुंजपुरा गांव के रोड़ान मोहल्ला स्थित प्राचीन शिव-दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं ने साफ-सफाई की।**

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। अयोध्या** में श्रीरामलला जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के दौरान मंगलवार को कुंजपुरा गांव के रोड़ान मोहल्ला स्थित प्राचीन शिव-दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं ने साफ-सफाई की। इसके उपरांत सेवादार रामलीला ग्राउंड पहुंचे और भवन व मैदान की सफाई की। मां यमुना सेवा समिति के संरक्षक संत प्रेमपाल सागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को आत्मसात करते हुए विकास क्लब कुंजपुरा की



सांस्कृतिक इकाई के विद्यार्थियों व ग्रामीणों ने सफाई कर श्रमदान किया। उन्होंने कहा कि श्रीरामलला जी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के शुभारंभ के साथ ही इस क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनकी क्षेत्र के सभी मंदिरों व धर्मस्थलों की सेवा समितियों से अपील है कि संगत के साथ मिलकर विशेष रूप से सफाई अभियानों में भागीदारी करें। 22 जनवरी को मंदिर को जगमग करके पूजन किया जाएगा। इस मौके पर छात्रा सेजल गहलोत, राधिका, अनौखी, लावण्या, अमृता, मीनाक्षी, वर्षा, मंदिर के पुजारी पंडित हेतराम, भारतीय सद्भावना संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रारजपाल रोजड़ा, सुभरी गांव के पूर्व सरपंच संदीप, बाबू राम, मां यमुना सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्मबीर लाठर, रविंद्र कुमार, सचिन प्रोचा, संजय कश्यप, रोहित, दीप सिंह रोजड़ा, अंशुल राणा, दुर्गेश, सक्षम, समीर, सावन पंवार व अविश मौजूद रहे।

## संपादकीय

# प्रेरणादायी हैं गुरु गोबिंद सिंह के उपदेश

**सिखों** के 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 357वां प्रकाश पर्व इस वर्ष 17 जनवरी को मनाया जा रहा है। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1667 ई. में पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को 1723 विक्रम संवत को पटना साहिब में हुआ था। प्रतिवर्ष इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। बचपन में गुरु गोबिंद सिंह जी को गोबिंद राय के नाम से जाना जाता था। उनके पिता गुरु तेग बहादुर सिखों के 9वें गुरु थे। पंजाबी, हिन्दी, संस्कृत, बृज, फारसी भाषाएं सीखने के साथ गुरु गोबिंद सिंह जी ने घुड़सवारी, तीरंदाजी, नेजेबाजी इत्यादि युद्ध कलाओं में भी महारत हासिल की थी। कश्मीरी पंडितों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए उनके पिता और सिखों के 9वें गुरु तेग बहादुर जी द्वारा नवम्बर 1975 में दिल्ली के चांदनी चौक में शीश कटाकर शहादत दिए जाने के बाद मात्र 9 वर्ष की आयु में ही गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों के 10वें गुरु पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली और खालसा पंथ के संस्थापक बने।

अत्याचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए गुरु गोबिंद सिंह जी का वाक्य सवा लाख से एक लड़ाऊं तां गोबिंद सिंह नाम धराऊं सैकड़ों वर्षों बाद आज भी प्रेरणा और हिम्मत देता है। उन्होंने समाज में फैले भेदभाव को समाप्त कर समानता स्थापित की थी और लोगों में आत्मसम्मान तथा निडर रहने की भावना पैदा की। शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान के सच्चे प्रतीक तथा इतिहास को नई धारा देने वाले अद्वितीय, विलक्षण और अनुपम व्यक्तित्व के स्वामी गुरु गोबिंद सिंह को इतिहास में एक विलक्षण क्रांतिकारी संत व्यक्तित्व का दर्जा प्राप्त है। एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ वे एक निर्भयी योद्धा, कवि, दार्शनिक और उच्च कोटि के लेखक भी थे। उन्हें विद्वानों का संरक्षक भी माना जाता था। कहा जाता है कि 52 कवियों और लेखकों की उपस्थिति सदैव उनके दरबार में बनी रहती थी और इसीलिए उन्हें संत सिपाही भी कहा जाता था। उन्होंने स्वयं कई ग्रंथों की रचना की थी। बिचित्र नाटक को गुरु गोबिंद सिंह की आत्मकथा माना जाता है, जो उनके जीवन के विषय में जानकारी का सबसे महत्वपूर्ण स्त्रोत है। यह दशम ग्रंथ का एक भाग है, जो गुरु गोबिंद सिंह की कृतियों के संकलन का नाम है। इस दशम ग्रंथ की रचना गुरु जी ने हिमाचल के पोंटा साहिब में की थी। कहा जाता है कि गुरु गोबिंद सिंह एक बार अपने घोड़े पर सवार होकर हिमाचल प्रदेश से गुजर रहे थे और एक स्थान पर उनका घोड़ा अपने आप आकर रुक गया। उसी के बाद से उस जगह को पवित्र माना जाने लगा और उस जगह को पोंटा साहिब के नाम से जाना जाने लगा। दरअसल पोंटा शब्द का अर्थ होता है पांव और जिस जगह पर घोड़े के पांव अपने आप थम गए, उसी जगह को पोंटा साहिब नाम दिया गया। गुरु जी ने अपने जीवन के चार वर्ष पोंटा साहिब में ही बिताए, जहां अभी भी उनके हथियार और कलम रखे हैं। 1699 में बैसाखी के दिन तख्त श्री केसगढ़ साहिब में कड़ी परीक्षा के बाद पांच सिखों को पंज प्यारे चुनकर गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी, जिसके बाद प्रत्येक सिख के लिए कृपाण या श्रीसाहिब धारण करना अनिवार्य कर दिया गया। वहीं पर उन्होंने खालसा वाणी भी दी, जिसे वाहे गुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह कहा जाता है।

# न्याय यात्रा से कांग्रेस का कितना भला होगा !



-राजेश माहेश्वरी

> "पूर्वोत्तर में भाजपा के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए 26 दिन तक पूर्वोत्तर के राज्यों में राहुल की यात्रा रहेगी। राहुल गांधी सबसे ज्यादा 17 दिन असम में रहेंगे। इसके अलावा मणिपुर में चार और नगालैंड में तीन दिन उनकी यात्रा चलेगी। अरुणाचल प्रदेश और मेघालय में वे एक-एक दिन रहेंगे। सिक्किम, त्रिपुरा और मिजोरम उनकी यात्रा नहीं जाएगी। इन तीन राज्यों में चार लोकसभा सीटें हैं। यानी पूर्वोत्तर की 25 में से 21 सीटों वाले राज्यों में राहुल गांधी की यात्रा जाएगी। मणिपुर से यात्रा शुरूआत हुई है, जहां लोकसभा की दो सीटें हैं। नगालैंड में एक और अरुणाचल व मेघालय में दो-दो सीटें हैं, जबकि असम में 14 सीटें हैं। इन राज्यों में राहुल गांधी 26 दिन यात्रा करेंगे। असम के अलावा बाकी किसी राज्य में कांग्रेस के पास कोई सीट नहीं है। असम में भी कांग्रेस की सिर्फ तीन सीटें हैं"

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बीती 14 तारीख को भारत जोड़ो न्याय यात्रा षुरू कर दी है। यह राहुल गांधी की दूसरी यात्रा है। इससे पहले राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ठीक एक साल पहले खत्म हुई थी। इसके तहत उन्होंने तमिलनाडु में कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक की यात्रा की थी। कांग्रेस इसे सामाजिक, धार्मिक न्याय और अराजनीतिक यात्रा करार दे रहे हैं। कांग्रेसी न्याय और सहो मत, डरो मत के नारे लगा रहे हैं। न्याय यात्रा देश के 15 राज्यों और 110 जिलों से गुजरेगी। 66 दिन की यात्रा के बाद 20 मार्च को मुंबई में इसका समापन होगा। तब तक आम चुनाव की तारीखें घोषित हो चुकी होंगी! राहुल गांधी की भारत जोड़ों न्याय यात्रा को लेकर कई सवाल खड़े होते हैं। सवाल यह है कि राहुल गांधी आखिरकार किस न्याय की बात कर रहे हैं? और किसको न्याय दिलाने के लिए वो यात्रा कर रहे हैं? लोकतंत्र में न्याय की अपेक्षा सरकार और न्यायपालिका से की जाती है। कोई ऐसी वारदात या सामाजिक दमन भारत में नहीं हुआ है, जिसके लिए न्याय की गुहार या उद्घोष किया जाए। या फिर हजारों किलोमीटर की लंबी यात्रा निकालने को विवश होना पड़ा। इस यात्रा से पहले राहुल गांधी ने भारत जोड़ों यात्रा निकाली थी। एकजुट देश राहुल गांधी को टूटा हुआ क्यों दिखाई देता है, ये भी बड़ा सवाल है।

अपवाद हो सकते हैं, समस्याएं हो सकती हैं। कांग्रेस ने देश पर करीब 55 साल शासन किया है। ऐसे कौन से सामाजिक और धार्मिक अन्याय शेष रह गए हैं, जिन पर न्याय का दावा किया जा रहा है? इस देश पर सर्वाधिक समय तक शासन कांग्रेस पार्टी ने किया है। ऐसे में सवाल यह है कि अगर आजादी के इतने लंबे समय बाद भी अगर देष में समस्याएं और परेशानियां हैं तो उसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी उसी दल की होनी चाहिए, जिसने लंबे समय तक देश पर शासन किया। कांग्रेस की तरफ से दावा किया जा रहा है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा राजनीतिक या चुनावी यात्रा नहीं है। वास्तव में कांग्रेसजन जिस यात्रा को भारत जोड़ो न्याय यात्रा बता रहे हैं वो एक राजनीतिक यात्रा है। जिसका मकसद कांग्रेस को सत्ता में लाना है। पूर्वोत्तर भारत का मणिपुर राज्य पिछले कुछ समय से अशांत है। ऐसे में मणिपुर से यात्रा की शुरूआत कर कांग्रेस ने सिद्ध किया कि यात्रा किसी को न्याय दिलाने के लिए नहीं बल्कि राजनीति के लिए ही है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को कामयाब बनाने के लिए कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी। दिल्ली से इंडिगो की एक पूरी फ्लाइट बुक करके करीब 200 नेता एक साथ मणिपुर पहुंचे। इनमें कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य, महासचिव, प्रवक्ता, तीन राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के साथ-साथ सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता शामिल थे। अपने तमाम नेताओं को मणिपुर में एक मंच पर बैठकर कांग्रेस ने यहां के स्थानीय लोगों को यह संदेश देने की कोशिश की है कि पूरी कांग्रेस दुख की घड़ी में उनके साथ है। रैली के मंच से कांग्रेस के लगभग हर नेता ने प्रधानमंत्री के पिछले आठ महीने के दौरान मणिपुर नहीं आने की आलोचना की।

पूर्वोत्तर में भाजपा के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए 26 दिन तक पूर्वोत्तर के राज्यों में राहुल की यात्रा रहेगी। राहुल गांधी सबसे ज्यादा 17 दिन असम में रहेंगे। इसके अलावा मणिपुर में चार और नगालैंड में तीन दिन उनकी यात्रा चलेगी। अरुणाचल प्रदेश और मेघालय में वे एक-एक दिन रहेंगे। सिक्किम, त्रिपुरा और मिजोरम उनकी यात्रा नहीं जाएगी। इन तीन राज्यों में चार लोकसभा सीटें हैं। यानी पूर्वोत्तर की 25 में से 21 सीटों वाले राज्यों में राहुल गांधी की यात्रा जाएगी। मणिपुर से यात्रा शुरूआत हुई है, जहां लोकसभा की दो सीटें हैं। नगालैंड में एक और अरुणाचल व मेघालय में दो-दो सीटें हैं, जबकि असम में 14 सीटें हैं। इन राज्यों में राहुल गांधी 26 दिन यात्रा करेंगे। असम के अलावा बाकी किसी राज्य में कांग्रेस के पास कोई सीट नहीं है। असम में भी कांग्रेस की सिर्फ तीन सीटें हैं। इस तरह पूर्वोत्तर की कुल 25 में से कांग्रेस के पास सिर्फ तीन सीटें हैं। हालांकि हर राज्य में कांग्रेस का वोट आधार अब भी बचा हुआ है। असम में ही भाजपा को कांग्रेस से सिर्फ आधा फीसदी वोट ज्यादा मिला था। राहुल अपनी यात्रा से पूर्वोत्तर में कांग्रेस का खोया हुआ जनाधार हासिल करने की कोशिश करेंगे।

राहुल गांधी की ये यात्रा जिन लोकसभा क्षेत्रों से गुजरेगी, उनमें से मात्र 15 सीटों पर ही कांग्रेस सांसद हैं। संभव है कि कांग्रेस की यह सोच रही होगी कि वह यात्रा के जरिए बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी, महिला उत्पीड़न, कथित राजनीतिक अहंकार, अमीर-गरीब की खाई, आम आदमी को स्वाभाविक न्याय आदि मुद्दों पर व्यापक जनमत तैयार कर सकती है! बहरहाल उसे चुनाव स्पष्ट कर देंगे। कांग्रेस जातिवाद और मुस्लिमवाद की सियासत करती रही है। कर्नाटक और तेलंगाना के जनादेश इसके जीवंत उदाहरण हैं। इस यात्रा के लिए भी कांग्रेस ने गठबंधन के घटक दलों को विश्वास में नहीं लिया, लिहाजा सभी असमंजस में बयान दे रहे हैं। अलबत्ता कुछ दलों के नेता यात्रा में जरूर शामिल होंगे। कांग्रेस को ये देखना और सोचना चाहिए कि भाजपा ने पांच राज्यों के चुनावों से फुर्सत होने के बाद एक दिन भी व्यर्थ नहीं गंवाया और लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई। जिन सीटों पर वह 2019 में हारी थी उनके उम्मीदवार वह जल्द घोषित करने के संकेत दे रही है। इसी तरह जिन राज्यों में कमजोर है उनमें भी उसने मोचेबंदी शुरू कर दी है। इसके विपरीत कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर उठने वाले मुद्दों पर अपनी नीति स्पष्ट करने असमर्थ नजर आ रही है।

इसका सबसे नया उदाहरण राममंदिर के शुभारंभ पर अयोध्या में आयोजित समारोह में शामिल न होने का निर्णय लेने में किया गया विलंब है। इसके कारण पार्टी का एक बड़ा वर्ग अपने को असहज महसूस कर रहा है। कुछ ने खुलकर शीर्ष नेतृत्व के फैसले को आत्मघाती बताने में हिचक नहीं की। राहुल को यद्यपि न्योता ही नहीं मिला किंतु इस ज्वलंत विषय पर वे स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बोल सके। ऐसे में आवश्यकता इस बात की थी कि वे बजाय सवा दो महीनों की लंबी यात्रा निकालने के, गठबंधन के घटक दलों के बीच सामंजस्य बिठाने का काम करते, जिनके बीच वैचारिक मतभेद और महत्वाकांक्षाओं का टकराव सर्वविदित है। राहुल गांधी की ये यात्रा जिन 15 राज्यों से गुजरेगी, उन राज्यों में लोकसभा की कुल मिलाकर 357 सीटें हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन को देखें तो इन राज्यों में कांग्रेस की स्थिति बहुत ही खराब है। कितनी खराब इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि इन 357 सीटों में पार्टी महज 14 पर ही जीत हासिल कर पाई थी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा वाले राज्यों में से 5 तो ऐसे हैं जहां 2019 में कांग्रेस खाता तक नहीं खोल पाई। कांग्रेस को इस यात्रा से उत्तर पूर्वी राज्यों में ठीक उसी प्रकार जीत की उम्मीद है जैसे भारत जोड़ो यात्रा से तेलंगाना और कर्नाटक में बड़ी जीत मिली है। कांग्रेस को जीत की उम्मीद तो मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी थी। लेकिन वहां उम्मीदों पर पानी फिर गया। राहुल गांधी की इस यात्रा का आगाज तो बहुत अच्छा हुआ है लेकिन अंजाम कैसा होगा यह चुनावी नतीजे बताएंगे। अब यह देखना अहम होगा कि इस यात्रा से कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में कितना लाभ मिल पाता है।



## कविता

तू मत डर
तू मत डर बिल्कुल
मत डर,
तेरे डर में ही तेरी
हार है,
ये दुनियावयी लोग
मन से बीमार है,
तुझे पता है
दुनिया डरती है उन
औरतों से
जो दुनिया से नहीं
डरते,
सभी खुराफाती लग
जाएंगे डराने,
हां तुझे डराने,
तेरी हिम्मत मिटाने,
तुझे पूरी तरह हराने,
और भी चाहेंगे क्या
क्या न जाने,
लेकिन तू मत डर,
बिल्कुल मत डर,
कुछ ऐसा कर कि
लोग तुझसे जले,
रह जाना है तुझे
सबसे भले,
वो उबाल ला अपने
खून में
कि तेरे बिना कुछ भी
न चले,
हर गरीब गुरबत को
लगाता चल गले,
तू मत डर, बिल्कुल
मत डर,
डरा के रख,
खामोश रख,
पाखंडियों को,
जातिवादियों को,
पुरुष मानसिकता से
पीड़ित बीमारों को,
जाति,धर्म के
तरफदारों को,
इसी में आधी दुनिया
की भलाई है,
जलने दे वो आग
जिसे
मुश्किलों से घिर तूने
सुलगायी है,
कोई रोक नहीं
सकता
तुझे सिंहासन सजाने
से,
तेरे नाम का डंका
बजाने से,
तू मत डर, बिल्कुल
मत डर।

राजेन्द्र लाहिरी

# सभी के लिए प्रेम और दया की भावना

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

**सिख** इतिहास में दस गुरुओं के जीवन में ऐसे कई वाक्य हुए हैं जो हमें सिखाते हैं कि हमें अपना जीवन कैसे जीना चाहिये? उनके जीवन की इन घटनाओं से हमें यह पता चलता है कि हमें प्रभु को पाने के रास्ते पर चलने के लिए अपने अंदर सद्गुणों को ढालना होगा। उनमें से एक मुख्य सद्गुण है प्रेम। हमें सभी के प्रति चाहे वो हमारे परिवार, मित्र, अनजान व्यक्ति या दुश्मन ही क्यों न हों, यहाँ तक कि पेड़-पौधे और जानवरों आदि के लिए भी अपने अंदर प्रेम व दया की भावना को जागृत करना होगा। जब हम यह अनुभव करते हैं कि हम एक शरीर नहीं बल्कि एक आत्मा हैं तो तब हम इस सृष्टि के प्रति और ज्यादा जागरूक हो जाते हैं। हम हमेशा इस बात का ख्याल रखते हैं कि किन चीजों से इस धरती की संपदा को कायम रखा जा सकता है? इसके अलावा हम इस धरती पर रहने वाले छोटे से छोटे जीव-जंतुओं के दर्द के प्रति और भी ज्यादा संवेदनशील हो जाते हैं। इसके साथ-साथ हम जानवरों और पेड़-पौधों के प्रति भी दया का भाव रखते हैं और उनकी पीड़ा को महसूस करने लगते हैं। सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिन्द सिंह जी के जीवन से एक बहुत ही महत्वपूर्ण घटना हमें यह सिखाती है कि कैसे हमें दूसरों से प्रेमपूर्वक व्यवहार करना चाहिये? उन्होंने उस समय के शासक जो लोगों को हानि पहुंचाते थे, उनके साथ युद्ध किया। उनके प्रिय शिष्य भाई कन्हैया थे, जिन्हें युद्ध के मैदान में घायल सिपाहियों को पानी पिलाने की सेवा दी गई थी लेकिन भाई कन्हैया केवल अपनी तरफ के सिपाहियों को ही नहीं बल्कि दुश्मनों के घायल सिपाहियों को भी पानी पिलाते थे। तो कुछ लोग गुरु गोबिन्द सिंह जी के पास गए और उन्होंने उनसे भाई कन्हैया के इस व्यवहार की शिकायत की। तब गुरु गोबिन्द सिंह जी ने भाई कन्हैया से इसका जवाब पूछा तो भाई कन्हैया ने गुरु साहब को यह कहा कि, मैं जहाँ भी आपकी ज्योति देखता हूँ, मैं वहीं पानी पिला देता हूँ। तो गुरु गोबिन्द सिंह जी ने यह फरमाया कि यही एक ऐसा व्यक्ति है जिसने मेरी शिक्षा को सही रूप में समझा और उस पर अमल किया। तब उन्होंने भाई कन्हैया को यह भी हुकूम दिया कि अब आगे से पानी ही नहीं बल्कि उन सिपाहियों की मरहम-पट्टी भी किया करो। इसीलिए न सिर्फ सिख इतिहास से बल्कि सभी धर्म-ग्रंथों से हमें यही शिक्षा मिलती है कि हम एक सदाचारी जीवन व्यतीत करें क्योंकि सदाचारी जीवन की चाबी ही हमारे रूहानियत के सभी दरवाजों को खोल सकती है। सदाचारी जीवन का अर्थ यह है कि हम अपने जीवन में से अवगुणों को बाहर निकालें और सद्गुणों को अपने अंदर ढालें। अगर हमें भाई कन्हैया की तरह सभी जीवों में परमात्मा की ज्योति देखनी है तो हमें सबसे प्रेम करना होगा और दूसरों के प्रति नम्रता, ईमानदारी और दया का भाव अपने अंदर पैदा करना होगा ताकि हम चाहे जीवन की किसी भी परिस्थिति में हों, हम हर समय दूसरों से मीठी जबान में ही बात करें।

जैसे-जैसे हम रूहानियत में तरक्की करते हैं तब हम हर प्राणी मात्र की और ज्यादा देखभाल और सेवा करने लग जाते हैं। हम हर एक में परमात्मा की ज्योति देखने लग जाते हैं। यह बहुत ही जरूरी है कि हम यह समझें कि प्रभु की शरण में जाने के लिए सदाचारी जीवन सिर्फ एक पहला कदम है क्योंकि हममें से कई भाई-बहनों का यह भी ख्याल होता है कि सदाचारी जीवन व्यतीत करना ही सब कुछ है लेकिन संत-महापुरुष हमें समझाते हैं कि यह सिर्फ पहला कदम है। जैसे-जैसे हम अपने अंदर सद्गुणों को विकसित करते हैं वैसे-वैसे हमारे कदम परमात्मा को जानने व उसको पाने की ओर बढ़ते चले जाते हैं।

## विचार

# लक्षद्वीप पर्यटन एक नई ऊँचाई की ओर



डॉ. आशुतोष शर्मा

**भारत** का पर्यटन उद्योग देश के सभी सेवा व्यवसायों में सबसे तेजी से बढ़ने वाला उद्योग है। इसका देश की अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है और यह इसके विकास और विकास के अन्य पहलुओं, विशेषकर नौकरियों के सृजन के लिए महत्वपूर्ण है। भारतीय मानचित्र पर कुछ बिंदुओं की तरह दिखने के बावजूद, लक्षद्वीप द्वीपसमूह वास्तव में पन्ने और हीरों से भरा एक शानदार रत्न है जो भारत की दक्षिण-पश्चिमी सीमा को सुशोभित करता है। यह उन कुछ आश्चर्यों में से एक है जो उद्योग और उन्नति की पकड़ से बच गए हैं। गहरा नीला समुद्र, सफेद समुद्र तट, और लैगून जो अपने किनारों को आसपास की मूंगा चट्टानों से धोते हैं, सभी सहजीवी रूप से संबंधित हैं। और जब इन सभी को एक साथ शामिल किया जाता है, तो लक्षद्वीप भारत का सबसे छोटा नहीं बल्कि सबसे बड़ा क्षेत्र बन जाता है! लक्षद्वीप में एक नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र है और सरकार ने इसकी रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किया है। लक्षद्वीप में एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने की काफी संभावनाएं हैं जहां व्यापार और पारिस्थितिकी शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व में हैं। लक्षद्वीप 36 द्वीपों से बना है जो कुल 32 वर्ग किलोमीटर में फैला है। इनमें से केवल दस ही बसे हुए हैं। लक्षद्वीप में बंगाराम, कदमत, मिनिकॉय, कल्पेनी और कावारत्ती सबसे ज्यादा देखी जाने वाली जगहें हैं। लक्षद्वीप में एक हवाई अड्डे के केंद्र के आश्वासन के बावजूद, द्वीप मुख्य रूप से कनेक्शन के लिए कोच्चि, केरल की उड़ानों पर निर्भर हैं। फिलहाल, कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से केवल लक्षद्वीप के अगत्ती द्वीप के लिए उड़ानें उपलब्ध हैं। एयर इंडिया की सहायक कंपनी एलायंस एयर की सप्ताह में छह दिन उड़ानें हैं। इस खूबसूरत यात्रा में लगभग एक घंटा तीस मिनट का समय लगता है, जो नीचे उतरते ही द्वीप के आश्चर्यजनक फि रोजा पानी का दृश्य प्रस्तुत करता है। अगत्ती द्वीप के हवाई अड्डे पर केवल छोटे आकार वाले विमान ही उतर सकते हैं। इसका उद्देश्य एक पूर्ण हवाई अड्डे के रूप में उन्नयन करना है जो कई शहरों से चौड़ी बॉडी वाले विमान प्राप्त करने में सक्षम हो। भारत सरकार द्वारा लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप पर एक नया हवाई अड्डा बनाने की परियोजना आगे बढ़ रही है। प्रस्तावित हवाई अड्डे पर सैन्य और निजी दोनों विमान उतर सकेंगे। हवाई पट्टी के निर्माण के स ाथ, भारत हिंद महासागर और अरब सागर पर अपनी निगरानी क्षमताओं में सुधार करने की योजना बना रहा है। भारतीय तटरक्षक रक्षा मंत्रालय के तहत हवाई क्षेत्र के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने वाला पहला बल था। वर्तमान प्रस्ताव के अनुसार, मिनिकॉय द्वीप पर हवाई पट्टी भारतीय वायु सेना के संचालन का आधार होगी। जब मिनिकॉय हवाईअड्डा चालू हो जाएगा, तो इससे अरब सागर की निगरानी करने की रक्षा बलों की क्षमता में सुधार होगा। इसके अलावा, यह सरकार की मंशा के अनुरूप स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देगा। प्रसिद्ध पैराडाइज आइलैंड कॉटेज सरकार द्वारा संचालित पर्यटन आकर्षणों में से हैं, जिनकी देखरेख सोसाइटी फॉर प्रमोशन ऑफ नेचर टूरिज्म एंड स्पोर्ट्स द्वारा की जाती है। स्मार्ट सिटी कार्यक्रम से संबंधित एक नई योजना में नब्बे कमरों वाला एक होटल स्थापित करना है। भारत में एक भारतीय समूह द्वारा शुरू की गई पहली जल विला परियोजना, निजी क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपक्रम है। 2026 में, टाटा समूह का इरादा लक्षद्वीप में कदमत और सुहेली द्वीपों पर दो रिसॉर्ट विकसित करने का है। लक्षद्वीप में दो ताज-ब्रांडेड रिसॉर्ट्स पर पिछले साल जनवरी में टाटा समूह की कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। निगम के अनुसार, क्छउछ इन ग्रीनफील्ड परियोजनाओं का विकास करेगा, जो 2026 में खुलने वाली हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की यात्रा के बाद लुभावने द्वीपों की तस्वीरें प्रदर्शित की गईं। जिसके पश्चात लोग तस्वीरें देखकर मंत्रमुग्ध हो गए और उनमें से कई ने इस क्षेत्र के प्राकृतिक वैभव की तुलना मालदीव से की। चर्चा का विषय तेजी से लक्षद्वीप के बुनियादी ढांचे पर केंद्रित हो गया क्योंकि संभावित पर्यटकों को आश्चर्य होने लगा कि क्या द्वीपसमूह में पर्यटकों की अपेक्षित आमद को संभालने के लिए पर्याप्त रिसॉर्ट और होटल हैं। पर्यटन की दृष्टि से लक्षद्वीप में अपार संभावनाएं हैं। निकट भविष्य में यह एक लोकप्रिय पर्यटक आकर्षण होगा। सरकार हवाई अड्डा बनाने पर काम कर रही है; यह एक आवश्यकता है.

केरल में कनेक्टिविटी है, लेकिन एयर कनेक्टिविटी जरूरी है। स्विट्जरलैंड या न्यूजीलैंड की यात्रा करना आवश्यक नहीं है। लक्षद्वीप वह जगह है जहां पर्यटकों के लिए सब कुछ उपलब्ध है। लक्षद्वीप में पर्यटन उद्योग एक रोमांचक दौर में प्रवेश कर रहा है, जो कि हाल ही में निर्माण, पर्यटन में वृद्धि और लोगों की इसके बारे में अधिक जानने की इच्छा में वृद्धि से देखा जा सकता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा देश को विश्व गुरु बनाएगी

संजीव

**अयोध्या में** पौष शुक्ल, द्वादशी, विक्रम संवत 2080, सोमवार 22 जनवरी 24 के शुभ दिन प्रभु श्री राम के बाल स्वरूप नूतन विग्रह को श्री राम जन्मभूमि बन रहे नवीन मंदिर भूतल के घर में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा की जावेगी। इस महान शुभ अवसर पर पूरे देश में आनंद का वातावरण रहेगा और देश के निवासी इस प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भजन कीर्तन, आरती, शंखनाद तथा अपने-अपने निवास पर सहस्त्रदीप प्रज्वलित करेंगे। यह अभूतपूर्व दीपोत्सव होगा। पूरा देश प्रभु राम के उच्चारण से गुंजायमान होगा।

भारत का सांस्कृतिक, आध्यात्मिक वैदिक इतिहास सदैव प्रबुद्ध तथा गौरवशाली रहा है। वेदों, शास्त्रों ,पुराणों और सनातन संस्कृति एवं संस्कार में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राता इतनी विशाल है कि इस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण निरूपित कर वृहद वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे । प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए। जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है।

जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। ,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो।

# सियासी खिचड़ी पकाइए और पतंग की पेंच लड़ाइए

प्रभुनाथ शुक्ल

**मकर** संक्रांति पर नत्थन गुरु का मिजाज बदला-बदला दिख रहा है। भगवान सूर्य मकर राशि में इसी दिन प्रवेश करते हैं। नत्थन गुरु संक्रांति यानी खिचड़ी पर हर वर्ष गाँव - जवार के मित्रों को खिचड़ी भोज का न्योता भिजवाते हैं। लेकिन खिचड़ी भोज में आने के बाद भी नत्थन गुरु और दोस्तों के बीच खिचड़ी पक नहीं पाती। कभी चावल तो कभी दाल कच्ची रह जाती है। जिसकी वजह से खिचड़ी का स्वाद अधूरा रह जाता है। बेचारे इस समस्या को लेकर काफी गंभीर और परेशान रहते हैं। लेकिन खिचड़ी तो खिचड़ी ठहरी। अब पकाने वाले का दोष रहता है या खिचड़ी का यह नत्थन गुरू के समझ में नहीं आयी। निशानेबाज ! आखिर खिचड़ी का मामला क्या है, वह पकती क्यों नहीं। जबकी खिचड़ी पकाने में देश का हर आदमी और पूरी सियासत जुटी है। अब क्या बताएं गजाधर चाचा ! हमारे देश में खिचड़ी का इतिहास बहुत पुराना है। खिचड़ी और राजनीति का चोली दामन का साथ है। यहां खिचड़ी सरकारों का इतिहास रहा है। लेकिन खिचड़ी सरकारें चल नहीं पाईं। यहां तो दिन-रात सब अपनी-अपनी खिचड़ी पकाने में लगे रहते हैं। जिसकी खिचड़ी पक गई उसकी बात बन गयीं। सामने लोकसभा का चुनाव है। सभी अपने-अपने तरीके से खिचड़ी पका रहे हैं। कोई धर्म की खिचड़ी पका रहा है तो कोई जात की। लोगों को खिचड़ी भोज में शामिल होने का न्योता भी दिया जा रहा है। गजाधर काका सबसे बड़ी मुश्किल है खिचड़ी पकाने की। क्योंकि खिचड़ी जल्दी पकती नहीं है। राजनीति में तो लोग जबरिया खिचड़ी पकाते हैं। अब देखिए चुनाव करीब देख सत्ता और विपक्ष अपनी-अपनी खिचड़ी पकाने में जुटे हुए हैं। किसकी कितनी बढ़िया खिचड़ी पकती है यह वक्त बताएगा। एक समस्या और है खिचड़ी में सिर्फ चावल, आलू और दाल का ही अस्तित्व बचता है। सब्जी का तो कोई अस्तित्व नहीं बचता है। जबकी खिचड़ी में शामिल लोग चावल, आलू और दाल ही बनना चाहते हैं। यहीं बात सब्जियों को नागवार लगती है। जिसकी वजह से खिचड़ी पकते-पकते रह जाती है। वैसे भी मकर संक्रांति और पतंगबाजी एक दूसरे के पूरक हैं।

## न्यूज फ्लैश

### 143 किलो 250 ग्राम डोडा पोस्त मादक पदार्थ सहित एक आरोपित

**सोनीपत: राई** थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी करने जा रहे मादक पदार्थ तस्कर को भारी मात्रा में मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित चरणजीत सिंह उर्फ चैनी निवासी पटियाला पंजाब का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

जांच अधिकारी उप निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान बीसवांमील फ्लाइओवर से आगे सर्विस रोड से जीटी रोड पर मौजूद थी। उसी दौरान एक लड़का अपने हाथों में सफेद कट्टा निकालकर एक साइड में ले जा रहा था। शक होने पर उसे रोककर उसकी तलाशी ली। उसके पास डोडा पोस्त मिला। जिसका वजन करने पर 143 किलो 250 ग्राम मिला। आरोपित के खिलाफ मादक द्रव्य निरोधक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

### अलग-अलग स्थानों से दो-पहिया वाहन चोरी गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: एंटी** व्हीकल थैफ्ट सैल सोनीपत व मोहाना थाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित जतिन उर्फ गोली निवासी सैदपुर, गुलजार निवासी उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से जतिन को जमानत मिल गई। वहीं दूसरे आरोपित को अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जांच अधिकारी सतीश ने बताया कि गत 22 सिंतबर को दीपक निवासी निजामपुर ने शिकायत देकर बताया था कि वह कुछ काम के लिए बहालगढ़ आया था। पार्क लेजर वैली में बाइक को खड़ी कर-के पार्क में चला गया। किसी ने बाइक को चोरी कर लिया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते आरोपित को काबू कर लिया। आरोपित को अदालत ने जमानत पर रिहा कर दिया। वहीं मोहाना थाने में तैनात दलबीर सिंह की टीम ने 10 जनवरी को नुर मोहम्मद की शिकायत पर दर्ज मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित गुलजार को काबू कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### तलवार व कृपाण से हमला करने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: राई** थाना पुलिस ने तलवार व कृपाण से हमला कर घायल करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को अदालत ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सतनाम व स्वरूप सिंह निवासी आदर्श नगर जहांगीरपुरा दिल्ली का है। पुलिस आरोपितों को मंगलवार सुबह कोर्ट में पेश करेगी। गांव सेवली निवासी अनिल ने गत 30 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह अपने पिता व भाई के साथ गुरुद्वारा बढ़खालसा आया हुआ था। उसी दौरान सरूप सिंह, जीते, सतनाम, मनवी, परविंद्र व वरूण ने तलवार व कृपाण से उन पर हमला कर दिया। किसी तरह उनकी जान बची। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। वारदात में शामिल छह आरोपितों को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को मंगलवार को अदालत में पेश किया जायेगा।

### ईपैक ड्यूरेबल लिमिटेड का आईपीओ 19 जनवरी 2024 को खुलेगा

**नोएडा।** ईपैक ड्यूरेबल लिमिटेड ("ईपैक" या "कंपनी"), शुक्रवार, 19 जनवरी, 2024 को इक्विटी शेयरों की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश की बोली/पेशकश खोलेगी। 10 के अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों की कुल पेशकश का आकार ? [ ?] तक का है जिसमें कुल मिलाकर ? 4,000 मिलियन [ ? 400 करोड़ ] का ("फ्रेश इशू") और 10,437,047 इक्विटी तक की बिक्री पेशकश (ऑफर फॉर सेल) शामिल है। एंकर निवेशक बोली की तारीख गुरुवार, 18 जनवरी, 2024 होगी। बोली/पेशकश के अभिदान (सब्सक्रिप्शन) के लिए शुक्रवार, 19 जनवरी, 2024 को खुलेगी और मंगलवार, 23 जनवरी, 2024 को बंद होगी। इस पेशकश का मूल्य दायरा 218 से 230 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 65 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 65 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। कंपनी इक्विटी शेयरों के फ्रेश इशू से जुटाई गई राशि का उपयोग विनिर्माण इकाइयों के विस्तार/स्थापना, हमारी कंपनी के कुछ बकाया ऋणों के आंशिक या पूर्ण रूप से भुगतान और/या पूर्व भुगतान और सामान्य कॉपोरेट उद्देश्य (पेशकश के उद्देश्य) के लिए पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण के लिए करने का प्रस्ताव कर रही है।

# भाजपा की नीतियों से परेशान प्रदेश की जनता, बदलाव देखना चाहती है: चौटाला

## चौटाला गांव राजलू गढ़ी में इनेलो युवा नेता अजय राठी के घर नव दम्पति को आशीर्वाद देने पहुंचे

**दावा**

8 अर्जुन चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से जनता परेशान हो चुकी है: अर्जुन सिंह चौटाला



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**इनेलो की** स्टूडेंट आगेर्नाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन सिंह चौटाला ने कहा कि प्रदेश में इनेलो की आइएसओ टीम व इनेलो का काफिला बढ़ता जा रहा है। लोगों का रुझान इनेलो पार्टी की ओर बढ़ रहा है। चौटाला गांव राजलू गढ़ी में इनेलो के युवा नेता अजय राठी के छोटे भाई नवीन राठी की शादी में शिरकत कर नवदम्पति को आशीर्वाद देने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। अर्जुन चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से जनता परेशान हो चुकी है। अब जनता प्रदेश में बदलाव देखना चाहती है। इस बार प्रदेश की जनता ने मन बना लिया है कि वे पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के नेतृत्व में सरकार बनाएगी। इनेलो पार्टी ने अब तक गरीब, किसान, मजदूर के लिए ही कार्य किया है और आगे भी ऐसे ही कार्य करती रहेगी। प्रदेश में बेरोजगारी चरम सीमा पर है। प्रदेश में प्रतिदिन बेरोजगारी और महंगाई बढ़ती जा रही है। प्रदेश में इनेलो की सरकार बनने पर प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को नौकरी दी जाएगी। चौटाला ने कहा कि इनेलो को संघर्ष विरासत में मिला है। संघर्ष के चलते ही इनेलो पार्टी ने बड़ी बड़ी कामयाबी हासिल की। इनेलो स्वर्गीय देवीलाल की नीतियों और सिद्धांतों पर चलकर जनहित के कार्य करती है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय देवीलाल और ओमप्रकाश चौटाला ने इनेलो को मजबूत करने का काम किया है। अर्जुन चौटाला ने कहा कि स्व. देवीलाल ने वृद्धों के सम्मान में पेंशन की शुरूआत की थी। इस मौके पर इनेलो के प्रदेश उपाध्यक्ष कुनाल गहलावत, गन्नौर हलकाध्यक्ष व पूर्व प्रत्याशी बिजेन्द्र शेखपुरा, जिलाध्यक्ष कृष्ण मलिक, जिला युवाध्यक्ष विकास, धर्मपाल , दिलबाग राठी के अलावा गणमान्य लोग मौजूद थे।

# समाजसेवी संदीप गर्ग ने लगाया गया निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ रादौर (दलबीर मलिक)प्रसिद्ध उद्योगपति एवं** समाजसेवी संदीप गर्ग की ओर से मंगलवार को गांव सढुरा में 51वां मेगा निःशुल्क हेल्थ चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने शिविर में पहुंचकर लाभ उठाया। कैम्प का शुभारंभ समाजसेवी संदीप गर्ग ने किया। स्थानीय लोगों ने संदीप गर्ग का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। कैम्प में 287 लोगों के स्वास्थ्य व आंखों की जांच की गई। 125 लोगों को निःशुल्क चश्में व दवाइयां वितरित की गई। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि लाडवा हल्के में उनकी ओर से अब तक 50 कैंप लगवाए जा चुके हैं। अब रादौर विधानसभा क्षेत्र में भी निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप लगवाए जाएंगे। जिससे कि रादौर हल्के की जनता भी कैम्पों में भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवा सकें, ताकि लोगों में बीमारियों के प्रति जागरूकता पैदा हो और वे कम बीमार पड़े। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य का ध्यान रखना अति आवश्यक है, क्योंकि स्वास्थ्य के बिना व्यक्ति का जीवन व्यर्थ है। वे यह कार्य निरंतर जारी रहेंगे और जनता की सेवा करने के लिए सदैव तत्पर रहेगें। इस अवसर पर सरपंच सढुरा जसविंदर सिंह, मलखान सिंह सढुरा, देव सिंह, हर्ष, मोहित गर्ग, मनजीत पंजेटा, डॉ. एससी सैनी, मोहनलाल अरोड़ा, देवीदयाल अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

### जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
**महेन्द्रगढ़** । गांव चितलांग में युवा मित्रा एजेंसी के माध्यम से सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग नारनौल अटल भूजल योजना पर क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महेंद्रगढ़ ब्लॉक के सीआरपी कर्मपाल यादव ने जल संरक्षण में वर्णित डिमांड और सहलाई साइड इंटरवेंशन के बारे में जानकारी दी और वर्तमान भू जल संकट का आइना भी दिखाया। भूजल स्थिति पर प्रकाश डालते हुए भू जल संरक्षण के उपाय के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जल एवं स्वच्छता कमेटी के सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता व किसानों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# लिटल एंजल्स स्कूल ने विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर मनाया चैरिटी सप्ताह

**टीम एक्शन इंडिया/जनवरी 2024** में लिटल एंजल्स स्कूल ने विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर चैरिटी सप्ताह मनाया। लिटल एंजल्स स्कूल हमेशा से ही कई चैरिटी संस्थाओं से जुड़ा हुआ है। आउटरीच प्रोग्राम के अन्तर्गत हर वर्ष स्कूल व अभिभावकों के सहयोग से बच्चे इन संस्थाओं के लिए जरूरत का सामान एकत्रित करते हैं और इन संस्थाओं से जुड़े बच्चों, वृद्धों व जरूरतमंद लोगों की हर जरूरत को पूरा करने का प्रयास करते हैं। इससे बच्चों में जरूरतमंद लोगों के प्रति सहानुभूति की भावना जाग्रत होती है और उनमें नैतिक




मूल्यों का विकास होता है। बढ़ती हुए सर्दी को देखते हुए बच्चों ने अभिभावकों व विद्यालय के सहयोग से इस वर्ष भी वृद्धाश्रम, स्प्रैड स्माइल फाउंडेशन, कुष्ठ आश्रम व श्रीराम-कृष्ण साधना केन्द्र जैसी संस्थाओं की मदद के लिए अपना भरपूर सहयोग दिया। जरूरतमंद बच्चों व बुजुर्गों से बातचीत की और उनकी दिनचर्या व खानपान आदि के बारे में जानकारी हासिल की। स्प्रैड स्माइल फाउंडेशन से जुडे. अल्पसुविधा प्राप्त बच्चों ने विद्यालय में पिकनिक मनाई, इन बच्चों को विद्यालय की तरफ से किताबें, खिलौने, स्वैटर्स, खाने की वस्तुएं, साबुन, शैंपू, टूथब्रश, तौलिए, हैंड सैनेटाइजर, जूते व अन्य सभी जरूरत की चीजें दी गई। इसी के साथ विद्यालय की तरफ से वृद्धाश्रम व कुष्ठ आश्रम के 25 परिवारों को गर्म कपड़े, दवाइयाँ व अन्य जरूरत का सामान दिया गया। साथ ही श्रीराम-कृष्ण साधना केन्द्र के नन्हे बच्चों के लिए राशन, खिलौने, किताबें, गीजर व उनकी अन्य जरूरत का बहुत सा सामान दिया गया।

### शिक्षिका का पर्स छीनकर भागने के दोषी को पांच साल कैद की सजा

**सोनीपतः सेक्टर-27** शहर थाना सोनीपत क्षेत्र में शिक्षिका का पर्स छीनकर भागने की वारदात में शामिल आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद गोयल की अदालत ने दोषी को पांच साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 30 हजार रुपये जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना अदा न करने पर दोषी को सात माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सेक्टर-15 में गुरुद्वारा वाली गली निवासी नीलू त्यागी ने 1 जुलाई, 2022 को सेक्टर-27 थाना पुलिस को बताया था कि वह मुरथल ब्वायज विद्यालय में शिक्षिका है। वह अपनी साथी शिक्षिका की स्कूटी से सोनीपत आ रही थी। सेक्टर-15 में पहुंची तो अचानक बाइक पर आए एक युवक ने उनका पर्स झपट लिया था और भाग गया था। उनके पर्स में मोबाइल, ढाई हजार रुपये, डेबिट कार्ड, पासबुक, स्कूल की चाबी और जरूरी कागजात थे। पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित गांव फाजिलपुर निवासी विक्की को गिरफ्तार किया था। उसे अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।मामले में सुनवाई के बाद सेशन जज प्रमोद गोयल ने आरोपित विक्की को दोषी करार दिया।

अदालत ने दोषी को भादंसं की धारा 379ए में पांच साल कैद व 25 हजार रुपये जुर्माना व धारा 411 में दो साल कैद व पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

# 'भारत विकसित देशों की श्रेणी में होगा शामिल'

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**राई** से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विजन व देशवासियों के संकल्प से वर्ष 2047 तक भारत पूरी तरह आत्मनिर्भर होकर विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि जो भी व्यक्ति केंद्र सरकार की योजनाओं से वंचित रह गए हैं, उन तक ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्ण के माध्यम से योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। मोदी की ह्यगारंटीह्ण वैन देशभर में



घूम-घूम कर गरीबों व वंचितों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित कर रही है। विधायक मोहनलाल बड़ौली ने मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव ताजपुर तथा टिकौला में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के कार्यकाल में जहां गरीबों का कल्याण हुआ है।

# 'सर्व कर्मचारी संघ रोहतक रैली में करेगा बड़े आंदोलन की घोषणा'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)आज** दिनांक 16 जनवरी 2024 को सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र की टीम आक्रोश रैली की तैयारियों को लेकर विभागों में जाकर कर्मचारियों से मिटिंग कर? 4 फरवरी की आक्रोश रैली का न्योता दिया।आज की टीम में ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र, नरेश कुमार राज्य महासचिव सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा , , आनंद सिंह ब्लाक प्रधान थानेसर व रावल गुप्ता जिला कैशियर सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र उपस्थित रहे।ओमप्रकाश व नरेश कुमार राज्य महासचिव ने आक्रोश रैली के मांगों पर एलएनजेपी अस्पताल कुरुक्षेत्र जिला सचिव कुरुक्षेत्र अंकुर सौडी स्वास्थ्य विभाग कुरुक्षेत्र, कुंटिया प्रधान रजवंत कौर, रजनीश मिश्रा मैस कर्मचारी संघ प्रधान, सिंचाई विभाग ज्योतिसर व नगर पालिका कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र की चल रही हड़ताल पर बोलते हुए संयुक्त रूप से बताया कि पुरानी पेंशन बहाली की बात हो, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की बात हो।

# कुंडली नपा की विधायक की अध्यक्षता में हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/राई।** कुण्डली नगर पालिका के विकास कार्यों को लेकर राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली की अध्यक्षता में मंगलवार को राई स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में कुण्डली नगर पालिका के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कुण्डली नगर पालिका क्षेत्र में रहने वाले लोगों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर आने वाली समस्याओं का तुरंत निपटान किया जाए ताकि लोगों को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़ा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पेयजल, गन्दे पानी



की निकासी, बिजली व अन्य सभी सुविधाओं को लेकर लोगों को कोई भी दिक्कत नहीं आनी चाहिए। विधायक ने कहा कि कुण्डली नगर पालिका क्षेत्र में जो भी विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं उन कार्यों को पूरा करने में तेजी लाई जाए ताकि सभी कार्य समय पर पूरे हो सकें। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब लोगों के उत्थान के लिए अनेक अंत्योदय उत्थान योजनाएं लागू कर रही है, ताकि गरीब लोगों की आमदनी का बढ़ाया जा सके और उन्हें भी समाज की मुख्यधारा से जुड़ा जा सके। बैठक में विधायक ने नपा अध्यक्ष सहित पार्षदों व संबंधित अधिकारियों से कुण्डली क्षेत्र में चलाए जा रहे विकास कार्यों को लेकर भी रिपोर्ट ली और कुण्डली के विकास, मांगों व आवश्यकताओं पर विचार-विमर्श भी किया। बैठक में नगर पालिका कुण्डली की अध्यक्ष शिमला देवी, वाईस चेयरमैन अशोक भारद्वाज, नगर पालिका के सभी पार्षद सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहेरा। उधर कुण्डली नगर पालिका के विकास कार्यों को लेकर राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली की अध्यक्षता में मंगलवार को राई स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में कुण्डली नगर पालिका के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया।

# सदानंद बाल विद्या मंदिर में वार्षिकोत्सव 'उड़ान-2024' आयोजन

## स्कूल के 51 वर्ष पूरे होने की खुशी में प्री-नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**
**सदानंद** बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 51 वर्ष पूरे होने की खुशी में वार्षिकोत्सव 'उड़ान-2024' का धूमधाम से आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। इस दौरान प्री-नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि ललित गोयल डायरेक्टर ऑफ एल के होंडा, डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स पानीपत, जिला संपर्क प्रमुख आरएसएस ने शिरकत की। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता राजरूप कुंडू, नफे सिंह ने की। विक्टर



पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विक्रम गांधी विशिष्ट अतिथि रहे। चेयरमैन राकेश सैनी व प्रधानाचार्या सुधा आर्या ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।स्कूल की प्रधानाचार्या सुधा आर्या ने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 51 वर्ष पूर्व इस विद्या के मंदिर की शुरूआत की गई थी। जो शिक्षा के क्षेत्र में एक अग्रणी कदम था। वर्तमान समय में शिक्षा के बिना जीवन संभव नहीं है। यदि जीवन को सरल एवं सुगम बनाना है तो शिक्षा बहुत जरूरी है। जो मेहनत के बिना संभव नहीं है। अच्छी शिक्षा के बिना तरक्की व विकास संभव नहीं है। इसलिए विद्यार्थी जीवन में शिक्षा को महत्व देना चाहिए। तभी हम अपने जीवन सुगम बना सकते हैं। उन्होंने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

**शिक्षा का महत्व**

8 विद्यार्थी जीवन में शिक्षा को महत्व देना चाहिए। तभी हम अपने जीवन सुगम बना सकते हैं

# 'सरकार पटवारी और कानूनगो की वेतन विसंगति की त्रुटि को दूर नहीं कर रही'

## स कारण आमजन काफी परेशान है। सरकार बेवजह कर्मचारियों को परेशान कर रही

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**
**सरकार गूंगी** और बहरी हो कर जनता को परेशान कर रही है। 13 दिन होने के बावजूद भी सरकार पटवारी और कानूनगो की वेतन विसंगति की त्रुटि को दूर नहीं कर रही है । इस कारण आमजन काफी परेशान है। सरकार बेवजह कर्मचारियों को परेशान कर रही है । यह शब्द आज दी रिवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के बैनर तले चल रहे सांकेतिक धरने को संबोधित करते हुए सुभाष चंडालिया नगर निगम कर्मचारी संघ के जिला पानीपत प्रधान ने कहे । उन्होंने कहा कि सरकार एक तरफ तो कहती है हम सब का विकास करेंगे सबको



साथ लेकर चलेंगे तो पटवारी भी इस विचारधारा में शामिल करने चाहिए । जो सरकार ने मांग मान ली है उसको पूरा कर देना चाहिए। आजाद सिंह मलिक पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हरियाणा रोडवेज व वर्तमान हरियाणा किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि सरकार कर्मचारियों के साथ खिलवाड़ कर रही है । इस खिलवाड़ को बंद करें सरकार कर्मचारियों की मांग पूरी करें और इन्हें जनता के काम को करने के लिए काम पर लोटा दे। मलिक ने कहा कि सरकार से तानाशाही रवैए से सरकार कर्मचारियों को परेशान कर रही है । इससे काफी रोग फैलता है इससे काफी रोष फैलता है । आज आज धरने का संबोधित करते हुए मुकेश कुमार जिला प्रधान व विजेंद्र शर्मा उप प्रधान ने कहा की हम कर्मचारी जनता और सरकार का काम करना चाहते हैं परंतु सरकार कर्मचारियों को पर बैठने के लिए मजबूर कर रही है। इस कारण पानीपत जिले में 30000 से ज्यादा इंतकाल पेंडिंग है। लगभग 15000 डोमिसाइल आय प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र पेंडिंग है ।लगभग 50 करोड रुपए का राजस्व का नुकसान हो चुका है । यदि सरकार समय रहते न जागी तो आगे कर्मचारियों में काफी रोष फैल जाएगा । मीडिया प्रभारी सुधांशु ने बताया की 13 दिन बाद भी सरकार ने धरने पर चल रहे पटवारी और कर्मचारियों के कोई सुध नहीं ली इस कारण इस कड़ाके की सर्दी में आमजन और कर्मचारी परेशान है । आज भी सरकार ने कोई वातालार्प के लिए नहीं बुलाया। न ही समस्या का कोई समाधान निकाल सकी। इस कारण प्रांतीय कार्यकारिणी ने 18 और 19 जनवरी को धरने का आह्वान किया है।

**विरोध**

8 हम सब का विकास करेंगे सबको साथ लेकर चलेंगे तो पटवारी भी इस विचारधारा में शामिल करने चाहिए

# 'सफलता का जुनून सिर पर सवार हो तो फिर कोई भी चीज बाधा नहीं बन पाती'

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**शहर के** वार्ड 5 में महादेव नगर के खिलाड़ी विशु त्यागी ने 22वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स स्पर्धा में 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर जिला व प्रदेश का नाम रोशन किया है। ये स्पर्धा 10 से 13 जनवरी तक गोवा में आयोजित हुई। मंगलवार को मेडल विजेता विशु त्यागी गन्नौर अड्डे पर पहुंचे। यहां उनका बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के एमडी एवं समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने माला पहनाकर स्वागत कर उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके बाद बाइकों के काफिले के साथ खुली जीप में बैठाकर घर तक ले जाया गया। मुख्यातिथि



वीरेंद्र कादियान ने कहा कि किसी भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी जी-जान से मेहनत करनी चाहिए और खिलाड़ी विशु त्यागी ने ये साबित कर दिखाया है कि यदि सफलता पाने का जुनून सिर पर सवार हो तो फिर कोई भी चीज बाधा नहीं बन पाती भले ही वो दिव्यांगता ही क्यों ना हो। खिलाड़ी विशु त्यागी ने बताया कि उसे बचपन से ही नाइट ब्लाइंडनेस की समस्या थी, उसे हमेशा चिंता सताती रहती कि जीवन में किस तरह आगे बढ़ा जाए। लेकिन उसने पीछे मुड़कर नहीं देखा और लगातार लंबी कूद व 100 मीटर दौड़ में निखार लाने को लेकर प्रयासरत रहा।

**विशु ने अब तक ये पदक जीतकर किया नाम रौशन:** साल 2022 में राष्ट्रीय एथलेटिक्स स्पर्धा में गोल्ड व कांस्य मेडल जीता।
- साल 2023 में राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स स्पर्धा में रजत पदक जीता।
- साल 2023 दिसंबर में दिल्ली में आयोजित खेलो इंडिया पैरा खेलों में प्रतिभागिता की।

# राममय माहौल के बीच आप का सुंदरकांड पाठ

## मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मंगलवार को रोहिणी के हनुमान मंदिर पहुंचे, इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी सुनीता भी साथ मौजूद रही

**रामोत्सव**

**8 आप सुंदरकांड पाठ करा रही है। केजरीवाल रोहिणी के प्राचीन श्री बालाजी हनुमान मंदिर पहुंचे**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मंगलवार को रोहिणी के हनुमान मंदिर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी सुनीता भी साथ थीं। वह आम आदमी पार्टी द्वारा कराए जा रहे सुंदरकांड पाठ में शामिल हुए हैं। पार्टी राजधानी में कई जगह सुंदरकांड पाठ करा रही है। अरविंद केजरीवाल लगभग तीन बजे रोहिणी के प्राचीन श्री बालाजी हनुमान मंदिर पहुंचे। मौके पर आप कार्यकर्ताओं की भी भीड़ थी। राममय माहौल के बीच आम आदमी पार्टी सुंदरकांड का पाठ करा रही है। पार्टी दिल्ली और देश के सभी लोगों की सुख शांति और तरक्की के लिए सुंदरकांड पाठ करा रही है। **महीने के पहले मंगलवार को** लिए नया संगठन बनाया है। यह संगठन आप विधायकों और पार्षदों के साथ मिलकर हर महीने के पहले मंगलवार को सभी विधानसभा क्षेत्रों में सुंदरकांड पाठ का आयोजन करेगा।

### 'दिल्ली और भारत की जनता ने उट केजरीवाल का सनातन विरोधी चेहरा देख लिया'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आम आदमी पार्टी राजधानी दिल्ली में कई जगहों पर सुंदरकांड पाठ करा रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी सोशल मीडिया साइट एक्स पर भी पोस्ट कहा कि वो भी मंगलवार को अपनी पत्नी के साथ सुंदरकांड पाठ में शामिल होंगे। इसके साथ ही भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने उन पर निशाना साधा है।
मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, "सबकी सुख शांति और तरक्की के लिए कल आम आदमी पार्टी दिल्ली में कई जगह सुंदरकांड का पाठ करवा रही है। मैं भी अपनी धर्मपत्नी के साथ 3 बजे रोहिणी के मंदिर में सभी भक्तजनों के साथ सुंदरकांड पाठ करूंगा। आप सभी अपनी सुविधानुसार अपने घर के पास होने वाले पाठ में आमंत्रित हैं।"
**क्या बोले भाजपा सांसद?**
मनोज तिवारी ने कहा कि इंडिया गठबंधन की पार्टियां भगवान राम और सनातन धर्म के बारे में गलत बातें करती हैं और अरविंद केजरीवाल उनका समर्थन करते हैं।
यह अच्छा है कि वे 'सुंदरकांड पाठ' का आयोजन कर रहे हैं, लेकिन मुझे चिंता है कि इस आयोजन के दौरान कोई घोटाला नहीं होगा। कौन जानता है कि पैसा कहां से आएगा, और वे किसके पैसे का उपयोग करेंगे। भले ही दिल्ली और भारत की जनता ने उनका सनातन विरोधी चेहरा देख लिया हो। अच्छा है कि वे लोगों से डरते हैं।

### अयोध्या में राम मंदिर बनने पर सभी को बधाई- सौरभ भारद्वाज

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर पूरी दिल्ली में आयोजित होने जा रहे सुंदर कांड के आयोजन को लेकर जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि पहले से ही आम आदमी पार्टी के कई विधायकों की ओर से अपने-अपने क्षेत्रों में सुंदर कांड का कार्यक्रम कराया जाता रहा है। कुछ साथी मंगलवार को हनुमान चालीसा भी अपने-अपने क्षेत्रों में कराते हैं, लेकिन अब पार्टी ने तय किया है कि सुंदरकांड पाठ का आयोजन तयबद्ध तरीके से पूरी दिल्ली में पार्टी की ओर से किया जाएगा। इस मौके पर मीडिया के सवाल पर भारद्वाज ने अयोध्या में राम मंदिर बनने पर सभी को बधाई दी और कहा कि यह हमारे लिए खुशी और गौरव की बात है।

# हवा अब भी 'बहुत खराब'

## दिल्ली की वायु गुणवत्ता में कुछ सुधार देखा गया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली की वायु गुणवत्ता में कुछ सुधार देखा गया। एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) गंभीर से वापस बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया। अब यह बात अलग है कि राजधानी के चार इलाकों की हवा गंभीर श्रेणी में ही बनी रही। यहां का एक्यूआई 400 ऊपर दर्ज किया गया। हाल फिलहाल वायु प्रदूषण की यही स्थिति बने रहने की उम्मीद है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक दिल्ली का एक्यूआई 88 अंकों के सुधार के साथ 359 अंक दर्ज हुआ। इसे बहुत खराब श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पहले यह 447 यानी गंभीर श्रेणी में था। सोमवार को दिन भर धूप निकलने और हवा की रफ्तार थोड़ी बढ़ने के चलते ही इसमें सुधार हुआ। उधर मानकों के मुताबिक हवा में प्रदूषक कण पीएम 10 का स्तर 100 से कम होने और पीएम 2.5 का स्तर 60 से कम होने पर ही उसे स्वास्थ्यकारी माना जाता है। दिल्ली की हवा में चार बजे पीएम 10 का औसत स्तर 260 और पीएम 2.5 का औसत स्तर 167 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर रहा। यानी हवा में अभी भी ढाई गुना से ज्यादा प्रदूषण मौजूद है।

# फ्रांस ने परेड में मेहमान बनने का रिकॉर्ड तोड़ा

**परंपरा**

**8 इमैनुएल मैक्रॉन भारत के 75वें गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे, 6 बार आमंत्रित होने वाला एकमात्र देश**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
गणतंत्र दिवस पर होने वाली सालाना परेड में किसी न किसी विदेशी मेहमान को मुख्य अतिथि बनाने की परंपरा रही है। मित्र देशों के राष्ट्राध्यक्ष को परेड का मेहमान बनाने का रिकॉर्ड इस साल फ्रांस ने तोड़ दिया है। इस बार फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन भारत के 75वें गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे, जिससे फ्रांस 6 बार आमंत्रित होने वाला एकमात्र देश बन जाएगा, जो किसी भी देश के लिए सबसे अधिक है। भारत सरकार हर साल एक विदेशी नेता को गणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर आमंत्रित करती है। भारत में गणतंत्र दिवस के मौके पर विदेशी नेता को आमंत्रित करने का मुख्य उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देना और भारतीय संस्कृति की विविधता और समृद्धि को दिखाना है।
देश में संविधान लागू होने के बाद प्रथम चार गणतंत्र दिवस परेड समारोह विभिन्न स्थानों (लाल किला, रामलीला मैदान, इरविन स्टेडियम, किंग्सवे मार्ग) पर आयोजित किये गए थे।

# नवंबर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने 15.92 लाख नए सदस्य जोड़

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने नवंबर में ईएसआई योजना के तहत 15.92 लाख नए कर्मचारियों को जोड़ा है। नवंबर, 2023 में करीब 20,830 नए प्रतिष्ठानों को पंजीकृत किया गया। इसके साथ ही इनके कर्मचारियों को ईएसआईसी की सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया गया है। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि नवंबर महीने में 15 लाख 92 हजार नए कर्मचारियों को ईएसआई योजना में जोड़ा गया है। इस दौरान ईएसआई योजना के तहत करीब 20 हजार 830 नए प्रतिष्ठान पंजीकृत किए गए, जिनके कर्मचारियों को राज्य बीमा योजना की सामाजिक सुरक्षा के तहत लाया गया। इस तरह अधिक श्रमिकों के लिए योजना का कवरेज सुनिश्चित किया गया है। आंकड़ों के मुताबिक नवंबर में युवाओं के लिए अधिक नौकरियों का सृजन हुआ।

**सृजन**

**8 आंकड़ों के मुताबिक नवंबर में युवाओं के लिए अधिक नौकरियों का सृजन हुआ**




दिल्ली में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष में फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन द्वारा श्री राम शोभा यात्रा निकाली।

# लैंड फार जॉब केस में ईडी की चार्जशीट पर सुनवाई गुरुवार को







**आदेश**

**8 स्पेशल जज विशाल गोगने ने इस मामले पर अगली सुनवाई 18 जनवरी को करने का आदेश दिया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब मामले में ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर सुनवाई टाल दी है। आज ईडी ने आंशिक दलीलें रखीं। स्पेशल जज विशाल गोगने ने इस मामले पर अगली सुनवाई 18 जनवरी को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान आज ईडी की ओर से पेश वकील मनीष जैन ने कहा कि आरोपित अमित कात्याल ने 2006-07 में एक इंफोसिस्टम नामक कंपनी का गठन किया। ये कंपनी आईटी से जुड़ी हुई थी। कंपनी ने वास्तविक रूप से कोई व्यापार नहीं किया बल्कि कई भूखंड खरीदे। इनमें से एक भूखंड लैंड फॉर जॉब के अपराध से हासिल किया गया। इस कंपनी को 2014 में राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव के नाम पर एक लाख रुपये में ट्रांसफर कर दिया गया। मनीष जैन ने कहा कि इस मामले में ईडी ने केवल अमित कात्याल को गिरफ्तार किया है। नौ जनवरी को ईडी ने इस मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी ने चार्जशीट में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, मीसा भारती, हिमा यादव, हृदयानंद चौधरी और अमित कात्याल को आरोपित बनाया है। ईडी ने हाल ही में अमित कात्याल को गिरफ्तार किया था। लैंड फॉर जॉब मामले में ईडी के पहले सीबीआई ने केस दर्ज की थी। सीबीआई का मामला भी दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में ही चल रहा है। सीबीआई से जुड़े मामले में कोर्ट ने 4 अक्टूबर, 2023 को बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, लालू यादव और राबड़ी देवी को जमानत दी थी।

# कांग्रेस ने वर्षों रामलला को रखा टेंट में: अनुराग



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मंगलवार को नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजन-अर्चना कर मंदिर परिसर की साफ सफाई कर श्रमदान किया।
इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने कहा, कांग्रेस ने वर्षों तक हमें श्री राम को टेंट में रखा। यह वही लोग हैं जिन्होंने श्री राम और रामसेतु को काल्पनिक बताया था। फिर से बाबरी मस्जिद के निर्माण का वादा किया था। राम मंदिर ना बने इसके लिए वकीलों की फौज खड़ी की थी। लेकिन करोड़ों राम भक्तों व कार्यकर्ताओं के संघर्ष के बदौलत आज 500 वर्षों की प्रतीक्षा का अंत हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह तारीख पूछने वालों को करारा जवाब है। हमने तारीख, स्थान और समय के साथ-साथ उन्हें निमंत्रण भी भेज दिया है। आज यह इधर-उधर भाग रहे हैं ताकि इन्हें प्राण प्रतिष्ठा समारोह में न जाना पड़े। पहले यह कह रहे थे कि हमें निमंत्रण नहीं मिला और अब निमंत्रण मिल गया है तो अलग बहाने बना रहे हैं। इन्होंने पहले राम मंदिर के निर्माण को लटकाया और अब जनता को भटकाने और भड़काने का काम कर रहे हैं। इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में अब मात्र 6 दिन शेष हैं। प्रभु श्री राम के आगमन की खुशी में और प्रधानमंत्री जी के आग्रह पर आज पूरा देश राममय होकर अपने आसपास के क्षेत्रीय मंदिरों में साफ सफाई कर रहा है। इसी का अनुसरण करते हुए मैं भी आज यहां प्राचीन हनुमान मंदिर में अपनी श्रमदान कर अनुगृहीत हुआ। मैं बाकी सभी लोगों से भी अनुरोध करता हूं कि वह सभी भी इस स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। मंदिर परिसरों में गंदगी फैलाने से बचें, कूड़ेदान का प्रयोग अवश्य करें।"
दिल्ली के आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि जब से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार आई है तब से एक भी मंदिर के पुजारी को कुछ नहीं मिला।

**साधा निशाना**

**8 जब से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार आई है तब से एक भी मंदिर के पुजारी को कुछ नहीं मिला।**

# दिल्ली में धूप होगी लेकिन कोहरा भी छाएगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
ठंडक के इस मौसम में दिल्ली के तापमान में अचानक कोई बदलाव नहीं आने वाला है। मौसमी प्रभाव से ठंडक की तीव्रता धीरे धीरे कम हो जाएगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) वैज्ञानिक सोमा सेन ने दिल्ली और उत्तर भारत में मौसम की स्थिति पर मीडिया से बातचीत में प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही। सोमा सेन के अनुसार दिल्ली और उत्तर भारत में हम न्यूनतम तापमान में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं कर रहे हैं।
उन्होंने यह भी कहा है कि हो सकता है कि धूप खिलने के कारण तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी हो लेकिन कोहरा छाया रहेगा।
सोमा सेन ने यह भी कहा है कि पड़ोसी क्षेत्रों में कम बादलों की स्थिति भी जारी रह सकती है, जिसके कारण हरियाणा और पंजाब में अगले दो से तीन दिनों तक गंभीर ठंडे दिन की स्थिति देखी जाएगी।

**धुंध**

**8 हो सकता है कि धूप खिलने के कारण तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी हो लेकिन कोहरा छाया रहेगा**

# दिल्ली सरकार छह शहीद जवानों के परिवार को देगी एक-एक करोड़ की सम्मान राशि

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली सरकार ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले दिल्ली के छह शहीद जवानों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये की सम्मान राशि देगी। केजरीवाल सरकार दिल्ली पुलिस में तैनात एएसआई ओम प्रकाश व एएसआई राधेश्याम, भारतीय सेना में तैनात मेजर रघुनाथ व कैप्टन जयंत जोशी, दिल्ली सिविल डिफेंस कर्मी पुनीत गुप्ता और फायर ऑपरेटर प्रवीर कुमार के परिवार को यह सम्मान राशि देगी। इस संबंध में राजस्व विभाग से आए प्रस्ताव को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपनी मंजूरी दे दी है। इस बाबत दिल्ली की राजस्व मंत्री आतिशी ने बताया कि दिल्ली सरकार सेना, पुलिस, पैरामिलिट्री, दिल्ली सिविल डिफेंस, होम गार्ड के जवानों की बहादुरी का सम्मान करती है। हमारी सरकार वर्दी पहनने वाले हर एक उस जवान की कद्र करती है जो अपनी जान पर खेल कर देश और समाज की रक्षा करते हैं। दिल्ली सरकार इनके जज्बे को सलाम करती है। राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि सरकार में आते ही मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देश की रक्षा करते हुए अपनी जान गंवाने वाले शहीदों के परिवारों को एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि देने शुरू किया। इस सम्मान राशि से शहीदों के परिवारों के नुकसान की भरपाई तो नहीं की जा सकती, लेकिन उनके परिवार को एक सम्मान जनक जीवन जीने में थोड़ी मदद जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने 6 बहादुर सिपाहियों की शहादत को नमन करते हुए उनके परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार हमेशा शहीदों के परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। दिल्ली सरकार की यह योजना देश की सेवा कर रहे उन सभी वर्दीधारी सैनिकों को यह आत्म विश्वास देती है कि सरकार और समाज उनके परिवार के साथ है।



# संसद की सुरक्षा: नीलम की जमानत पर फैसला गुरुवार को

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने संसद की सुरक्षा में सेंध मामले की आरोपित नीलम की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। एडिशनल सेशंस जज हरदीप कौर ने नीलम की जमानत याचिका पर 18 जनवरी (गुरुवार) को फैसला सुनाने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस की ओर से वकील अखंड प्रताप सिंह ने नीलम की जमानत का विरोध करते हुए कहा कि इस मामले में आरोप बेहद गंभीर हैं। एफआईआर में दर्ज मामलों में उम्रकैद और फांसी तक का प्रावधान है। उन्होंने संसद की सुरक्षा में सेंध लगाकर देश की एकता और संप्रभुता को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि आरोपित के खिलाफ यूएपीए के तहत केस चलाने के लिए उसके पास पर्याप्त और पुख्ता सबूत हैं। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में जांच अभी जारी है। जमानत मिलने पर वह गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं, क्योंकि आरोपित प्रभावशाली हैसियत रखते हैं। कोर्ट ने 13 जनवरी को सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। इसके पहले कोर्ट ने इस मामले के आरोपित सागर शर्मा और मनोरंजन ने पॉलीग्राफी, नार्को और ब्रेन मैपिंग टेस्ट जबकि ललित झा, महेश कुमावत और अनमोल का पॉलीग्राफी टेस्ट और नीलम का पॉलीग्राफी टेस्ट कराने का आदेश दिया था। दिल्ली पुलिस ने इन आरोपितों के खिलाफ यूएपीए की धारा 16ए के तहत आरोप लगाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि 13 दिसंबर को संसद की विजिटर गैलरी से दो युवक चैंबर में कूदे। कुछ ही देर में एक युवक ने डेस्क के ऊपर चलते हुए अपने जूतों से कुछ निकाला और अचानक पीले रंग का धुआं निकलने लगा। इस घटना के बाद सदन में अफरा-तफरी मच गई।



**सुनवाई**

**8 आरोपित के खिलाफ यूएपीए के तहत केस चलाने के लिए उसके पास पर्याप्त और पुख्ता सबूत**

# आईएनडीआईए और भाजपा का पहला चुनावी मुकाबला है चंडीगढ़ मेयर चुनाव: आप

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए बनाम भाजपा के बीच मुकाबला चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भी होने जा रहा है। आगामी 18 जनवरी को होने जा रहे चंडीगढ़ मेयर का चुनाव आईएनडीआईए गठबंधन मिलकर लड़ेगा। मंगलवार को आम आदमी पार्टी ने इस बात एलान किया। आप के सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि यह आईएनडीआईए बनाम भाजपा का पहला मैच होगा, जो देश की राजनीति की तकदीर, तस्वीर, दशा और दिशा बदलने वाला होगा। साथ ही यह चुनाव 2024 के लोकसभा चुनाव का आगाज भी होगा।

# परेड रिहर्सल: चार दिन तक बंद रहेंगे रास्ते

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
गणतंत्र दिवस को लेकर दिल्ली में तैयारियां जोरों पर है। अभी परेड रिहर्सल चल रही है। इस कारण चार दिन तक कई मार्ग बंद रहेंगे। इसे लेकर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल को देखते हुए 17, 18, 20 और 21 जनवरी को विजय चौक से इंडिया गेट तक यह रिहर्सल की जाएगी। इस दौरान कई मार्ग बंद रहेंगे।
**इस समय और इन रास्तों पर बंद रहेगा ट्रैफिक:** एडवाइजरी में बताया गया है कि बुधवार, गुरुवार, शनिवार और रविवार को सुबह 10.15 से दोपहर 12.30 बजे तक इन मार्गों यातायात प्रतिबंधित रहेगा। निर्देश के अनुसार, कर्तव्य पथ पर परेड की मुक्त संचलन को आसान बनाने के लिए कर्तव्य पथ-रफी मार्ग चौराहा, कर्तव्य पथ-जनपथ चौराहा, कर्तव्य पथ-मानसिंह रोड चौराहा और कर्तव्य पथ-सी हेक्सागन पर यातायात की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। यातायात परिवर्तित होने की वजह से कई मार्गों पर भीड़भाड़ होने की संभावना है। इसे देखते हुए पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वह समय लेकर घर से बाहर निकलें। नियम और सड़क अनुशासन का पालन करें। सभी चौराहे तैनात यातायात पुलिस कर्मियों के निर्देश का पालन करें। किसी भी असुविधा से बचने के लिए अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं।



**गाइडलाईंस**

**सभी चौराहे तैनात यातायात पुलिस कर्मियों के निर्देश का पालन करें। अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं।**

# गांव ढींढार व नामुंडा में पहुंची विकसित भारत यात्रा

## ार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे तथा उन्होंने आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलवाई

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**भाजपा** समालखा मंडल महामंत्री नरेश बेनीवाल और भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के सह संयोजक सुभाष कुहाड़ बुधवार को गांव ढिंढार और गांव नामुंडा में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे तथा उन्होंने आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों को 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलवाई।



नरेश बेनीवाल ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए सरकार कृत संकल्प है। सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों को सुगमता से दिलवाया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जन संवाद कार्यक्रम में जो लाभार्थी किसी कारणवश योजना का लाभ लेने से वंचित रह गया है उसे मौके पर ही औपचारिकताएं पूरी करवाकर योजना का लाभ दिलवाने का काम किया जा रहा है।

सुभाष कुहाड़ ने गांव नामुंडा में कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है तथा हरियाणा में विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे प्रदेश के लगभग 6200 गांवों के साथ-साथ शहरों के वार्डों को भी कवर करेगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ जनसंवाद कार्यक्रम को भी जोड़ा गया है।

जिससे कि लोगों के साथ सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को जानकर उनका निवारण करवाया जा रहा है तथा इसके साथ-साथ आमजन को केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कामों से अवगत कराया जा रहा हैं। इस मौके पर उन्होंने स्टॉलों का अवलोकन भी किया और स्टालों के माध्यम से सरकार की योजनाओं बारे आमजन को जानकारी दी जा रही थी उस बारे

**संकल्प**

**8 केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए सरकार कृत संकल्प**

उपस्थित कर्मचारियों को कहा कि जो भी पात्र व्यक्ति यहां पर आ रहा है उसे योजनाओं बारे सम्पूर्ण जानकारी देकर उसका मार्गदर्शन करते हुए उसे योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए सहायता करें। इसके साथ-साथ यदि किसी की परिवार पहचान पत्र, आयुष्मान कार्ड, वृद्ध सम्मान भत्ता या अन्य जो भी उसकी कोई समस्या है उसका निवारण करने का काम भी करें। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यातिथि द्वारा उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को भी निशुल्क गैस कनेक्शन वितरित किए गए। फोटो परिचय-1 से 4- गांव नामुण्डा में मंच पर उपस्थित, उज्जवला योजना के लाभार्थी को गैस किट वितरित करते हुए, सरपंच को अभिनन्दन पत्र देते हुए व स्टॉल का निरीक्षण करते हुए भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के सह संयोजक सुभाष कुहाड़। फोटो परिचय-5 से 8-गांव ढिंढार में उज्जवला योजना के लाभार्थी को गैस किट प्रदान करते हुए, मेघावी छात्राओं को सम्मानित करते हुए, सरपंच को अभिनन्दन पत्र देते हुए व स्टॉल का निरीक्षण करते हुए भाजपा समालखा मंडल महामंत्री नरेश बेनीवाल और भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के सह संयोजक सुभाष कुहाड़।

# नगर कीर्तन का जगह-जगह हुआ स्वागत

**प्रकाशोत्सव**

**8 गुरुद्वारा साहिब से निकाली जाने वाली प्रभात फेरियां गुरुद्वारा बादशाही बाग साहिब पहुंची**



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव पर गुरुद्वारा बादशाही बाग से नगर कीर्तन निकाला गया। सुबह समस्त गुरुद्वारा साहिब से निकाली जाने वाली प्रभात फेरियां गुरुद्वारा बादशाही बाग साहिब पहुंची। जिसके बाद नगर कीर्तन की तैयारी आरंभ हुई। शहर के सभी गुरुद्वारा साहिब से स्त्री सत्संग सेवा सोसायटी और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य गुरुद्वारा साहिब में एकत्रित हुए। जिसके बाद अरदास हुई और उसके बाद पंज प्यारों की अगुवाई में हर साल की तरह नगर कीर्तन आरंभ हुआ। गुरुद्वारा बादशाही बाग से आरंभ हुए नगर कीर्तन का शहर में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विशेष तौर पर पालकी साहिब को फूलों से सजाया गया। नगर कीर्तन में गतका पार्टियों ने जौहर दिखाए। नगर कीर्तन गुरुद्वारा बादशाही बाग से होता हुआ मानव चौक, अनाज मंडी चौक, अग्रसेन चौक, बस स्टैंड रोड से होता हुआ अंबाला शहर के विभिन्न बाजारों से गुजरा। नगर कीर्तन में संगत गाड़ियों, ट्रैक्टर ट्रालियों पर केसरी दुपट्टे और केसरी पगड़िया पहन कर पहुंची। वहीं स्कूली बच्चों ने भी नगर कीर्तन में भाग लिया और गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन संबंधी शब्दों का गायन किया। नगर कीर्तन के स्वागत के लिए जगह-जगह लंगर लगाए गए।

## न्यूज फ्लैश


### राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2024 हुए संपन्न

**नई दिल्ली।** 27 वें राष्ट्रीय महोत्सव के 4थे दिन देश भर से आये 15 युवाओं को राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2021 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार माननीय राज्यमंत्री, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय निशीथ प्रमानिक के हाथों युवाओं सम्मानित हुआ। इस दौरान युवा मंत्रालय की डायरेक्टर माननीय श्रीमती वनिता सूद, माननीय विभागीय आयुक्त राधाकृष्ण गमे और महाराष्ट्र के माननीय खेल आयुक्त डॉ.सुहास दिवसे मौजूद रहे। नासिक शहर में आयोजन हो रहे राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान आयोजित राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित युवाओं के नाम कुछ इस प्रकार है : अधि दैव (17), गुरुग्राम, हरियाणा, अंकित सिंह, छत्तरपुर, मध्य प्रदेश, बिसाठी भरत , अनंतपुरम, आंध्र प्रदेश, केवल किशोरभाई पावरा (27) बोटाद, गुजरात, सूपल्लवी ठाकुर (26), पठानकोट, पंजाब, प्रभात फोगाट (25), झज्जर, हरियाणा राम बाबू शर्मा (28), जयपुर, राजस्थान, रोहित कुमार (29), चंडीगढ़, साक्षी आनंद (26), पटना, बिहार, सम्राट बसाक (28), धलाई, त्रिपुरा, सत्यदेव आर्य (30), बरेली, उत्तर प्रदेश सुवैष्णवी श्याम गोतमारे (26), अकोला, महाराष्ट्र, सुविधी सुभाष पलसापुरे (26), लातूर, महाराष्ट्र, सुविनीशा उमाशंकर (17), तिरुवन्नामलाई, तमिलनाडु, विवेक परिहार, उधमपुर, जम्मू-कश्मीर से प्रमुख विजेता रहे राष्ट्रीय युवा पुरस्कार, 15 से 29 वर्ष की आयु समूह के युवाओं को राष्ट्रीय या सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य की पहचान के लिए दिया जाता है। यह पुरस्कार युवा को उनके समुदाय के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, ताकि वह अपनी व्यक्तिगत संभावना को बेहतर नागरिक के रूप में सुधार सकें। यह पुरस्कार हर वर्ष राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान दिया जाता है जो हर वर्ष स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में आरंभ होता है। शहर के महा युवा ग्राम हनुमान नगर में यह पुरस्कार समारोह संपन्न हुआ।



### जी माइंड वॉर्स ने स्टूडेंट्स के लिए समग्र विकास को पेश किया

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े नॉलेज एक्सेलरेशन प्लेटफार्म माइंड वॉर्स ने देश के सभी स्कूलों और स्टूडेंट्स के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर का को-कुरिकलम इवेंट्स पेश किया है। इस पाठ्यक्रम को सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है। माइंड वॉर्स ने इसके बारे में जानकारी देते हुए कहा है कि ये उसके द्वारा अकादमिक ज्ञान को और बेहतर बनाने की दिशा में उठाया गया एक ऐसा कदम है जिसका एलान करते हुए उसे खुशी हो रही है। इसका लक्ष्य कौशल विकास और स्टूडेंट्स के पूरे व्यक्तित्व के विकास के लिए वन-स्टॉप सोल्यूशन प्रदान करना है। इन व्यापक पैकेजेज में तमाम तरह की दिलचस्प प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इसके जरिए स्टूडेंट्स को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों से निपटने का कौशल विकसित करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। माइंड वॉर्स द्वारा पेश की जाने वाली प्रतिष्ठित प्रतियोगिताएं हैं, माइंड वॉर्स नेशनल एकेडमिक चैंपियनशिप 2024, माइंड वॉर्स स्पेल बी इंडिया, माइंड वॉर्स ओलंपियाड, माइंड वॉर्स नॉलेज चैंपियनशिप




माइंड वॉर्स द्वारा पेश किए गए पैकेजेज पर अपनी बात रखते हुए, जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के सीनियर एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, श्री उमेश कुमार बंसल ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, "यह वर्ष माइंड वॉर्स की अविश्वसनीय क्षमता का प्रमाण रहा है। हमें इस पर गर्व है। हम नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं और शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। प्रभावशाली लोगों के साथ सहयोग, ऐप लॉन्च की सफलता और राष्ट्रीय शैक्षणिक चैंपियनशिप के जरिए अंतरराष्ट्रीय मान्यता हमारी यात्रा के कुछ मुख्य आकर्षण हैं। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हम लगातार विकास करने और अपने यूजर्स के लिए असाधारण शिक्षण अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### डिपो संचालकों की हड़ताल से जनता में भारी रोष

टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) पिछले कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर डिपो संचालक हड़ताल पर चल रहे हैं। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी राशन न मिलने के कारण जनता में भारी रोष है। वहीं लोगों का कहना है कि सरकार को चाहिए कि डिपो संचालकों की हड़ताल का समाधान जल्द से जल्द करे।

# अंबाला में जिला स्तरीय रोजगार मेला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) हरियाणा** स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वाधान में समग्र शिक्षा अंबाला की अध्यक्षा एवं अतिरिक्त उपायुक्त, अपराजिता के नेतृत्व तथा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी व जिला परियोजना समन्वयक सुधीर कालड़ा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। यह रोजगार मेला राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन, अंबाला शहर में लगाया गया। जिसमें जिले के राजकीय विद्यालयों से एनएसक्यूएफ घटक के अंतर्गत 2022-23 सत्र के 12वीं पास विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक सुधीर कालड़ा ने बताया कि रोजगार मेले में नौकरियों की पेशकश करने वाली कंपनियों एवं अन्य नियोक्ताओं को पत्र के माध्यम से सूचित किया जा गया और उन कंपनियों में एचडीएफसी, लाइफ इंश्योरेंस कारपोरेशन ऑफ इंडिया, ओएसिस ओवरसीज एक्सपोर्ट लिमिटेड, विशाल मेगा मार्ट, एचसीएल टेक बी एवं ज़िका जी इंस्टिट्यूट ऑफ एनीमेशन इत्यादि विभिन्न नामी कंपनियों के साथ साथ लगभग 20 कामनियों ने इस रोजगार मेले में भाग लिया। इस रोजगार मेले में लगभग 75 की संख्या के लगभग उन विद्यार्थियों ने भाग लिया जो राजकीय विद्यालयों में एनएसक्यूएफ घटक के अंतर्गत दी जा रही कौशल शिक्षा के किसी भी कौशल विषय के साथ सत्र 2022-23 में 12वीं कक्षा पास कर चुके हैं एवं इसके साथ-साथ 18 वर्ष की आयु भी पूर्ण कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले में उन उम्मीदवारों को भाग लेने का मौका मिला जिन उम्मीदवारों का पंजीकरण एनएसक्यूएफ पोर्टल पर हो चुका है।



वहीं बच्चों में भी रोजगार मेले को लेकर भारी उत्साह दिखा। बच्चों ने बताया कि सरकार की यह बेहतरीन योजना है।

# सुरक्षाकर्मी व सुरक्षा सुपरवाईजर पदों की भर्ती के लिए शिविर का आयोजन

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**सिक्योरिटी स्किल** कांउसलिंग इंडिया लिमिटेड द्वारा बेरोजगार प्रार्थियों के लिए सुरक्षा कर्मी व सुरक्षा सुपरवाईजर पदों की भर्ती के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 जनवरी को बीडीपीओ कार्यालय सनौली खुर्द में, 19 जनवरी को बीडीपीओ कार्यालय मडलौडा में, 22 जनवरी को बीडीपीओ कार्यालय इसराना में, 23 जनवरी को बीडीपीओ कार्यालय समालखा में, 24 जनवरी को बीडपीओ कार्यालय पानीपत में व 25 जनवरी को बीडीपीओ कार्यालय बापौली में ये भर्तियां होंगी जिनके लिए प्रातः 10 से सांय 2 बजे तक का समय रखा गया है। उन्होंने बताया कि इन पदों पर भर्ती के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं पास, उम्र 21 से 35 साल, लम्बाई 168 सेंटीमीटर और वजन 56 से 90 किलोग्राम तक हो। उन्होंने बताया कि इच्छुक युवा सम्बंधित दस्तावेजों, पासपोर्ट साइज फोटो और रोजगार पंजीकरण संख्या सहित चयन स्थल पर उक्त दिनांक व समय पर पंहुचे।

# हर-हर महादेव सेवा मंडल द्वारा 25 हजार दीपक वितरित

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**शहर** के कामी सड़क मार्ग पर स्थित हनुमान नगर, ऋषिक कॉलोनी सहित चीनी मिल के आसपास क्षेत्र में हर-हर महादेव सेवा मंडल की तरफ से कॉलोनियों में 25 हजार दीए वितरित किए गए। मंडल के पदाधिकारियों ने घर-घर जाकर पांच-पांच दीयो का वितरण किया। आगामी 22 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दिन मंडल की तरफ से एक विशाल भंडारे व झांकी का आयोजन भी किया जायेगा। हर-हर महादेव सेवा मंडल के पदाधिकारी व सदस्य नीूट, आशीष दहिया, सोमबीर, गोल्डी शर्मा, दिनेश हुड्डा, अजय छिक्कारा ने बताया कि अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। उनकी व मंडल की तरफ से भव्य दिन को अपने क्षेत्र में ओर भी भव्य बनाने के लिए युवाओं ने मिलकर अपनी-अपनी कॉलोनियों में घर-घर जाकर 25 हजार दीए वितरित किए है। जिन्हें 22 जनवरी को घरों की छत पर जलाया जायेगा। पदाधिकारियों ने बताया कि उसी दिन मंडल की तरफ से एक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जायेगा। साथ ही लोगों को अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के साथ अपने क्षेत्र में एक विशाल झांकी भी निकाली जायेगी।

# हर भारतवासी के घट में बसता है रामः ओम

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़

हर भारतवासी के घट में राम बसता है। राम पर्याय हैं भारत के। हम मंदिरों व धार्मिक स्थलों को भगवान श्रीराम से जुड़ा हुआ पाते हैं, इसलिए अपने नजदीक के हर मंदिर व धार्मिक स्थल को साफ सुथरा रखना हमारा दायित्व है। पीएम मोदी के आह्वान पर भाजपा कार्यकताओं ने नागरिकों के साथ मिलकर देशभर में एक सप्ताह तक मंदिर परिसरों व धार्मिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया हुआ है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने गुरुग्राम में स्थित प्रसिद्ध माता शीतला देवी मंदिर में स्वच्छता अभियान के उपरांत यह बात कही। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। हर भारतवासी इस ऐतिहासिक दिन को बड़े उत्सव की तरह मनाने के लिए बड़ी ही उत्सुकता से तैयारी कर रहा है। देश में ही नहीं दुनिया में जहां भी भारतीय हैं ,वहां बड़े उत्साह और उल्लास का माहौल है।

**रामोत्सव**

**8 भाजपा के राष्ट्रीय सचिव प्धनखड़ ने प्रसिद्ध शीतला माता मंदिर गुरुग्राम में चलाया स्वच्छता अभियान**

धनखड़ ने कहा कि कई पीढ़ियों ने संघर्ष किया और 500 साल की प्रतीक्षा और देश की आजादी के बाद 75 साल चले आंदोलन उपरांत यह ऐतिहासिक दिन आया है। देशभर में बहुत ही भावपूर्ण वातावरण बन रहा है। घर-घर निमंत्रण के पीले चावल पहुंच रहे हैं। अपने घरों, मंदिरों और धार्मिक स्थलों की सफाई के लिए अभियान चला हुआ है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है। धनखड़ ने कहा कि हम बहुत भाग्यशाली पीढ़ी हैं कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बन रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि 22 जनवरी को देशभर में मंदिर व धार्मिक स्थलों पर देशवासी अयोध्या से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण देखेंगे।

# कुमारी शैलजा व सुरजेवाला का 24 को होगा स्वागत : सुनीता

**समालखा/कमाल हुसैन**

**आगामी** 17 जनवरी को पूर्व केन्द्रीय मन्त्री, पूर्व राज्यसभा सांसद, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी शैलजा के नेतृत्व में चौ. रणदीप सिंह सुजेर्वाला व किरण चौधरी के साथ प्रदेश अध्यक्ष महिला कांग्रेस हरियाणा सुधा भारद्वाज के साथ हिसार से शुरू होकर यात्रा पूरे हरियाणा से होते हुए 24 जनवरी को समालखा में पहुँचने पर प्रदेश महासचिव हरियाणा महिला कांग्रेस सुनीता राज आर्य एडवोकेट अपने गांव चुलकाना व हल्का समालखा की तरफ से कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ जीए कालेज के सामने चुलकाना व किवाना मोड़ पर सुबह 10 बजे यात्रा का स्वागत करेंगी।

# चोट मारने-घसीटने के चलते हुई थी युवक की मौत

## पोस्टमार्टम में युवक की हत्या करने का चिकित्सक ने किया खुलासा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**राष्ट्रीय राजमार्ग** संख्या-44 पर गांव बहालगढ़ के पास तीन दिन पहले लावारिस हालत में मिल युवक के शरीर पर गहरी चोटे मारने व उसे घसीटने के चलते दम तोड़ने का खुलासा हुआ है। पोस्टमार्टम के दौरान चिकित्सक ने मृतक के शरीर पर 20 से ज्यादा चोटे मारने जाने का खुलासा किया है। पुलिस ने इस संबंध में गांव के सरपंच के बयान पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस शव की पहचान की कोशिश कर रही है। वहीं युवक के हाथ में गुदे नाम से भी उसकी पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

गांव बहालगढ़ निवासी राजेश ने बताया कि वह गांव के सरपंच है और हाईवे पर वाहनों के सेल-परचेज का काम करते है। 11 जनवरी को उन्होंने एनएच-44 के पास एक युवक को बेसुध हालत में पड़े देखा था। राहगीरों की मदद से उसे अस्पताल में पहुंचाया था, जहां उसकी मौत हो गई। युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था। वह अक्सर बहालगढ़ के पास घूमता रहता था। उन्हें लगा था कि भूख-प्यास व ठंड से उसकी मौत हो गई। शव की पहचान का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी थी। जिस पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे पहचान के लिए नागरिक अस्पताल में रखवा दिया था। अब पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक डा. पंकज केसवानी ने अपनी रिपोर्ट में उसकी हत्या किए जाने का अंदेशा जताया है। रिपोर्ट में युवक के सिर व अन्य हिस्सों पर चोट व घसीट के साथ डंडे के निशान होने की पुष्टि की है। युवक के शरीर पर चोट के करीब 20 से ज्यादा निशान मिले है। चिकित्सक की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मृतक की नहीं हो सकी शिनाख्त-पुलिस ने शव की पहचान के लिए प्रयास तेज कर दिए है। जांच अधिकारी कुलदीप के अनुसार युवक की उम्र करीब 35 वर्ष रही होगी। उसने तंबाकू रंग की टी-शर्ट पहन रखी है।

जिसके अलग व बाजुओं पर सफेद पट्टी लगी है। युवक के एक हाथ पर अंग्रेजी में सोनिया रानी लिखा है। जिसमें बीच में क्रॉस का निशान बना है। वहीं दूसरे हाथ पर हेरारपूर्ति लिखा है। पुलिस उसके हाथ पर गुदे नामों से भी उसकी पहचान का प्रयास कर रही है। शिनाख्त के बाद आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# कंपनी से लौट रहे श्रमिक से पिस्तौल के बल पर बाइक छीनी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सिविल लाइन** थाना क्षेत्र एटलस रोड पर फैक्टरी से डयूटी करके वापिस घर लौट रहे श्रमिक से पिस्तौल के बल पर बाइक छीनने व धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित न मामले को लेकर पुलिस को शिकायत देकर तीन युवकों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग बदमाशों का लग सके।

मालवीय नगर निवासी पवन कुमार ने बताया कि वह निजी फैक्टरी में नौकरी करता है। हर रोज अपनी बाइक पर सवार होकर डयूटी पर आता-जाता है। गत 14 जनवरी की रात करीब 10 बजे वह फैक्टरी से छुट्टी करके अपने घर आ रहा था। उसी दौरान वह एटलस रोड पर पहुंचा। उसी दौरान एक लड़का बाइक पर उसकी बाइक के आगे आ गया। उसने अपनी बाइक रोक दी।

**आरोप**

**8 पीड़ित न मामले को लेकर पुलिस को शिकायत देकर तीन युवकों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप लगाया**

# डबवाली के लिए सोनीपत डिपो से सीधे मिलेगी लॉरी की सेवा

## दोनों बसें सोनीपत से गोहाना, जींद, हांसी, हिसार, सिरसा होते हुए सीधे डबवाली पहुंचेगी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**रोडवेज की** लॉरी में सफर करने वाले यात्रियों को विभाग की तरफ से डबवाली के लिए सीधी बस सेवा को हरी झंडी दी है। बेड़े में बसों की संख्या बढ़ने के साथ ही अब अधिकारियों ने नए रूटों पर बस सेवाएं शुरू करने की योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। अब सोनीपत बस अड्डे से डबवाली के लिए सीधी बस सेवा शुरू की गई है। इस योजना से प्रदेश के कई जिलों से सोनीपत का सीधा संपर्क स्थापित हो सकेगा और यात्रियों को सीधी बस सेवा मिलने से राहत मिल सकेगी। पहले यात्रियों को जींद तक ही सीधी बस में यात्रा करने की सुविधा दी जा रही थी।

बता दें कि सोनीपत बस परिसर से पहले जींद तक के लिए ही सीधी बस सेवा उपलब्ध थी। उससे आगे जाने वाले यात्रियों को जींद उतरकर दूसरी बस में सवार होना पड़ता था। जिससे यात्रियों को ज्यादा परेशानी होती थी। सोनीपत से डबवाली के लिए दोपहर बाद चलने वाले यात्रियों को शंका रहती थी कि जींद पहुंचने के बाद आगे के लिए बस मिल सकेगी या नहीं। इसी असमंजस में कई बार यात्री अपनी यात्रा तक स्थगित कर देते थे। यही नहीं जींद तक जाने के लिए भी यात्रियों को कई बार गोहाना से ही बस बदलनी पड़ती थी। विभाग की तरफ से बस परिसर सोनीपत से सीधे डबवाली तक बस की सेवा को शुरू किया गया है। सोनीपत रोडवेज विभाग ने सोनीपत से डबवाली जाने वाली बसों का रूट व समय सारिणी को फाइनल कर दिया है।

# अलग-अलग स्थानों से दो अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**स्पेशल** एंटी गैंगस्टर युनिट व क्राइम यूनिट ने अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को अवेध हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल निवासी श्याम नगर व कुनाल निवासी तिहाड़ कलां का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले गंभीरता से जांच कर रही है।

जांच अधिकारी धमेंद्र ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान ककरोई रोड पर मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक संदिग्ध हालत में घुमता हुआ मिला। उसे रोककर उसकी तलाशी ली। उसके पास एक अवैध पिस्तौल व एक जिंदा कारतुस बरामद हुआ। आरोपित के खिलाफ शहर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वहीं जांच अधिकारी अनिल ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान महलाना नहर के पास मौजूद थी। उसी दौरान एक युवक संदिग्ध हालत में घुमता हुआ मिला। उसे रोककर तलाशी के दौरान एक अवैध पिस्तौल व दो जिंदा कारतुस बरामद किए। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उक्त हथियारों को उसने राहगीर से लिया था। आरोपित के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# 21 को आयोजित होने वाली शोभा यात्रा में ऑटो निभाएंगे आवागमन की जिम्मेदारी

## बुजुर्गों,महिलाओं और बच्चों को नहीं होगी परेशानी, ऑटो चालकों को दी जाएगी एकमुश्त राशि ताकि ना हो आर्थिक नुक्सान

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**प्राण** प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर निकलने वाली शोभा यात्रा में आने वाले लोगों, महिलाओं और बच्चों के लिए ऑटो की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए उन्हें एकमुश्त राशि भी प्रदान की जाएगी ताकि उन्हें किसी प्रकार का आर्थिक नुकसान ना हो। करनाल लोकसभा सांसद संजय भाटिया ने बताया कि सभी ऑटो चालकों से इसके लिए अपील की जाएगी और उन्हें एकमुश्त राशि भी प्रदान की जाएगी। यह सुविधा निशुल्क रूप से स्काईलार्क से लेकर डेरा बाबा जोधसाचियार तक बुजुर्ग व्यक्तियों, महिलाओं और बच्चों को प्रदान की जाएगी। ताकि उन्हें अपने गंतव्य स्थान से आने जाने में दिक्कत ना हो। इस सुविधा को जीटी रोड से चारो ओर कनेक्टिंग रोड से जोड़ा जाएगा क्योंकि पूल के नीचे उस दिन पार्किंग को ब्लॉक रखा जाएगा। जहां रोड ब्लॉक होगी वहीं से आगंतुक ऑटो से आ-जा सकेंगे। संजय भाटिया ने कहा कि यह विशुद्ध रूप से धार्मिक आयोजन होगा,जिसमे हर कोई आ सकेगा। इस कार्यक्रम की आयोजक सभी संस्थाएं हैं।

इस कार्यक्रम में संस्थाएं भी समाज सेवा के दृष्टिकोण से और उत्साही मन से आगे आई हैं। संस्थाओं ने खुले मन से इस शोभा यात्रा की बात का समर्थन करते हुए अपना योगदान देने की बात कही है।

# नरेला में आप पार्टी द्वारा सुंदरकांड पाठ का वाचन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** में मंगलवार को आम आदमी पार्टी की ओर से सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में नरेला से आप विधायक शरद चौहान, वार्ड-दो बांकनेर से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, कमल खत्री सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सुंदरकांड पाठ का वचन पं.राजेश शर्मा ने किया।

अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से पहले दिल्ली में भी भक्ति की बयान बह रही है। दिल्ली की सभी विधानसभाओं में अब हर महीने के पहले मंगलवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने ऐलान किया था कि आम आदमी पार्टी के सभी विधायक, पार्षद हर महीने के पहले मंगलवार को भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन करेंगे। और जल्द ही करीब 2600 जगहो पर सुंदरकांड पाठ व हनुमान चालीसा का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में बाहरी दिल्ली के नरेला में पुरानी अनाज मंडी स्थित धर्मशाला में आम आदमी पार्टी की ओर से भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें नरेला से आप विधायक शरद चौहान, बांकनेर वार्ड से निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज, कमल खत्री, नरेला मंडी चेयरमैन अशोक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सुंदरकांड पाठ का वाचन पं. राजेश शर्मा ने किया। इस मौके पर विधायक शरद चौहान ने कहा कि अब हर महीने के पहले मंगलवार को नरेला विधानसभा में सुंदरकांड पाठ व हनुमान चालीसा का आयोजन किया जाएगा। सुंदरकांड पाठ पश्चात आरती व प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में बंटी गर्ग, विष्णु गोयल, आनंद प्रकाश, विजय मांन, वीरेंद्र कौशिक, दिनेश मान, दयानंद रावत, लाला गोपी राम घी वाले, सनी पार्चा, राकेश, विकास बंसल, बॉबी कई श्रद्धालु मौजूद रहे।





## मंदिर में भाजपा एससी मोर्चा ने चलाया स्वच्छता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के शकूरपुर** डी ब्लॉक स्थित शीतला माता मंदिर में जिला केशवपुरम एससी मोर्चा भाजपा के अध्यक्ष अनूप पंवार की अध्यक्षता में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर भाजपा नेत्री गीता जिंगाला सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर गीता जिंगाला ने जानकारी देते हुए बताया कि आज शकूरपुर के शीतला माता मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया और मंदिर की सफाई की गई। उन्होंने आगे बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश के मंदिरों में स्वच्छता अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा कि रामभक्तों के द्वारा अक्षत व निमंत्रण पत्र का भी वितरण किया जा रहा है और लोगों को दीये दिये जा रहे है कि वह 22 जनवरी को दीये जलाये और इस दिन को महापर्व के रूप मनाये। गीता जिंगाला ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास करके दिखाया है। जो वादे पीएम मोदी ने देश की जनता से किये थे। वह पूरे करके दिखाये है। जिससे देश की जनता काफी ज्यादा खुश है। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## हैदरपुर: युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित त्यागी का हुआ स्वागत




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार बाग** विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले वार्ड नम्बर-55 के नेहरू कैंप, सेवा बस्ती और हैदरपुर में जिला केशवपुरम युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अंकित त्यागी का जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर वार्ड के मुख्य कार्यकर्ताओं ने मिलकर अंकित त्यागी का स्वागत किया। इस अवसर पर शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता व पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने नवनियुक्ति जिला अध्यक्ष अंकित त्यागी का स्वागत किया और उन्हें जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई दी।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अंकित त्यागी ने सभी का धन्यवाद किया और कहा कि मुझे जो जिम्मेवारी पार्टी ने दी है, उसे मैं पूरी निष्ठा के साथ निभाउंगा और पार्टी को मजबूत करने का कार्य करते हुए पार्टी की नीतियों व कार्यों को जन-जन तक पहुंचाउंगा और भाजपा संगठन को मजबूत करने का कार्य करूगां। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

## फेस्टा ने निकाली श्री राम शोभा यात्रा, लोगों ने किया जोरदार स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अयोध्या में होने** वाले प्राण प्रतिष्ठा रामलला समारोह के उपलक्ष्य पर फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्र्स एसोसिएशन द्वारा श्री राम शोभा यात्रा का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता फेडरेशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव की। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद डॉ. हर्षवर्धन, भाजपा वरिष्ठ नेता राजकुमार भाटिया, पूर्व मेयर जयप्रकाश जेपी, निगम पार्षद उषा शर्मा, पूर्ण निगम पार्षद प्रवीण जैन सहित हजारों की तादाद में व्यापारी नेता व स्थानीय लोग श्री राम के जयकारे लगाते हुए पूरी शोभा यात्रा के साथ चल रहे थे। खास बात इस शोभा यात्रा की यह रही के सभी धर्म के लोग बढ़-चढ़कर शोभा यात्रा का स्वागत कर रहे थे। फेडरेशन के वाइस चेयरमैन राजकुमार सपरा, कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह, महासचिव राजेंद्र शर्मा, सतपाल सिंह मांगा, कमल कुमार, उपाध्यक्ष दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष राज सचदेवा, मुकेश अग्रवाल, कन्हैया लाल रूघवानी, रमेश सचदेवा, मुकेश शर्मा, कमल अग्रवाल, राजीव खट्टर, संजीव सपरा, सदर बाजार बारी मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष चंदर धवन सहित विभिन्न संगठन के अध्यक्ष महामंत्री उपस्थित थे। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने बताया जिस प्रकार श्री राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर 22 तारीख का पूरे दुनिया व देश को बड़ा उत्साह है। इसी प्रकार सदर बाजार के व्यापारी बेचैनी से इस दिन का इंतजार कर रहे हैं।

शोभा यात्रा कुतुब रोड़ चौक से शुरू होकर तेलीवाड़ा, चौक मिठाई पुल, आजाद मार्केट, बहादुरगढ़ रोड, 12 टूटी चौक, सदर थाना रोड, नबी करीम सिंगड़ चौक, कुतुब रोड, कुतुब रोड चौक, मैंन सदर बाजार मार्केट होते हुए 12 टूटी चौक पर समापन हुई।

जिसमें व्यापारी अपनी बाइक स्कूटर व गाड़ियों के साथ श्री अयोध्या मंदिर की झांकियां लेकर चल रहे थे।

सतपाल सिंह मांगा, कमल कुमार ने बताया 22 तारीख को 12 टूटी चौक पर फुल स्क्रीन लगाकर वहां पर अयोध्या का पूरा आयोजन देखा जाएगा।





जहांगीरपुरी वार्ड में कार्यों का निरीक्षण करते हुए आम आदमी पार्टी के नेता सुरेश शर्मा व अन्य गणमान्य लोग।

## 'सत्य की हमेशा ही होती है जीत, इसलिए सत्य के पथ पर चलें'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**साहू** समाज एकता समिति दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष गिरीश साहू ने बताया कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए। जो भक्त सत्य की राह पर चलता है। उसे एकदिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है। इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने कहा कि हम सभी को प्रभु श्रीराम के जीवन से सीख लेनी चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए और सभी कार्य मर्यादा में रहते हुए ही करने चाहिए।

उन्होंने आगे बताया कि साहू समाज एकता समिति के द्वारा समाज को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। जिससे की समाज के अधिक से अधिक लोग जागरूक हो सके। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा का हमारे जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए एक रोटी कम खाओं मगर बच्चों को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये।



## निरंकारी कॉलोनी में गंतव्य संस्थान ने 50 बुजुर्गों का किया सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के धीरपुर** इलाके में गंतव्य संस्थान के द्वारा वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन बड़े ही भव्य रूप में किया गया।

इस अवसर पर जानकारी देते हुए गंतव्य संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अरविंद त्यागी ने बताया कि आज मकर संक्राति के अवसर पर लगभग 50 बुजुर्गों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर धर्मगुरु पंडित चन्द्रवल्लभ बुडाकोटी, पेरामेडिकल बोर्ड दिल्ली सरकार के चेयरमैन डॉक्टर प्रदीप अग्रवाल, अपनी दीदी संस्था की अध्यक्ष रीटा नय्यर, गंतव्य संस्थान के मार्गदर्शक डॉ डी.सी. अग्रवाल, अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के महासचिव डॉ अवधेश मिश्रा, डॉ प्रबोध चन्दोल महासचिव भारतीय प्राकृतिक चिकित्सक संघ, पटनायक इंडिया फाउंडेशन से डॉक्टर निर्मल पटनायक ने कार्यक्रम में अतिथियों के रूप शिरकत की।

**अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना की:** इस मौके पर सभी अतिथियों व प्रतिभागियों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए व गंतव्य संस्थान द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की।

**समाज को जागरूक कर रहा है संस्थान:** डॉ अरविन्द कुमार त्यागी ने उपस्थित लोगों को धन्यवाद करते हुए कहा कि गंतव्य संस्थान इस प्रकार के वरिष्ठ सम्मान समारोह भविष्य में भी लगातार आयोजित करेगा। उन्होंने आगे बताया कि संस्थान के द्वारा समाज को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ अरविन्द कुमार त्यागी अध्यक्ष गंतव्य संस्थान, डॉ शिवनाथ मिश्रा उपाध्यक्ष गंतव्य संस्थान, डॉ राजेन्द्र कुमार रावत महासचिव, गंतव्य संस्थान, अर्चना त्यागी डायरेक्टर गंतव्य संस्थान, भूषण मित्तल महासचिव आरडब्ल्यूए, विजय शर्मा कोषाध्यक्ष आरडब्ल्यूए व इंपा के सचिव डॉ हीरालाल मीणा ने अपने विचार व्यक्त किए और संस्थान के कार्यों को प्रशंसा की। आपको यह भी बतादें कि इसमे डॉक्टर प्रेमनारायण, संगीता गुलाटी, बिरमा देवी व कुमारी अंकिता यादव ने सहयोग किया।




# नरेला में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला में लोहडी एवं मकर** संक्रांति के त्योहार पर कलमकार मंच नरेला के बैनर तले आर्ट अकेडमी कोचिंग सेंटर पर एक भव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता इस क्षेत्र के प्रमुख गणमान्य नागरिक तथा इतिहासकार कामरेड नरेश गुप्ता ने की तथा बतौर मुख्य अतिथि चरखी दादरी हरियाणा से पधारे लोकगीतकार महेंद्र सिंह बिलोटिया की विशेष उपस्थिति रही। गोष्ठी का संचालन कलमकार राजव्रत ने किया। वरिष्ठ कवि डॉक्टर जयकिशन सब्बरवाल ने शाल भेंटकर नरेश गुप्ता को सम्मानित किया। शिक्षाविद् सुंदर सिंह ने शाल ओढ़ाकर महेंद्र का सम्मान किया। गोष्ठी में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली एवं हरियाणा के अनेक लोकगीतकारों जन कवियों तथा गजलकारों ने साहित्य की विभिन्न विधाओं पर अपनी धारदार देशभक्ति की ओजस्वी रचनाओं की मुक्त स्वर से प्रस्तुति कर लगभग 3 घंटे में पूरे माहौल को झकझोर कर रख दिया। गोष्ठी की शुरूआत महिला समाज की स्थिति पर दीपा गुप्ता ने अपनी जोरदार रचना के माध्यम उनकी आवाज को उकेरा। हरियाणा से पधारे संदीप शर्मा ने आज बुरी आदतों से घिरे दिग्भ्रमित युवा के हालात का वर्णन किया। गजलकार सुंदर सिंह द्वारा ओजस्वी स्वर में समाज के गिरते स्तर पर चोट की, तो वहीं महेंद्र सिंह बिलोटिया ने माता-पिता के प्रति परिवार द्वारा ऊपेक्षित भाव प्रस्तुत किए। एडवोकेट जय सिंह मान ने पति-पत्नी के मिठास-खटास पर अपनी कविता की प्रस्तुति की। युवा कवि संजय घायल ने ओजस्वी स्वर में देश और समाज की वर्तमान हालात पर अपनी कलम चलाई तो वहीं व्यंग्य कवि अमित गुप्ता ने एक नव दंपति की दिनचर्या की रोचक प्रस्तुति की। युवा कवि शेखर आजाद ने देश के नाम एक कविता के माध्यम से हमारा कर्तव्य बताया। डॉक्टर जयकिशन सभरवाल ने एक गीतिका के द्वारा कहा कि हम बाहर की रोशनी पर इतरा रहे हैं, भीतर की रोशनी को बिसरा रहे हैं पर पूरा व्यवस्था का चित्र खींचा। सत्य प्रकाश भारद्वाज ने अपनी छोटी-छोटी लघु कथाओं के माध्यम से समाज के रिश्तों का वर्णन किया।

अंत में इस मंच के संयोजक कलमकार राजव्रत ने शिक्षा व्यवस्था के सवाल पर द्रोणाचार्य के द्वारा दी गई शिक्षा व्यवस्था की असमानताओं को उकेर कर पूरी शिक्षा व्यवस्था पर चोट करते हुए कविता की जोरदार प्रस्तुति की। गोष्ठी में पधारे सभी का हार्दिक धन्यवाद कर समापन की घोषणा की गई।




# अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ) 2023 बुधवार से, तैयारी पूरी: डीसी विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ) 2023 कल से शुरू होने वाला है और तैयारियां पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि मेगा साइंस फेस्टिवल 17 जनवरी, 2024 को शुरू होगा और 20 जनवरी, 2024 को समाप्त होगा। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), सरकार। भारत क्क्रत्र के 9वें संस्करण का आयोजन कर रहा है और इसका स्वायत्त संगठन नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन-इंडिया क्क्रत्र 2023 का समन्वय और कार्यान्वयन निकाय है। जैव प्रौद्योगिकी विभाग (उ्इळ) क्षेत्रीय



जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (फ्छ्इ) - ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट की स्थापना करता है। फरीदाबाद (हरियाणा) स्थित (ळ्ल्ररळक) इस भव्य आयोजन का मेजबान संस्थान है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह 16 दिसंबर 2023 को कॉन्स्टीट्यूशनल क्लब, नई दिल्ली में आयोजित कर्टेन रेजर कार्यक्रम के दौरान भारत अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (आईआईएसएफ) 2023 के नौवें संस्करण का ब्रोशर जारी करते हुए। प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद, सचिव डीएसटी डॉ. अभय करंदीकर, सचिव डीबीटी डॉ. राजेश एस. गोखले और सचिव एमओईएस डॉ. एम. रविचंद्रन माननीय मंत्री के साथ हैं। इस विज्ञान उत्सव का उद्देश्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अग्रणी क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियों का जश्न मनाना है। महोत्सव का उद्देश्य विज्ञान के प्रति उत्साही लोगों की उपलब्धियों को स्वीकार करना, युवा छात्रों में वैज्ञानिक सोच पैदा करना और इसे भारतीय नागरिकों के बीच फैलाना भी है। आईआईएसएफ 2023 का केंद्रीय विषय "अमृतकाल में विज्ञान और प्रौद्योगिकी सार्वजनिक आउटरीच" है। इस बार क्क्रत्र2023 में 22 देश भी हिस्सा ले रहे हैं. इनमें अर्जेंटीना गणराज्य, आर्मेनिया गणराज्य, ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रमंडल, कंबोडिया साम्राज्य, फ्रांसीसी गणराज्य, जर्मनी का संघीय गणराज्य, इंडोनेशिया गणराज्य, जापान, केन्या गणराज्य, लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक, मलेशिया, गणराज्य शामिल हैं। म्यांमार संघ, नामीबिया गणराज्य, फिलीपींस गणराज्य, रवांडा गणराज्य, सिंगापुर गणराज्य, दक्षिण अफ्रीका गणराज्य, थाईलैंड साम्राज्य, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए), वियतनाम का समाजवादी गणराज्य और गणराज्य जिम्बाब्वे का. आईआईएसएफ 2023 के सभी चार दिनों के लिए निम्नलिखित कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है।

# टीबी रोग जागरूकता एवं जांच शिविर आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल** । उपायुक्त एवं रेडक्रॉस समिति की अध्यक्षा मोनिका गुप्ता (आईएएस) के दिशा निदेर्शानुसार व रेडक्रॉस सचिव महेश गुप्ता के मार्गदर्शन में आज गांव पटीकरा में टीबी रोग जागरूकता एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में जयपुर हार्ट स्पेशलिस्ट अस्पताल की टीम ने 185 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की।नारनौल के टीबी अस्पताल की ओर से टीबी हेल्थ विजिटर दीपक शर्मा व जिला टीबी कोआर्डिनेटर शोभा रानी ने उपस्थित ग्रामीणों को क्षय और एचआइवी को लेकर जागरूक किया। उन्होंने बताया कि 2025 तक देश को टीबी से मुक्त करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। इस दौरान 185 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की है। इनमें से 9 मरीज टीबी संदिग्ध मिले हैं।
कैंप में डा. एसएस यादव, मनोज मित्तल, डा. आयुष और डा. रोहित ने उपस्थित ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर निशुल्क दवाइयां वितरित की। डा. एसएस यादव ने कहा उनका अस्पताल रेडक्रास सोसायटी के साथ मिलकर लगातार स्वास्थ्य जांच कैंप आयोजित कर रहा है। यह सिलसिला भविष्य में भी जारी रहेगा। कैंप का आयोजन गांव पटीकरा की बाबा निहालचंद समिति की ओर से किया गया। समिति के अध्यक्ष संदीप यादव पटीकरा, अनिल और नवीन की टीम ने कैंप को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## संक्षिप्त खबरें

### विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा

### इस यात्रा के दौरान मौके पर ही पात्र नागरिकों की ऑनलाइन माध्यम से पेंशन बनाई जा रही है : मंत्री ओम प्रकाश यादव

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
नारनौल । विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा मंगलवार को सिहमा खंड के गांव मेई व सुराना में पहुंची। इस मौके पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। गांव मेई में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मौके पर ही पात्र नागरिकों की ऑनलाइन माध्यम से पेंशन बनाई जा रही है। पहले पेंशन के लिए लोगों को बार-बार कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते थे तथा उसके बाद भी कई महीनो तक पेंशन नहीं बन पाती थी। उन्होंने कहा कि अब पात्र नागरिकों की पेंशन समय पर अपने आप ही बन जाती है। इसी प्रकार सरकार की अधिकतर योजनाएं ऑनलाइन माध्यम से ही शुरू की गई हैं। इससे अब लोगों के कार्य समय पर हो रहे हैं।
उन्होंने कहा कि इस यात्रा का मुख्य मकसद भी आमजन को सरकार की योजनाओं से अवगत करवा कर उनको इन योजनाओं का लाभ देना है। यह यात्रा प्रदेश के लाखों पात्र नागरिकों को योजनाओं के साथ जोड़ने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने के लिए हर व्यक्ति को विकसित राष्ट्र की सोच के साथ आगे बढ़ना होगा।

### उतार-चढ़ाव को स्वीकार करें और उन्हें बढ़ने और सीखने के अवसरों के रुप में, उपयोग करें

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिंह )** पी.एम. श्री राज?कीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पावटी में मुख्यमंत्री सुहासन सहयोगी अवन्दिका धरेजा ने रोल माडल के रूप को सम्बोधित करते हुआ हुए कहा की जीवन चुनौतीपूर्ण हो सकता है। आपको बाधाओं और असफलताओं का सामना करना पड़ सकता है। उतार-चढ़ाव को स्वीकार करें और उन्हें बढ़ने और सीखने के अवसरों के रुप में, उपयोग करें। अपने आप पर पर विश्वास रखें। बड़े लक्ष्य और अपनी क्षमताओं निर्धारित करें और उन्हें हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें। बड़े सपने देखें। सफलता उन्हीं को मिलती है जिनका जीवन का एक लक्ष्य होता है और वे अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार होते हैं और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सच्चा, दृढ़ संकल्प लेते हैं और इसके लिए लगातार प्रयासरत रहते है। उन्होंने अपने व्यक्तिगत जीवन पर सम्बन्धित बहुत सी बातें की बताई। छात्राओं को बातचीत करते हुए जीवन में ईमानदारी के काम करने की प्रेरणा भी दी । इस मौके पर प्राचार्य साहब सिह रगा अंजलि, सीमा, संगीता, एस. एम. सी राजेश, पवन अमित सचदेवा, हरिओम, प्रवीण, आदि उपस्थित रहे

### जेजेपी को लगा तगड़ा झटका , जिला महासचिव ने छोड़ी पार्टी थमा कांग्रेस का दामन



**टीम एक्शन इंडिया / लालचंद नांगल चौधरी।** आज नांगल चौधरी विधान सभा में जेजेपी के जिला महा सचिव सतीश रावत ने जेजीपी छोड़ श्रुति चौधरी कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी में शामिल होने की घोषणा की । उनके साथ दाता राम सरपंच ढाकोडा , रोहतास चौधरी ,राजकुमार शर्मा बनिहाडी, खेता राम मुकदम , मातादीन नंबरदार, आदि ने भी कांग्रेस में आस्था जताई। इस मौके पर श्रुति चौधरी के निवास पर राजा राम गोलवा, चंद्र प्रकाश एडवोकेट , जगदीश गिरदावर, देश राज सरपंच, लक्ष्मण मुनीम, होशियार रावत,दूलीचंद पंच, सुभाष नेता जी, मुकेश बोकन, अमर सिंह, भैरू सिंह, जयसिंह, आदि अनेकों लोग उपस्थित रहे।

# बुजुर्गो का सम्मान करना युवा पीढ़ी का कर्तव्य है-अनिल अरोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
बुजुर्गो का सम्मान करना आज की युवा पीढ़ी का परम कर्तव्य है क्योकि वृद्व ही वो शख्सियत होते है जो समाज को चलाने के साथ साथ संस्कारों को बचाए हुए है। यह बात लायन्स डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल अरोड़ा मल्टीपल कौंसिल कोषाध्यक्ष ने सीकरी के वृद्वाश्रम में वृद्व लोगों के साथ मनाए गए अपने जन्मदिन पर केक काटने के दौरान कही। दरअसल अनिल अरोड़ा ने अपना जन्मदिवस वृद्व लोगों के साथ मनाने की ठान रखी थी इसलिए वो अपने लायन साथियों और शुभचितंको के साथ वृद्वाश्रम पहुंचे

# अग्निवीर की जगह स्थाई भर्ती करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अग्निवीर**

**8 अग्निवीर के तहत केवल 25 प्रतिशत युवाओं को चार साल बाद सेना में रखने की बात कहीं जा रहीं हैं।**



**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना महेन्द्रगढ़।**
शहर के सामाजिक संगठनों की ओर से अग्निवीर की जगह स्थाई भर्ती करने तथा दक्षिण हरियाणा में सेना प्रशिक्षण केंद्र खोलने की मांग को लेकर एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि देश में आजादी के बाद सेना में स्थाई भर्ती होती आ रहीं हैं। लेकिन वर्ष 2022 में केंद्र सरकार ने अग्निवीर योजना शुरू की थी। जिसके तहत देश के युवाओं को चार साल के लिए सेना भर्ती किया जाने लगा। अग्निवीर योजना के तहत भर्ती होने के होने युवाओं में से केवल 25 प्रतिशत युवाओं को चार साल बाद सेना में रखने की बात कहीं जा रहीं हैं।
उनका कहना है कि यह योजना शुरू होने के बाद युवाओं के लिए देशभक्ति की भावना कम होती जा रहीं हैं। युवाओं ने अब सेना में भर्ती होने का प्रयास कम कर दिए हैं। चार साल वर्ष बाद सेना से वापस लेने के बाद युवा गलत दिशा में जा सकते हैं तथा उनके रोजगार के विकल्प भी कम हो जाएंगे। इससे देश में बेरोजगारी भी बड़ती जा रहीं हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिण हरियाणा सैनिकों की खान हैं। इसके बावजूद भी यहां सेना प्रशिक्षण केंद्र नहीं हैं। यहां के युवाओं को ट्रेनिंग करने के लिए हजारों किलोमीटर दूर जाना पड़ता हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से अग्निवीर की जगह सेना में स्थाई भर्ती करने की मांग की हैं। इस अवसर पर समाजसेवी रामनिवास पाटोदा, राकेश तंवर बसई, राजपाल, पोहप सिंह, विक्रम सिंह, अमित कुमार, गुरदयाल शर्मा, अजय कुमार, राजेंद्र वर्मा, सुरेश कुमार, सुधीर सिंह, अजीत कुमार, बलवंत सिंह, संतोष, जयकरण सैनी, सुरेंद्र सिंह, विनोद पाली, गांव पाली के सरपंच देशराज फौजी, नंबरदार कुलदीप व रविंद्र सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर लोगों मे नजर आया उत्साह

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**
छिछडाना गाँव में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर लोगों मे उत्साह नजर आया । अयोध्या मे 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य मे गांव में मे शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा मे बड़ी संख्या मे लोग शामिल हुए।
श्रीराम शोभा यात्रा मे लोगों के बीच आस्था, उत्साह और उल्लास का माहौल दिखायी पड़ा।आर एस एस मंडल कार्यवाह अनिल छिछडाना ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्री



रामलला प्राण- प्रतिष्ठा होगी जिसके चलते हर गाँव में कलश यात्रा निकाली जा रही है।उन्होंने मंदिर के उद्घाटन के दिन हर घर में दीप जलाने को कहा। इस मौके पर सैकड़ों महिलाएं, बच्चे, युवा, बुजुर्ग रामभक्त मौजूद रहे। गाँव में निकाली गई भव्य शोभा यात्राःश्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए उत्साहित, हनुमान चालीसा और जय श्रीराम के नारों से गूंजा ।

## स्वर्गीय श्रीमती रतन देवी मिलनसार एवं मृदु भाषी महिला थी : डॉ सुधा यादव

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल** । भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट राकेश शर्मा एडवोकेट की माता जी के देहांत पर शोक व्यक्त करने पहुंची भाजपा संसदीय बोर्ड की सदस्य डॉक्टर सुधा यादव ने कहा की स्वर्गीय रत्ना देवी जी मिलनसार व मृदु भाषी महिला थी, उनके दिए हुए संस्कार पूरे परिवार में झलकते है। राज्य मंत्री श्री ओम प्रकाश यादव ने कहां की महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रहते हुए स्वर्गीय रत्ना देवी जी ने महिलाओं के बीच में पार्टी को बढ़ाने का काम किया।
दुख की इस घड़ी में जिले व प्रदेश भर से लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

# महिला बाल विकास विभाग द्वारा सर्वोत्तम माता पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजनः सीडीपीओ सुशील सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**
महिला एवं बाल विकास विभाग फरीदाबाद के द्वारा आज मंगलवार को बल्लभगढ़ ब्लॉक में सर्वोत्तम माता पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र से आई महिलाओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। वहीं प्रतियोगिता में भाग लेने वाली फर्स्ट, सेकंड और थर्ड स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं को नगद राशि इनाम के रूप में भेट की गई।
इस अवसर पर जानकारी देते हुए की बल्लभगढ़ की सीडीपीओ सुशील सिंह ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमो से महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ता है ताकि वह अपने आप को सिर्फ घर की चार दिवारी में सिकोड़ कर ना रखें। इससे पहले भी इस प्रकार के कार्यक्रम लगातार हरियाणा सरकार की दिशा निर्देश पर अलग-अलग ब्लॉक में किए जाते रहे हैं ताकि सभी महिलाओं को इन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने का मौका मिल सके। इसी श्रृंखला में इस प्रतियोगिता के दौरान मदर टेरेसा सोशल क्लब के पदाधिकारी महिलाएं भी मौजूद रही जिनकी तरफ से सभी महिलाओं को भेंट स्वरूप कुछ उपहार भी दिए गए। उन्होंने आगे बताया कि फर्स्ट प्राइज जीतने वाली महिला को ?4000 का नगद पुरस्कार दिया जाता है, वहीं सेकंड प्राइज जीतने वाली महिला को ?3000 नगद इनाम के रूप में दिए जाते हैं तथा तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली महिला को ?2000 इनाम के रूप में दिए जाते हैं। इस प्रतियोगिता में महिलाएं पूरे 1 साल तक अपनी तैयारी करती हैं और प्रतियोगिता के दौरान पूछे गए सवालों का जवाब देने पर उन्हें उनका रैंक के हिसाब से उन्हें फर्स्ट , सेकंड और थर्ड प्राइस भेंट किया जाता है। फर्स्ट प्राइज प्राप्त करने वाली शगुफ्ता बल्लभगढ़ की अज्जी कॉलोनी की रहने वाली है, सेकंड प्राइज प्राप्त करने वाली मेघा बल्लभगढ़ की भुदत्त कॉलोनी की रहने वाली है तथा थर्ड प्राइज प्राप्त करने वाली दीपू बल्लभगढ़ के प्रतापगढ़ की रहने वाली हैं।

# राज कुमार वोहरा ने किया वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**
भाजपा के नवनियुक्त ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने पदभार ग्रहण करने के बाद पार्टी के संगठनात्मक कार्यों के साथ संगठन के उन सभी वरिष्ठ कार्यकताओं से मिल उनका सम्मान करना शुरू किया, जो दशकों से पार्टी संगठन के साथ जुड़े रहे हैं । इस अभियान की शुरूआत उन्होंने ग़्याशीराम शर्मा को राम दरबार भेंट कर उनका सम्मान कर की, जो जनसंघ के समय से एक कार्यकर्ता के तौर पर जुड़े रहे हैं। उसके बाद ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दीप भाटिया और आनंद शर्मा से उनके निवास स्थान पहुँचकर मुलाकात की और



पुष्पगुच्छ देकर उनका सम्मान किया एवं आशीर्वाद लिया । पूर्व विधायक व पूर्व जिला अध्यक्ष आनंद शर्मा नवनियुक्त ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा के घर आने से बहुत अभीभूत हुए । सभी वरिष्ठ कार्यकताओं ने संगठनात्मक कार्यों में हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया और ज़िला अध्यक्ष वोहरा को ज़िला अध्यक्ष के नव दायित्व की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह सब केवल भाजपा में ही संभव है कि एक सामान्य कार्यकर्ता भी अध्यक्ष बन सकता है । राजकुमार वोहरा ने बताया कि आज भी जनसंघ के समय के जो वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद हैं, उनके संस्मरण सुनने के बाद उनके प्रति श्रद्धा का भाव प्रकट होता है। इसके अलावा भाजपा के ऐसे वरिष्ठ कार्यकर्त्ता जो दशकों से पार्टी से जुड़े रहे हैं उनसे मिलकर एक नई ऊर्जा का संचार होता है और नये कार्यकताओं को निष्ठा से कार्य करने की प्रेरणा मिलती है ।
ऐसे सभी वरिष्ठ कार्यकताओं से मिल और उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सर गर्व से ऊंचा हो जाता है जिनके पुरुषार्थ के कारण भाजपा आज पूरी दुनिया में सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी के तौर पर उभरी है। आज भाजपा की सुदृढ़ एवं संपन्न स्थिति है, ये भाजपा के उन वरिष्ठ कार्यकताओं की कड़ी मेहनत एवं लगन का ही परिणाम हैं जिन्होंने दशकों से पार्टी की सेवा की है ।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य भारत को विकसित राष्ट्र बनाना हैः गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
विकसित भारत संकल्प यात्रा आज मंगलवार को फरीदाबाद की गांधी कॉलोनी तथा सेक्टर-21 स्थित कम्युनिटी सेंटर पहुंची, जहां शहरवासियों द्वारा इस यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने गांधी कॉलोनी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर बड़खल से विधायक सीमा त्रिखा भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने उपस्थित शहरवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी



के भारत को 2047 तक ह्यआत्मनिर्भर और विकसितह्न राष्ट्र बनाने के विजन को साकार करने की दिशा में विकसित भारत संकल्प यात्रा आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि ह्यआत्मनिर्भर और विकसितह्न भारत अभियान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का वह दूरदर्शी विजन है जिसके साकार होने से भारत वैश्विक स्तर पर एक मजबूत और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान कायम करेगा। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार गरीबों को मुफ्त राशन, फ्री ईलाज के लिए आयुष्मान कार्ड, गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान उपलब्ध करवाने के साथ-साथ अनेकों ऐसी योजनाएं गरीब कल्याण के लिए चलाई गई हैं, जिनका सीधा लाभ आज पात्र गरीब परिवारों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीब लोगों के जनधन योजना के तहत फ्री में खाते खुलवाए ताकि भ्रष्टाचार और बिचौलियों का अंत हो सके। उन्होंने कहा कि आज विभिन्न योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ लाभार्थियों के खातों में पहुंचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के समावेशी विकास की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के उत्थान और अंत्योदय को हासिल करने के लिए कई योजनाएं आरंभ की हैं और ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। आईटी का बड़े पैमाने पर प्रयोग करके व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है, जिससे भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार एवं क्षेत्रवाद पर अंकुश लगा है। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से सरकारी सेवाओं और योजनाओं को ऑनलाइन कर देने से इनका लाभ लोगों को घर-द्वार पर ही मिल रहा है। अब कोई गरीब का हक नहीं छीन सकता।
ह्यविकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादह्न कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर सहित सभी ने एक साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ ली कि ह्यभारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे।

# जनकल्याणकारी दिवस समारोह के रूप में मनाया गया मायावती का जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**
पानीपत में बहन कु. मायावती राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी व पूर्व मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश का 68 वां जन्मदिन जिलास्तर पर महर्षि वाल्मीकि मंदिर तहसील कैंप पानीपत मे मनाया गया। बहन कु. मायावती का जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस समारोह के रूप में मनाया गया। इस समारोह में सरदार सुमेर सिंह बसपा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। इस अवसर पर सरदार सुमेर सिंह ने कहा कि इस बार 2024 में बसपा अहम भूमिका निभाएगी और बसपा



के बिना केंद्र में भी किसी की सरकार नही बनेगी। मास्टर चाबी बसपा के हाथ में होगी। और बहन कु. मायावती देश की प्रधानमंत्री बनेगी। बहन कु. मायावती के जन्मदिन के अवसर पर उनके पार्टी पदाधिकारियों,कार्यकताओं व समर्थकों ने संकल्प लिया कि अबकी बार एकजुट होकर बसपा की सरकार बनाएंगे। इस समारोह की अध्यक्षता फूल कुमार जिलाध्यक्ष बसपा पानीपत ने की।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 17 जनवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

# 'अब अयोध्या की गलियों में दीपोत्सव होता है'

## 17 जनवरी को अयोध्या से हम एक नई वायु सेवा प्रारंभ करने जा रहे हैं: सीएम योगी

**लक्ष्य**

- सीएम योगी आदित्यनाथ ने 'डिवाइन अयोध्या' विषय पर आयोजित कॉन्क्लेव को संबोधित किया



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने** कहा कि 30 दिसंबर के बाद से अलग-अलग डेस्टिनेशन के लिए अयोध्या की कनेक्टिविटी बढ़ती जा रही है। 17 जनवरी को अयोध्या से हम एक नई वायु सेवा प्रारंभ करने जा रहे हैं। यानी अयोध्या अंतरराष्ट्रीय उड़ान भरने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 821 एकड़ लैंड एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को उपलब्ध करा चुकी है। इसके दृष्टिगत हम सारी औपचारिकताएं पूरी कर चुके हैं। आज अयोध्या केवल जनआस्था का केंद्र नहीं बल्कि लाखों लोगों के रोजगार का माध्यम बन रहा है। अब अयोध्या की गलियों में गोलियां नहीं चलती हैं बल्कि दीपोत्सव होता है। आज की अयोध्या कर्फ्यू के दौर से नहीं गुजर रही है बल्कि राम नाम के संकीर्तन की गूंज से गूंजायमान हो रही है। सीएम योगी ने गुरुवार को एक मीडिया संस्थान द्वारा होटल हयात में 'डिवाइन अयोध्या' विषय पर आयोजित कॉन्क्लेव को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि अयोध्या में होमस्टे शुरू करने के लिए अब तक 1000 लोगों ने आवेदन किया है। होमस्टे के कार्यक्रम के साथ लोगों के जुड़ने से एक तरफ जहां अतिथि देवो भवः का भाव व्यक्त होगा। वहीं दूसरी तरफ यह लोगों की आजीविका का माध्यम ही बनेगा। सीएम योगी ने कहा कि नव्य अयोध्या में लोगों की श्रद्धा और विश्वास का भी सम्मान होगा। पर्यटकों को भी उनकी रुचि के अनुरूप वहां का इंफ्रास्ट्रक्चर भी मिलेगा। साथ ही उन्हें वहां की पौराणिक और ऐतिहासिक परंपरा को देखने समझने और जानने का अवसर भी प्राप्त होगा। सीएम योगी ने कहा कि नई अयोध्या में नाविक, टैक्सी चालक, ई-रिक्शा चालक समेत हर तबके के व्यक्ति के लिए असीम संभावनाएं होंगी।

### '200 इलेक्ट्रिक बसें अयोध्या सिटी के लिए उपलब्ध'

अयोध्या को देश की पहली सोलर सिटी बनाने की दिशा में हमारी सरकार कदम आगे बढ़ा चुकी है। 200 इलेक्ट्रिक बसें अयोध्या सिटी के लिए उपलब्ध करवाई है। आने वाले समय में हम इसको 500 तक बढ़ाएंगे। अयोध्या के लिए और भी अनेक कार्यक्रमों को लेकर सरकार चल रही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के सांस्कृतिक उन्नयन के लिए हम लगातार कार्य कर रहे हैं। इसमें अयोध्या शोध संस्थान महत्तवपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### अयोध्या में इस्कॉन ने खोला भोजनालय व अस्पताल

**अयोध्या पूरी दुनिया में कृष्ण भक्ति की अलख जगाने वाली संस्था इस्कॉन ने प्राण** प्रतिष्ठा समारोह के दृष्टिगत अस्पताल और भोजनालय की स्थापना की है। इस्कॉन के बैनर तले विदेशी कलाकारों की टोली तुलसी उद्यान में रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेगी। एनआरआई अभिषेक अग्रवाल दुबई से इसी कारण अयोध्या में हैं। सुरपति दास एवं अग्रवाल बताते हैं कि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से समन्वय करके रानोपाली में भोजनालय और राम घाट चौराहे पर कार्यशाला के सामने अस्पताल स्थापित किया गया है।

# 550 सालों के संघर्ष बाद विशाल मंदिर तैयार

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह बहुत ही सौभाग्य की बात, कुछ लोग इसका विरोध कर रहे

**प्राण प्रतिष्ठा**

- कई अन्य धर्मगुरुओं ने भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जोरदार तरीके से समर्थन किया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्वाम्नाय** गोवर्धन मठ पुरी के शंकराचार्य स्वामी अधोकशजनानंद देवतीर्थ ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में मंदिर का गर्भगृह पूरा होने पर राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का समय बहुत ही शुभ है। कई अन्य धर्मगुरुओं ने भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जोरदार तरीके से समर्थन किया और कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ लोग इसे भी मुद्दा बना रहे हैं।

**मंदिर का विरोध करना गलत:** उन्होंने कहा कि गुजरात के सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 1951 में हुई थी तब उसका गर्भगृह भी पूरा नहीं हुआ था। दूधेश्वर मंदिर के महंत नारायण गिरि ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह बहुत ही सौभाग्य की बात है। कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं यह गलत है।

**सोमनाथ के पुनर्निर्माण में सरदार वल्लभभाई पटेल ने निभाई थी अहम भूमिका:** उन्होंने बताया कि सोमनाथ मंदिर के कलश और ध्वजा को उसकी प्राण प्रतिष्ठा के 14 सालों बाद स्थापित किया गया था। इस कार्यक्रम में तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद शामिल हुए थे और मंदिर का पुनर्निर्माण कराने में तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की अहम भूमिका थी। वहीं, देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का किसी को भी मुद्दा नहीं बनाना चाहिए। सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 1951 में हुई थी तो तब उसका गर्भगृह भी पूरा नहीं हुआ था। लेकिन अयोध्या मंदिर का गर्भगृह पूरा हो चुका है और उसका भूतल भी पूरा हो चुका है।

**गर्व से सनातनी की तरह रहते हैं पीएम मोदी:** उन्होंने कहा कि मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो गर्व से सनातनी की तरह रहते हैं। डिब्रूगढ़ में पूर्वाम्नाय गोवर्धन मठ पुरी के शंकराचार्य स्वामी अधोकशजनानंद देवतीर्थ ने कहा कि कुछ तत्वों ने अपने स्वार्थ के लिए हिंदू समाज को गुमराह करने की कोशिश की है।



पंजाब के सीएम भगवंत मान ने एशियाई और राष्ट्रीय खेलों के 168 पदक विजेताओं को दिए 33.83 करोड़ के नगद पुरस्कार।

## 'गुरु गोबिन्द सिंह का आध्यात्मिक संदेश विश्व कल्याण के लिए'

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
राज्यपाल ने प्रकाश पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह का महान व्यक्तित्व, उनके आध्यात्मिक संदेश हम सबकी भलाई और विश्व कल्याण के लिए है राज्यपाल ने लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने अपने संदेश में ने कहा कि हमारे देश, धर्म, संस्कृति और सभ्यता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। उनका जीवन लोगों की सेवा और सत्य, न्याय एवं करुणा के जीवन-मूल्यों के प्रति समर्पित रहा।

**जनमन** पीएम जनमन के वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा

# 'समाज के अंतिम व्यक्ति तक मिले योजनाओं का लाभ'



**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
**विशेष रूप से** कमजोर जनजाति समूहों पीव्हीजीटी के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पीएम जनमन के हितग्राहियों से चर्चा की। आज बलौदाबाजार भाटापारा जिले के कसडोल नगर में स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल के सभागार में पीएम जनमन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वर्चुअल कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा,जांजगीर चांपा लोकसभा सांसद गुहाराम अजगले,कसडोल विधायक संदीप साहू,जनपद पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीलूचंदन साहू,कलेक्टर चंदन कुमार, डीएफओ मयंक अग्रवाल कमार समाज जिला अध्यक्ष तीज राम कमार उपस्थिति रहे। प्रधानमंत्री श्री मोदी के उद्बोधन के पश्चात पीएम जनमन के तहत विभिन्न हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं- टीकाकरण, सुरक्षित प्रसव,आयुष्मान कार्ड, वन अधिकार पत्र, राशन कार्ड आजीविका के साधनों आदि के बारे में जानकारी दी गई और 1 हितग्राहियों को पक्के आवास के साथ ही विभिन्न सुविधाओं से लाभान्वित किया जाएगा। 22 हितग्राहियों को आयुष्मान भारत कार्ड,1 हितग्राहियों को पक्के आवास,6 किसानों को किसान सम्मान निधि,3 हितग्राहियों को राशन कार्ड,2 हितग्राहियों को कृषि उपकरण, 4हितग्राहियों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड,6 को उज्ज्वला सिलेंडर,25 को जाति प्रमाण पत्र सहित सहित जाति प्रमाण पत्रों का भी वितरण किया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा, जांजगीर चांपा सांसद गुहा राम अजगले द्वारा पीएम जनमन अंतर्गत दो मोबाईल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

